WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक
नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर...
2 | देश विदेश
4 | अभिव्यक्ति
10 | छत्तीसगढ़
11 | कारोबार

बिलासपुर, शनिवार, 18 जनवरी 2025 कृष्ण पक्ष-पंचमी, विक्रम संवत -2081 / वर्ष-10 अंक- 276 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए RNI NO.CHHHIN/2015/62431 रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

खुद को दुनिया का चौधरी समझने वाले देशों ने अपना एजेंडा तय कर लिया है। सबसे बड़े चाचा चौधरी अमेरिका की गिद्ध दृष्टि कनाडा पर गड़ी है। रूस एक बार फिर यूक्रेन को अपना हिस्सा बनाने के लिए लंबे अर्से से जंग लड़ रहा है। चीन भी ताइवान को हथियाने पर आमादा है। इजरायल भी फिलीस्तीन पर कब्जा करने पर आमादा है। ऐसे में भारत को भी मौके पर चौंका लगा देना चाहिए पीओके पर तिरंगा लहराने की कवायद तेज करने के साथ ही उसे लगे हाथ बांग्लादेश के दो टुकड़े करने के लिए कूटनीतिक प्रयास शुरू कर देना चाहिए।

किरण पुनः बने अध्यक्ष, भाजपा महामंत्री विनोद तावड़े ने की घोषणा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन सहित सभी ने दी बधाई

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा के मनोनीत अध्यक्ष किरण सिंहदेव को भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री और प्रदेश अध्यक्ष चुनाव प्रभारी विनोद तावड़े ने शुक्रवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पुनः निर्विरोध निर्वाचित घोषित ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

समय पर पूर्ण किया कार्य : देव

नव निर्वाचित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में कहा कि पिछली बार दायित्व मिलने के बाद ही लोकसभा चुनाव, रायपुर दक्षिण उपचुनाव, संगठन पर्व के तहत सदस्यता अभियान और संगठन के बूथ से लेकर जिला इकाइयों के चुनाव में सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों ने परिश्रम की पराकाष्ठा करके सारे संगठनात्मक कार्यक्रमों को समय पर पूर्ण किया और निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त किया। बूथ से लेकर जिला इकाइयों के गठन में कहीं कोई विवाद की स्थिति नहीं बनी। इसीलिए भाजपा पार्टी विथ डिफ्रेंस है। देव ने आगामी नगरीय निकाय और त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों की चर्चा करते हुए कहा कि ये चुनाव हमारे कार्यकर्ताओं को नेतृत्वकर्ता बनाने का चुनाव है, इसलिए इसी समन्वय के साथ काम करते हुए पंचायत से पार्लियामेंट तक भाजपा का परचम लहराने के लिए सभी कटिबद्ध हों। देव ने मार्गदर्शन हेतु राष्ट्रीय नेतृत्व, प्रदेश नेतृत्व व ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

संजय और बजरंग अग्रवाल के ठिकानों पर आईटी की दबिश

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में इनकम टैक्स ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए निर्माण कंपनी और रेलवे ठेकेदार के ठिकानों पर दबिश दी है। जानकारी के अनुसार, आरएसए इंफ्रा कंपनी (राधे श्याम अग्रवाल) के मालिक संजय अग्रवाल के अवंति विहार स्थित घर और ऑफिस समेत उनके भाई रेलवे ठेकेदार बजरंग अग्रवाल के अवंति विहार स्थित घर और ऑफिस पर आईटी की टीम ने दबिश दी है। बताया जा रहा है कि आईटी के दर्जनभर से अधिक अधिकारी छापामारा कार्रवाई में शामिल हैं।

साय कैबिनेट की बैठक रविवार को, ले सकते हैं बड़े फैसले

रायपुर/नवप्रदेश। नगरीय चुनाव की अब तब होने वाली घोषणा के बीच साय कैबिनेट की बैठक रविवार को होने जा रही है। कयास लगाए जा रहे हैं कि आचार संहिता का ऐलान से पहले यह कैबिनेट की आखिरी बैठक हो सकती है। इस लिहाज से इस बैठक में कई बड़े फैसले लिए जा सकते हैं। जानकारी के अनुसार, साय कैबिनेट की यह बैठक रविवार को सुबह साढ़े 11 बजे से मुख्यमंत्री निवास में होगी। इस बैठक में चुनाव के मद्देनजर कई अहम फैसले भी साय कैबिनेट ले सकती है। चुनाव आयोग नगरीय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर सभी जिलों के निर्वाचन पदाधिकारियों और पांच विभागों के प्रमुख सचिव और सचिवों के साथ बैठक कर रहा है। इसके साथ ही 18 जनवरी को इन चुनावों के लिए अंतिम मतदाता सूची जारी कर रहा है। माना जा रहा है कि चुनाव की घोषणा 20 जनवरी को हो सकती है।

महिलाओं को हर महीने 2500, गैस सिलेंडर पर 500 रुपये सब्सिडी

नई दिल्ली(ए.)। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा के अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संकल्प पत्र (घोषणा पत्र) जारी कर दिया है। उन्होंने दिल्ली वासियों से वादा कि दिल्ली में जन कल्याण की चल रहीं वर्तमान योजनाएं उनकी सरकार (भाजपा) बनने के बाद भी जारी रहेंगी। योजनाओं से जुड़ी सुविधाओं को मजबूत और उनमें सुधार किया जाएगा। उनको भ्रष्टाचार मुक्त भी किया जाएगा। भाजपा अपना संकल्प पत्र तीन चरणों में लागू करेगी। यह इसका पहला हिस्सा है।भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार के मोहल्ला क्लीनिक को फर्जी स्वास्थ्य सेवा करार दिया। उन्होंने कहा कि मोहल्ला क्लीनिक में फर्जीवाड़ा हुआ है और 300 करोड रुपये का घोटाला हुआ है। भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में महिला समृद्धि योजना के तहत प्रति महीने महिलाओं को 2500 रुपये देने का वादा किया है।

लॉस एंजिल्स में जंगल की आग से 27 की मौत

लॉस एंजिलिस (वार्ता)। अमेरिका के दक्षिणी कैलिफोर्निया के लॉस एंजिलिस क्षेत्र में लगी भीषण जंगल की आग से एक सप्ताह से अधिक समय में कम से कम 27 लोगों की मौत हो गयी है और 12,300 से अधिक संरचनाएं नष्ट हो गयी है। स्थानीय अधिकारियों ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की। लॉस एंजिल्स में दो प्रमुख जंगल की आग पर काबू पाने के लिए अग्निशमन कर्मियों ने क्षेत्र में हवाएं धीमी हो जाने से गुरुवार को भी प्रयास जारी रखे। पालिसैड्स फायर लॉस एंजिल्स क्षेत्र में सबसे बड़ी सक्रिय जंगल की आग में से एक है जिससे अब तक 23,713 एकड़ में स्थित क्षेत्र झुलस गया है। गत सात जनवरी को लगी आग पर 22 प्रतिशत काबू पा लिया गया है। यह एक दिन पहले 17 प्रतिशत थी।

बेहतरीन और भविष्योन्मुख है भारतीय ऑटो उद्योग: मोदी

नयी दिल्ली (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय ऑटोमोबाइल उद्योग को बेहतरीन और भविष्योन्मुख बताते हुए शुक्रवार को कहा कि कई कारक हैं, जो ऑटो क्षेत्र को गति देने का काम कर रहे हैं। मोदी ने यहां भारतमंडपम में 'भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो का शुभारंभ करते हुए कहा कि हम एक ऐसी गतिशीलता प्रणाली पर काम कर रहे हैं, जो अर्थव्यवस्था और पारिस्थितिकी का समर्थन कर सके। उन्होंने कहा कि ऑटो सेक्टर के विकास के लिए आवश्यकता और आकांक्षा दोनों की आवश्यकता होती है। भारत में दोनों ही जीवंत हैं। आने वाले कई दशकों तक भारत दुनिया का सबसे युवा देश बनने जा रहा है। यही युवा आपके ग्राहक हैं, क्योंकि वे बहुत बड़ी मांग पैदा करते हैं। आपका दूसरा ग्राहक मध्यम वर्ग है। एक ऐसी प्रणाली की जरूरत है, जो जीवाश्म ईंधन के आयात पर हमारे बिल को कम कर सकती है इसलिए, आज भारत हरित प्रौद्योगिकी, ईवी, हाइड्रोजन ईंधन और जैव ईंधन के विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। मोदी ने कहा कि विकसित भारत की यात्रा, मोबिलिटी सेक्टर के भी अभूतपूर्व ट्रांसफॉर्मेशन की, कई गुना विस्तार की यात्रा होने वाली है। गतिशीलता को बढ़ावा देने वाले कई कारक हैं, जैसे युवाओं की आबादी। मध्यम वर्ग में लगातार वृद्धि। शहरीकरण में वृद्धि। आधुनिक बुनियादी ढाँचा। मेक इन इंडिया के जरिए किफायती वाहन।

उन्होंने कहा कि ऑटो उद्योग के विकास में मेक इन इंडिया पहल ने बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। मेक इन इंडिया पहल को पीएलआई योजना से बढ़ावा मिला है। इस योजना ने 2.25 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बिक्री में मदद की है। इस योजना ने ऑटो सेक्टर में 1.5 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित किए हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यात्रा को आसान बनाना भारत की बड़ी प्राथमिकता है। पिछले बजट में अवसंरचना के विकास के लिए 11 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का प्रावधान किया गया था। आज हम मल्टी लेन और हाईवे का जाल बिछा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मोबिलिटी से जुड़े 7सी के तहत हमारे मोबिलिटी सॉल्यूशन ऐसे हों, जो कमान,कनेक्टेड, कन्वेनिएंट, कन्जेशन मुक्त, चाज्र्ड, क्लीन ओर कटिंग ऐज होनी चाहिए। ऐसी टेक्नोलॉजी के विकास पर हमारा काफी फोकस है। ऑटोमोटिव उद्योग इनोवेशन ड्राइवन और टेक्नोलॉजी ड्राइवन भी है। इनोवेशन हो, टेक हो और स्किल हो या फिर मांग हो। आने वाला समय पूर्व का है, एशिया का है, भारत का है।

बीजापुर पुलिस-नक्सली मुठभेड़ हथियारों का जखीरा बरामद

बीजापुर/नवप्रदेश। बासागुड़ा-उसूर एरिया पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में जवानों ने 12 नक्सली को ढेर किया है. मौके से नक्सलियों के शव और बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किए गए हैं। मारे गए नक्सलियों के शवों को नम्बी सीआरपीएफ कैंप में रखा गया है। शवों के शिनाख्त की कार्रवाई जारी है।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार, गुरुवार को दक्षिण बस्तर डिवीजन पामेड़-बासागुड़ा-उसूर एरिया में पीएलजी बटालियन नम्बर 1 और सीआरसी (सेंट्रल रीजनल कमेटी) कंपनी के साथ पुलिस की बड़ी मुठभेड़ हुई। जिसमें मारे गए नक्सलियों की कार्रवाई जारी है। इलाके में सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

बीजापुर क्षेत्रान्तर्गत साउथ बस्तर एरिया के जंगलों में माओवादियों की उपस्थिति की सूचना पर डीआरजी बीजापुर, डीआरजी सुकमा, डीआरजी दंतेवाड़ा, कोबरा 204, 205, 206, 208, 210 और केरिपु 229 बटालियन की संयुक्त टीम माओवादी विरोधी अभियान पर निकली थी। अभियान के दौरान आज 16 जनवरी की सुबह 09.00 बजे से सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच रुक-रुक कर कई बार मुठभेड़ हुई । मुठभेड़ में नक्सलियों को भारी नुकसान होने के संभावना है। फिलहाल, घटना स्थल पर सर्च अभियान जारी है।

आईईडी ब्लास्ट, दो जवान घायल

नक्सल प्रभावित क्षेत्र नारायणपुर से बड़ी खबर निकलकर आ रही है। नक्सलियों ने फिर से कायराना हरकत करते हुए आईईडी ब्लास्ट किया है। जिसकी चपेट में आने से दो जवान घायल हो गए हैं। घायलों को इलाज के लिए मुख्यालय लाया जा रहा है. घटना गारपा गांव की है।

जानकारी के अनुसार, जवान रोड ओपनिंग पार्टी में शामिल थे. इस दौरान नक्सलियों द्वारा प्लांट किए गए आईईडी की चपेट में आने से दो जवान घायल हो गए। एसपी प्रभात कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

इमरान खान और बुशरा बीबी दोषी करार

पूर्व पीएम को 14 तो पत्नी को सात साल की जेल

इस्लामाबाद (ए.)। अल-कादिर ट्रस्ट में मामले में अदालत ने पूर्व पीएम इमरान खान को 14 साल की जेल की सजा सुनाई है। जबकि उनकी पत्नी बुशरा बीबी को सात साल की सजा सुनाई गई है। इमरान खान पर 10 लाख रुपये और उनकी पत्नी पर पांच लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

पाकिस्तान की भ्रष्टाचार रोधी अदालत ने भ्रष्टाचार मामले में पूर्व पीएम इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को दोषी करार दिया है। पूर्व पीएम इमरान खान को 14 साल की जेल की सजा सुनाई गई है। जबकि उनकी पत्नी बुशरा बीबी को सात साल की सजा सुनाई गई है। इमरान खान पर 10 लाख रुपये और उनकी पत्नी पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। अगर वे दोनों जुर्माना नहीं भर पाते हैं तो पूर्व प्रधानमंत्री को छह महीने और बुशरा को तीन महीने की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। यह फैसला भ्रष्टाचार रोधी अदालत के न्यायाधीश नासिर जावेद राणा ने अल-कादिर ट्रस्ट में करीब 50 अरब पाकिस्तानी रुपये के भ्रष्टाचार मामले में भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी एनएबी की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुनाया। कोर्ट में सुनवाई के दौरान अभियोजक जनरल सरदार मुजफ्फर अब्बासी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जवाबदेही ब्यूरो (एनएबी) की टीम मौजूद रही। इसके अलावा जेल में पूर्व पीएम इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबर, पीटीआई की बैरिस्टर गौहर खान, शोएब शाहीन, सलमान अकरम राजा और अन्य वकील मौजूद थे। इस्लामाबाद की भ्रष्टाचार रोधी अदालत के जज नासिर जावेद राणा ने 18 दिसंबर को ही इस मामले पर सुनवाई पूरी कर ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

राष्ट्रपति मुर्मु ने गुकेश सहित चार खिलाड़ियों को खेल रत्न पुरस्कार से किया सम्मानित

नयी दिल्ली (वार्ता)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को विश्व शतरंज चैंपियनशिप विजेता ग्रैंडमास्टर डी गुकेश और पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली महिला निशानेबाज मनु भाकर सहित चार खिलाडिय़ों को खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में मुर्मु ने विभिन्न स्पर्धाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाडिय़ों को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न, अर्जुन और द्रोणाचार्य पुरस्कारों से सम्मानित किया। सबसे पहले शतरंज में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया। इसके बाद ओलिंपिक में दो पदक जीतने वाली महिला निशानेबाज मनु भाकर, हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह और पैरा एथलीट प्रवीण कुमार को मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार से सम्मानित किया।

इसके अलावा राष्ट्रपति ने अन्नू रानी को एथलेटिक्स, स्वीटी को मुक्केबाजी, वंतिका अग्रवाल को शतरंज, सलीमा टेटे, अभिषेक ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

आयुष्मान भारतः सुको ने केंद्र-दिल्ली सरकार के बीच करार पर लगाई रोक

नयी दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने 'प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) योजना को लागू करने के लिए केंद्र सरकार के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करने का दिल्ली सरकार को निर्देश देने वाले दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश पर शुक्रवार को रोक लगा दी। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने दिल्ली सरकार की ओर से दायर याचिका पर रोक संबंधी यह आदेश पारित किया। पीठ ने इस मामले में केंद्र सरकार को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया।

दिल्ली के सभी सात भारतीय जनता पार्टी के सांसदों ने आयुष्मान भारत योजना के कार्यान्वयन के लिए निर्देश देने की मांग करते हुए उच्च न्यायालय में याचिका दायर की थी।

सरकार बनने पर छात्रों को बसों में मुफ्त सफर और मेट्रो में रियायत मिलेगीः केजरीवाल

नयी दिल्ली (वार्ता)। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली में उनकी पार्टी की सरकार बनने पर महिलाओं के साथ-साथ सभी छात्रों का भी बस में सफर बिल्कुल मुफ्त होगा और मेट्रो के किराये में भी उन्हें रियायत दी जाएगी। केजरीवाल ने कहा कि सभी जानते हैं कि आम आदमी पार्टी की सरकार सबसे ज्यादा शिक्षा को तवज्जो देती है, क्योंकि पढ़ेंगे, तभी देश आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि ऐसे बहुत गरीब बच्चे हैं, जिनकी स्कूल और कॉलेज जाने के लिए पैसे नहीं होने के कारण शिक्षा छूट जाती है। एक सबसे बड़ा एलान कर रहा हूं कि आम आदमी पार्टी की सरकार बनने पर छात्रों को भी बस में मुफ्त सफर की सुविधा दी जाएगी। महिलाओं के लिए पहले से ही बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा है।

गरमा-गरम

त्रि स्तरीय निर्वाचन 2025...

नपा और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों के संबंध में उच्चस्तरीय बैठक

चुनाव से बोर्ड एग्जाम में व्यवधान उत्पन्न न हो : अजय सिंह

रायपुर/नवप्रदेश। आगामी त्रिस्तरीय पंचायत और नगर पालिकाओं के आम चुनावों की सुचारू और पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नवा रायपुर स्थित अपने कार्यालय में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने की, जबकि प्रभारी मुख्य सचिव रेनू पिल्लई विशेष रूप से उपस्थित रही।

राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने बैठक के बाद बताया कि प्रदेश के मुख्य सचिव, गृह सचिव, डीजीपी, आईजी, एसपी और कलेक्टर कमिश्नर की बैठक बुलाई थी। वोटर लिस्ट का अंतिम प्रकाशन की समीक्षा की गई है। चुनाव कितने चरणों में किया जाए फोर्स की दृष्टि से इस विषय पर जिलों से फीडबैक मांगा गया है। उन्होंने कहा कि 1 मार्च से बोर्ड एग्जाम शुरू होने वाला है हमारा यह प्रयास रहेगा बोर्ड एग्जाम में किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो। टीचर और छात्रों के लिए समय पर एग्जाम होना बहुत महत्वपूर्ण है।

बैठक में प्रशासनिक और कानूनी तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, उप पुलिस महानिदेशक अमित कुमार,आबकारी विभाग के सचिव सह आयुक्त श्यामलाल धावड़े, परिवहन विभाग के सचिव सह आयुक्त एस प्रकाश, पुलिस विभाग के नोडल अधिकारी ओ.पी पाल, निर्वाचन आयोग के सचिव डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे एवं उप सचिव ने भाग लिया। राज्य के सभी संभागों के आयुक्त और पुलिस महानिरीक्षक तथा सभी जिलों के कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थिति रहे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और व्यवस्थित बनाना था। राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि चुनाव से संबंधित सभी तैयारियों को समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाए। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को बूथ स्तर पर व्यवस्था मजबूत करने, ◘ शेष पृष्ठ 6 पर

न्यूज गैलरी

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश को आगे बढ़ाने और अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने का काम जारी

शहडोल /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में देश को आगे बढ़ाने और अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रत्येक स्तर पर गतिविधियां जारी हैं। राज्य की अर्थव्यवस्था को दोगुना करने के लक्ष्य पर संकल्पित भाव के साथ कार्य किया जा रहा है। इस क्रम में आरंभ की गई शहडोल रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव में क्षेत्रीय अगली कड़ी के रूप में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार पर उद्योग समूह और निवेशकों के साथ संवाद होगा। शहडोल संभाग के तीनों जिलों शहडोल, अनूपपुर और उमरिया के लिए प्राप्त हुए नए निवेश के प्रस्ताव उत्साहवर्धक हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में पर्यटन, स्वास्थ्य, खनन, भारी उद्योग, लघु एवं मध्यम उद्योग सहित सभी सेक्टर में निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो रहे हैं। पिछली इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव में जो एमओयू हुए थे उन पर सभी आवश्यक कार्यवाही कर ली गई है। यह सुखद है कि इस आरआईसी में उन उद्योगों के अंतर्गत उद्योगों के भूमि-पूजन और लोकार्पण भी आज किये जा रहे है। इससे प्रदेश में औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार के साथ ही युवाओं को रोजगार के भी पर्याप्त अवसर प्राप्त होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शहडोल में रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव के लिए भोपाल से प्रस्थान करने से पहले मीडिया के लिए जारी संदेश में यह विचार व्यक्त किए।

एक्टिव केस फाइंडिंग कैंपेन अंतर्गत वृद्ध आश्रमों में हुए स्वास्थ्य शिविर

भोपाल/नवप्रदेश। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय भोपाल द्वारा वृद्ध आश्रमों में क्षय रोग स्क्रीनिंग एवं असंचारी रोगों की जांच के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किये गए। साल 2025 तक क्षय उन्मूलन हेतु, एक्टिव केस फाइंडिंग कैंपेन अंतर्गत टीबी के लक्षण दिखने, पूर्व में टीबी होने अथवा टीबी मरीज के संपर्क में आने वाले व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गई। यशोदा वृद्ध आश्रम प्रियदर्शनी नगर, अपना घर वृद्ध आश्रम रोहित नगर, कमल बसंत वृद्ध आश्रम कोलार रोड, आनंद धामवृद्ध आश्रम शिवाजी नगर, अपना घर वृद्ध आश्रम इंद्रपुरी, आसरा वृद्ध आश्रम शाहजहानाबाद, न्यू प्रताप शिक्षा समिति अवधपुरी में आयोजित शिविरों में 287 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इनमें से 227 लोगों की जांच हेतु सेंपलिंग की गई। स्वास्थ्य शिविरों में टीबी स्क्रीनिंग के साथ-साथ उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह की जांच की गई। मरीजों के नियमित फॉलोअप, दवाइयां एवं उपचार के लिए वृद्ध आश्रमों को नजदीकी स्वास्थ्य संस्थानों के साथ टैग किया गया है। शिविरों में आयुष्मान कार्ड एवं आभा आईडी भी बनाए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ. प्रभाकर तिवारी ने बताया कि प्रधानमंत्री जी के आह्वान पर वर्ष 2025 तक भारत से टीबी का उन्मूलन किया जाना है।

बूस्टर लॉन्चपैड पर वापस आया; लेकिन स्पेसशिप में ऑक्सीजन लीक, आसमान में ही ब्लास्ट हुआ

मस्क के स्टारशिप की 7वीं टेस्टिंग पूरी तरह कामयाब नहीं

टेक्सास। स्टारशिप के बूस्टर को लॉन्च पैड ने सफलतापूर्वक कैच किया। ऐसा करने से बूस्टर को दोबारा उपयोग किया जा सकता है। इससे मिशन का खर्च कम होता है। दुनिया के सबसे ताकतवर रॉकेट स्टारशिप का सातवां टेस्ट पूरी तरह कामयाब नहीं रहा। भारतीय समयानुसार 17 जनवरी को सुबह 4.00 बजे टेक्सास के बोका चिका से रॉकेट लॉन्च किया गया। लॉन्चिंग के 8 मिनट बाद बूस्टर (निचला हिस्सा) अलग होकर वापस लॉन्च पैड पर आ गया। शिप (ऊपरी हिस्सा) में ऑक्सीजन लीक होने से ब्लास्ट हो गया। स्टारशिप स्पेसक्राफ्ट और सुपर हैवी रॉकेट को कलेक्टिवली स्टारशिप कहा जाता है। स्टारशिप में 6 रैप्टर इंजन लगे हैं। स्टारशिप का छठा टेस्ट 20 नवंबर 2024 को सुबह 03.30 बजे टेक्सास के बोका चिका से किया गया था। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी टेस्ट देखने के लिए स्टारबेस पहुंचे थे।इस टेस्ट में बूस्टर को लॉन्च करने के बाद वापस लॉन्चपैड पर कैच किया जाना था, लेकिन सभी पैरामीटर ठीक नहीं होने के कारण इसे पानी में लैंड कराने का फैसला लिया गया।वहीं स्टारशिप के इंजन को स्पेस में फिर से चालू किया गया। इसके बाद हिंद महासागर में लैंडिंग हुई। 20

नवंबर 2024 को स्टारशिप की छठवीं लॉन्चिंग की गई थी। तब अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी टेस्ट देखने के लिए स्टारबेस पहुंचे थे। स्पेसएक्स के मालिक इलॉन मस्क ने उन्हें रिसीव किया था।

20 नवंबर 2024 को स्टारशिप की छठवीं लॉन्चिंग की गई थी। तब अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प भी टेस्ट देखने के लिए स्टारबेस पहुंचे थे। स्पेसएक्स के मालिक इलॉन मस्क ने उन्हें रिसीव किया था।

स्टारशिप को छठे फ्लाइट टेस्ट के लिए भारतीय समय के अनुसार 20 नवंबर को सुबह 03.30 बजे लॉन्च किया गया था।स्टारशिप को छठे फ्लाइट टेस्ट के लिए भारतीय समय के अनुसार 20 नवंबर को सुबह 03.30 बजे लॉन्च किया गया था। स्टारशिप जब पृथ्वी से करीब 50 किलोमीटर ऊपर था तब उसकी रफ्तार 14,000 किलोमीटर प्रति घंटे के करीब थी और तापमान भी करीब 1,430°C तक पहुंच गया था।स्टारशिप जब पृथ्वी से करीब 50 किलोमीटर ऊपर था तब उसकी रफ्तार 14,000 किलोमीटर प्रति घंटे के करीब थी और तापमान भी करीब 1,430°C तक पहुंच गया था।सुपर हेवी बूस्टर की तरह स्टारशिप की भी पानी में कंट्रोल्ड लैंडिंग कराई गई। इसे हिंद महासागर में लैंड कराया गया।सुपर हेवी बूस्टर की तरह स्टारशिप की भी पानी में कंट्रोल्ड लैंडिंग कराई गई। इसे हिंद महासागर में लैंड कराया गया। पांचवां टेस्ट- पहली बार बूस्टर को लॉन्चपैड पर कैच किया था स्टारशिप का पांचवां टेस्ट 13 अक्टूबर 2024 को किया गया था। इस टेस्ट में पृथ्वी से 96किमी ऊपर भेजे गए सुपर हैवी बूस्टर को लॉन्चपैड पर वापस लाया गया।

हमलावर ने छह बार चाकू से वार किया

महाराष्ट्र के मंत्री बोले- सैफ को खतरा नहीं था, सुरक्षा भी नहीं मांगी

मुंबई(ए.)। सैफ अली खान पर उनके बांद्रा स्थित घर पर हमला हुआ था। उन पर हमलावर ने छह बार चाकू से वार किया। महाराष्ट्र सरकार के गृह राज्य मंत्री ने योगेश कदम ने कहा कि सैफ अली खान को कोई खतरा नहीं था। उन्होंने कभी सुरक्षा की मांग भी नहीं की। उन्होंने कहा कि हमले में किसी अंडरवर्ल्ड के गैंग का हाथ नहीं है। बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हुए हमले को लेकर महाराष्ट्र सरकार के गृह राज्य मंत्री ने बड़ा बयान दिया है।

मंत्री योगेश कदम ने कहा कि सैफ अली खान को कोई खतरा नहीं था। उन्होंने कभी सुरक्षा की मांग भी नहीं की। उन्होंने कहा कि हमले में किसी अंडरवर्ल्ड के गैंग का हाथ नहीं है। महाराष्ट्र के गृह राज्य मंत्री (शहरी) योगेश कदम ने कहा कि सैफ अली खान पर हुए हमले का मकसद सिर्फ चोरी ही था। इसका कोई अन्य पहलू नहीं है। मुंबई पुलिस ने एक युवक को

हिरासत में लिया है। सीसीटीवी में अपार्टमेंट की सीढ़ियों से उतरते वक्त नजर आए संदिग्ध से उसके चेहरे का मिलान हुआ है। हिरासत में लिए गए युवक का आपराधिक इतिहास भी रहा है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। हमले में किसी गैंग की संलिप्तता पर मंत्री ने कहा कि प्रारंभिक जांच में कोई अन्य पहलू नजर नहीं आया है। इसलिए घटना के पीछे का मकसद सिर्फ चोरी ही नजर आ रहा है।सैफ पर हमले के बाद विपक्ष ने महाराष्ट्र सरकार को घेरा। महाराष्ट्र के मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले इसका जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि सैफ पर हमले के बाद राज्य सरकार और पुलिस ने तत्काल कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि मुंबई देश का सबसे सुरक्षित शहर है। नागपुर में महाराष्ट्र सरकार के मंत्री बावनकुले ने कहा कि सरकार ने घटना को गंभीरता से लिया।उन्होंने कहा कि हमने देखा कि तत्कालीन सरकार ने उद्योगपति मुकेश अंबानी के एंटीलिया आवास के पास हुई घटना पर कैसे प्रतिक्रिया दी थी। हम इन घटनाओं की तुलना नहीं करना चाहते हैं। लेकिन मुंबई एक सुरक्षित जगह और देश का सबसे सुरक्षित शहर है। मुंबई और महाराष्ट्र पुलिस सतर्क हैं और यह महत्वपूर्ण है कि जब ऐसी घटनाएं होती हैं तो वे कैसे प्रतिक्रिया देते हैं। हमारे गृह मंत्री उचित कार्रवाई कर रहे हैं।बावनकुले ने कहा कि जिलों में संरक्षक मंत्रियों को नियुक्त करने का निर्णय दो से तीन दिनों में किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री माझी लाडकी बहन योजना की किश्तें 26 जनवरी से पहले वितरित की जाएंगी। सैफ अली खान पर उनके बांद्रा स्थित घर पर हमला हुआ था। उन पर हमलावर ने छह बार चाकू से वार किया। एक्टर की गर्दन और रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट आई है। उनका सफल ऑपरेशन हो चुका है। अभिनेता लीलावती अस्पताल में भर्ती हैं। सैफ खतरे से बाहर हैं। उनको नॉर्मल वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है।

मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी प्रदेश में ई-ऑफिस लागू करने वाली पहली कंपनी

भोपाल/नवप्रदेश। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने समूचे कंपनी कार्यक्षेत्र के अंतर्गत कॉर्पोरेट से लेकर मैदानी दफ्तरों में ई-ऑफिस प्रणाली से काम करना पांच वर्ष पूर्व शुरू किया था। अब ई ऑफिस प्रणाली की सफलता के पांच वर्ष पूर्ण हो गए हैं। ई-ऑफिस प्रणाली से उपभोक्ताओं के कार्य जल्दी निपट रहे हैं और कार्यालयीन कार्य में समय की बचत हो रही है। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा दो दर्जन से भी अधिक आईटी के ऐसे अनुप्रयोग लागू किये हैं जो कि देश के पॉवर सेक्टर में एक मिसाल हैं।

कंपनी द्वारा बनाए गए ई-अनुप्रयोगों में उच्चदाब से लेकर निम्नदाब, कृषि उपभोक्ता, गैर घरेलू उपभोक्ता एवं अन्य श्रेणी के सभी उपभोक्ताओं को लाभ मिल रहा है।कंपनी ने उपभोक्ताओं को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन बिल भुगतान, बिजली कनेक्शन, शिकायत एवं समाधान के लिए सरल संयोजन पोर्टल, (पीओएस) मशीन, इंस्टेन्ट बिलिंग सिस्टम, क्वालिटी कंट्रोल पोर्टल, क्लिक एप, मेन्टीनेन्स एप,सेल्फ मीटर रीडिंग, क?यूआर कोड से भुगतान, नाम परिवर्तन, लोड बढाने का आवेदन, चैटबॉट सुविधा, ई-

केवायसी, बिजली चोरी की आनलाइन गु?त सूचना की सुविधा के लिये इनफार्मर स?कीम एवं इन्टरप्राईसेस रिसॉर्सेस प्लानिंग जैसे अनेक अनुप्रयोग लागू किए हैं। इसका उपभोक्ता और कंपनी को निरन्तर लाभ मिल रहा है।मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने कहा कि राज?य शासन के निर्देशानुसार मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के ऑफिस की कार्यप्रणाली को परम्परागत फाइल वर्क्स से ई-ऑफिस प्रणाली की तरफ समग्र रूप से शिफ्ट कर दिया गया है। कंपनी के आईटी विभाग और नेशनल इंफॉरमेटिक्स सेन्टर की सहायता से ई-ऑफिस प्रणाली सफलतापूर्वक कार्य कर रही है। कॉर्पोरेट कार्यालय के सभी अनुभागों सहित क्षेत्रीय, वृत्त,संभाग आदि कार्यालयों द्वारा ई-ऑफिस से कार्य संपादित किये जा रहे हैं।

राष्ट्रीय पशुधन मिशन में मध्यप्रदेश बना बैस्ट परफार्मिंग स्टेट

भोपाल/नवप्रदेश। केन्द्र सरकार द्वारा राष्ट्रीय पशुधन मिशन के अंतर्गत उद्यमिता विकास कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग को उत्कृष्ट कार्य के लिए बैस्ट परफॉर्मिंग स्टेट का पुरस्कार प्रदान किया गया है। पशुपालन एवं डेयरी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल ने इस उपलब्धि के लिए सभी संबंधितों को बधाई दी और आशा व्यक्ति की है कि भविष्य में भी योजनाओं के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश अव्वल रहेगा।केन्द्रीय पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह ने पुणे (महाराष्ट्र) में आयोजित एक दिवसीय उद्यमिता विकास कॉन्क्लेव में यह पुरस्कार मध्यप्रदेश के दल को प्रदान किया। प्रदेश से योजना के नोडल अधिकारी डॉ. भगवान मधनानी, डॉ. शिवदत्त श्रीवास्तव और डॉ. प्रखर भार्गव, उप संचालक ने पुरस्कार प्राप्त किया। केन्द्रीय सचिव, पशुपालन एवं डेयरी अल्का उपाध्याय, पशुपालन आयुक्त डॉ अभीजीत मिश्रा तथा डॉ. पी.एस. पटेल संचालक पशुपालन एवं डेयरी द्वारा भी इस उपलब्धि के लिए प्रदेश के अधिकारियों को बधाई दी गई है।राष्ट्रीय पशुधन मिशन उद्यमिता विकास कार्यक्रम अंतर्गत मध्यप्रदेश में अभी तक 4800 से अधिक आवेदन ऑनलाइन प्राप्त हो चुके हैं, जिनमें से 530 प्रकरणों में राशि 387.23 करोड़ रूपये बैंकों से स्वीकृत होकर केन्द्र सरकार द्वारा 450 प्रकरणों में 155.36 करोड़ रूपये स्वीकृत किये जा चुके हैं। स्वीकृत प्रकरणों में लगभग 250 उद्यमियों को प्रथम किश्त और 32 को द्वितीय किश्त की अनुदान राशि स्वीकृत होकर प्राप्त हो चुकी है जो राष्ट्रीय स्तर पर सर्वाधिक है। कॉनक्लेव में पशुपालन के क्षेत्र में उद्यमिता को बढ़ावा देने और केन्द्रीय उद्यमिता विकास योजनाओं राष्ट्रीय पशुधन मिशन-उद्यमिता विकास कार्यक्रम और पशुपालन अधोसंरचना विकास निधि अंतर्गत लाभांवित उद्यमियों में से उत्कृष्ट कार्य करने वाली इकाईयों को भी पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय पशुधन मिशन के अंतर्गत उद्यमिता विकास कार्यकम में उत्कृष्ट कार्य करने वाले मध्यप्रदेश के जीत सिंह सिसोदिया (भोपाल) तथा नवनीत जैन (हरदा) को चारा उत्पादन हेतु, शोभा दांगी (राजगढ़) तथा निमिश चावड़ा (शाजापुर) को बकरी पालन तथा यशपाल खन्ना (कटनी) को मुर्गी पालन अंतर्गत उत्कृष्ट उद्यमी के रूप में सम्मानित किया गया।

विजय की पार्टी टीवीके ने भी किया इरोड उपचुनाव के बहिष्कार का एलान

चेन्नई (ए.)। टीवीके के महासचिव एन आनंद ने कहा कि इतिहास रहा है कि तमिलनाडु में आमतौर पर सत्तारूढ़ सरकार लोकतांत्रिक सिद्धांतों का पालन किए बिना उपचुनाव जीतने के लिए पूरी ताकत का इस्तेमाल करती है। इसलिए टीवीके विक्रवंडी उपचुनाव की तरह इरोड (पूर्व) उपचुनाव का बहिष्कार करेगी। दक्षिण फिल्मों के अभिनेता विजय की राजनीतिक पार्टी तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) ने भी इरोड पूर्व विधानसभा उपचुनाव का बहिष्कार करने का एलान किया है। इससे पहले एआईएडीएमके और डीएमडीके उपचुनाव का बहिष्कार करने की घोषणा कर चुकी है।

वन विहार राष्ट्रीय उद्यान-जू में मैं भी बाघ'' और हम हैं बदलाव'' थीम पर अनुभूति

भोपाल/नवप्रदेश। वन विभाग द्वारा स्कूली विद्यार्थियों को वन, वन्य-जीव एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिये गुरुवार को अनुभूति कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश ईको पर्यटन विकास बोर्ड के समन्वय से मैं भी बाघ'' और हम हैं बदलाव'' थीम पर शिविर आयोजित हुआ। इसमें शासकीय नवीन कन्या विद्यालय, तुलसी नगर, भोपाल की 99 छात्राओं, 3 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सहभागिता की। शिविर में शामिल हुई छात्राओं को अनुभूति बुक, अनुभूति बैग, कैप, ब्रोशर दिये गये। जलीय पक्षी, स्थलीय पक्षी, तितली प्रजाति और गिद्ध कुंजी के ब्रोशर भी दिये गये। छात्राओं को मास्टर ट्रेनर एवं नवीन प्रेरकों द्वारा पक्षी दर्शन, वन्य-जीव दर्शन, प्रकृति पथ-भ्रमण और वानिकीय गतिविधियों के साथ फूड चैन की जानकारी दी गयी। छात्राओं ने फूड बैग, फूड चैन जैसे खेलों से वन, वन्य-जीव और पर्यावरण से संबंधित रोचक गतिविधियों से अवगत कराया। शिविर में छात्राओं को बाघ पर आधारित फिल्म दिखायी गयी। फिल्म के माध्यम से बताया गया कि बाघ हमारे जीवन में कितने महत्वपूर्ण हैं। शिविर में छात्राओं को वन विहार में उपलब्ध रेस्क्यू वाहन के माध्यम से रेस्क्यू टीम द्वारा वन्य-जीवों को रेस्क्यू करने की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। अनुभूति कार्यक्रम के ट्रेनर के रूप में सेवानिवृत्त उप वन संरक्षक डॉ. एस.आर. वाघमारे और वन विहार के बॉयोलॉजिस्ट विजय बाबू नंदवंशी ने छात्राओं को वन एवं वन्य-जीव के बारे में विस्तृत जानकारी दी। अनुभूति कार्यक्रम में शामिल छात्राओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति शपथ दिलायी गयी। पुरस्कार तथा प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये। जनवरी माह में ही 23 तारीख को अगला अनुभूति'' कार्यक्रम आयोजित होगा। इस अवसर पर वन विहार के संचालक मीना अवधेश कुमार शिवकुमार, सहायक संचालक सुनील कुमार सिन्हा, एसीएफ संदीप महेश्वरी और मध्यप्रदेश पर्यटन विकास बोर्ड के अधिकारी भी उपस्थित थे।

ठाणे में अश्लील हरकतों पर 40 पर मामला दर्ज

मुंबई(ए.)। अधिकारी ने नाबालिग के माता-पिता की शिकायत का हवाला देते हुए कहा कि शिक्षक सैफ इकबाल अंसारी ने कथित तौर पर उस बच्चे को पीटा, जब वह किताब लेने के लिए अपने सहपाठी के पास गया था। ठाणे की एक विशेष पॉक्सो अदालत ने एक 31 वर्षीय व्यक्ति को एक किशोरी से दुष्कर्म के लिए दोषी ठहराया गया। उसे 10 साल की सजा सुनाई गई है। 15 जनवरी को अपने आदेश में न्यायाधीश रूबी यू मालवंकर ने दोषी पर 25,000 का जुर्माना भी लगाया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार, आरोपी शादीशुदा है और उसके चार बच्चे हैं। किशोरी उसकी पड़ोसी है। उन्होंने बताया कि आरोपी ने लड़की को अपने दोस्त के घर ले गया। उसने लड़की को बताया कि वह उसे नया मोबाइल फोन दिलाएगा, लेकिन उसने उसका दुष्कर्म किया। मुकदमे के दौरान 10 लोगों ने गवाही दी। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने एक बार में कथित तौर पर अश्लीलता करने के आरोप में आठ महिला सर्वरों और इतने ही ग्राहकों सहित लगभग 40 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि कथित अश्लीलता का मामला 14 जनवरी की रात कल्याण-शील रोड पर स्थित बार में छापेमारी के दौरान सामने आया। डोंबिवली में मनपाड़ा पुलिस ने बुधवार को बार से जुड़े 23 लोगों, आठ महिला सर्वरों और आठ ग्राहकों के खिलाफ आपत्तिजनक आचरण के आरोप में मामला दर्ज किया। इस बीच ठाणे जिले में पुलिस ने एक स्कूल शिक्षक के खिलाफ मामला दर्ज किया है, जिसने कथित तौर पर कक्षा के अंदर 11 वर्षीय छात्र को थप्पड़ मारा था। एक अधिकारी ने बताया कि घटना 13 जनवरी को भिवंडी इलाके के एक स्कूल में हुई। अधिकारी ने नाबालिग के माता-पिता की शिकायत का हवाला देते हुए कहा कि शिक्षक सैफ इकबाल अंसारी ने कथित तौर पर उस बच्चे को पीटा, जब वह किताब लेने के लिए अपने सहपाठी के पास गया था। भिवंडी शहर पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि अंसारी के खिलाफ बुधवार को भारतीय न्याय संहिता एवं किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।ठाणे में एक नगर निकाय ने 1.28 करोड़ रुपये का बकाया भुगतान करने में विफल रहने के बाद एक ठेकेदार को पट्टे पर दी गई पार्किंग स्थल वापस ले लिया। एक अधिकारी ने बताया कि कल्याण-डोंबिवली नगर निगम (केडीएमसी) ने कल्याण रेलवे स्टेशन के पास बोरगांवकर वाडी पार्किंग स्थल को अपने कब्जे में ले लिया।

अपील | केंद्रीय राजकोषीय हस्तांतरण में हिस्सेदारी घटने के कारण राज्य को नकदी संकट का सामना करना पड़ रहा है

केंद्रीय राजकोषीय हस्तांतरण में हिस्सेदारी घटने से राज्य झेल रहा नकदी संकट

तिरुवनंतपुरम (ए.)। केरल की 15वीं विधानसभा के अवसर पर राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने कहा कि सरकार ने राजस्व जुटाने और खर्चों को कम करने के लिए कई कदम उठाए हैं, लेक्क्रिरल विधानसभा का बजट सत्र शुक्रवार को शुरू हुआ। इस दौरान राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने वामपंथी सरकार की नीति को पढ़ा। उन्होंने कहा कि केंद्रीय राजकोषीय हस्तांतरण में हिस्सेदारी घटने के कारण राज्य को नकदी संकट का सामना करना पड़ रहा है। केरल की 15वीं विधानसभा के 13वें सत्र के अवसर पर आर्लेकर ने कहा कि सरकार ने राजस्व जुटाने और खर्चों को कम करने के लिए कई कदम उठाए हैं, लेकिन फिर भी वित्तीय समस्याएं बनी हुई हैं। इसका कारण राजस्व घाटा अनुदान में कमी और माल एंव सेवा कर (जीएसटी) क्षतिपूर्ति की समाप्ति है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार ने इन समस्याओं और सुधारात्मक कदमों को 16वें वित्त आयोग के पास भेजा है। उन्होंने यह भी कहा कि केरल सरकार धर्मनिरपेक्षता, लोकतंत्र, संघवाद, सामाजिक न्याय और विविधता का सम्मान करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करती है। राज्यपाल ने पिछले साल वायनाड के मेप्पाडी पंचायत में जुलाई में आई भूस्खलन त्रासदी से प्रभावित लोगों के पुनर्वास की

दिशा में सरकार के प्रयासों को भी रेखांकित किया। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि केरल सरकार जलवायु परिवर्तन के प्रभाव से निपटने के लिए भी कदम उठा रही है। साथ ही, उन्होंने राज्य सरकार के विभिन्न क्षेत्रों जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, मत्स्य पालन और बुनियादी ढांचे में किए गए कामों का उल्लेख किया। उन्होंने कृषि क्षेत्र को पर्यावरण के अनुकूल तरीके से पुनर्जीवित करने के प्रयासों और विभिन्न परियोजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार ने निवेश को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं और केरल अब कारोबार करने के लिहाज से सबसे अच्छे राज्यों में से एक बन गया है। राज्यपाल ने बताया कि केरल सरकार ने 4,24,800 परिवारों को सुरक्षित आवास देने का काम किया है और 1,13,718 परिवारों के लिए घर देने का समझौता भी किया है। अंत में, राज्यपाल ने केंद्र सरकार से केरल के विकास के लिए सकारात्मक सहयोग की अपील की।

जिला प्रशासन की टीम ने नाबालिग की शादी रुकवाई

रुद्रप्रयाग (ए.)। लड़कियों की कम उम्र में शादी ना करने और बाल विवाह को लेकर कई जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद चोरी छिपे नाबालिग लड़कियों की शादी के मामले सामने आते रहते हैं। ताजा मामला जखोली ब्लॉक के दूरस्थ गांव का है। जहां 16 वर्षीय नाबालिग लड़की की शादी होने जा रही थी, लेकिन इसकी भनक प्रशासन को लग गई। जिस पर जिला प्रशासन की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और शादी रुकवा दी।दरअसल, जखोली ब्लॉक के दूरस्थ एक गांव में 16 साल की लड़की की शादी होने जा रही थी। तभी किसी ने इसकी सूचना प्रशासन को दे दी। इसके बाद वन स्टॉप सेंटर केंद्र की प्रशासक रंजना गैरोला भट्ट, मिशन शक्ति की जिला समन्वयक दीपिका कांडपाल, चाइल्ड हेल्पलाइन के सुपरवाइजर सुरेंद्र सिंह के साथ केस वर्कर अखिलेश सिंह लड़की के घर पहुंचे। हाईस्कूल के प्रमाण पत्र और स्कूल से चला उम्र का पताः वहीं, मौके पर पहुंचने पर प्रशासन की टीम को परिजनों ने बताया कि लड़की का आधार कार्ड में उम्र 18 वर्ष दर्ज है।

चुनाव से पहले पंचायतों में होगी लाखों की टैक्स वसूली

कोई भी बकायादार नहीं लड़ पाएगा पंचायत चुनाव, लेना होगा एनओसी

बिलासपुर/नवप्रदेश। ग्राम पंचायतों का कोई भी बकायादार पंच-सरपंच का चुनाव नहीं लड़ पाएगा। टैक्स सहित अन्य बकाया राशि पंचायतों में जमा कर पहले पंचायत सचिव से एनओसी लेना होगा उसके बाद ही चुनाव में भाग ले सकता है।

पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 1977 के अनुसार गांव में रहने वाले लोगों को संपत्ति जल और व्यापार टैक्स जमा करना है, लेकिन ज्यादातर लोग जमा नहीं करते हैं और जैसे ही पंचायत चुनाव नजदीक आता है टैक्स जमा करना शुरु कर देते हैं। शासन द्वारा करीब 10 वर्ष पहले गांवों टैक्स नियम लागू किया था। बिलासपुर जिले में समय-समय पर पंचायतों में टैक्स जमा करने के लिए कैम्प लगाए जाते हैं। शासन द्वारा पंचायत राज अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार टैक्स ग्रामीणों से लिया जाता है। कई पंचायतों में तो पंच-सरपंच के रिश्तेदार ही टैक्स नहीं दे रहे हैं। सबसे ज्यादा आवासीय टैक्स वसूली नहीं हो पाती है। सभी जनपद पंचायतों में करारोपण अधिकारियों के दिशा-निर्देश में कैंप लगाए जाते हैं फिर भी टैक्स वसूली में बिलासपुर जिले की अच्छी स्थिति नहीं है। सबसे अधिक बिल्हा और मस्तूरी में शासन को टैक्स वसूली करना है। हालांकि यहां भी हर तीन महीने में कैंप लगाकर टैक्स की वसूली की जाती है। फिर भी शत-प्रतिशत वसूली नहीं हो पाती है और जैसे पंचायत चुनाव नजदीक आती है पदाधिकारी बनने सबसे पहले पंचायतों में प्रतिनिधि अपना बकाया टैक्स जमा करते हैं।

टैक्स वसूली के लिए पंचायतों में लगाए जाते हैं कैंप

ग्राम पंचायतों में बाजार, तालाब एवं संपत्ति सहित अन्य टैक्स गांव के आम निवासियों को पंचायतों में जमा करना होता है। पिछले 5 वर्षों में करीब 15 करोड़ रुपए की वसूली जिला पंचायत द्वारा कैंप आयोजित कर की गई है। लगातार टैक्स वसूली के लिए करारोपण अधिकारियों के माध्यम से ग्राम पंचायतों में की जाती है, लेकिन अभी भी कई पंचायतों में टैक्स वसूली बहुत कम है। पंचायत राज अधिनियम प्रावधान के अनुसार बाजार, तालाब की लीज राशि के साथ पक्के का मकान एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं जैसे पेयजल, कचरा प्रबंधन, बाजार में सामानों के विक्रय सहित अन्य टैक्स लगाए गए हैं।

> पंचायत चुनाव में प्रतिनिधि बनने सबसे पहले उम्मीदवार को टैक्स एवं अन्य बकाया राशि जमा करना होगा एवं पंचायत से एनओसी लेना होगा। उसके बाद ही नामांकन दाखिल किया जा सकता है।
>
> **संदीप अग्रवाल,** सीईओ, जिला पंचायत

अधिनियम में प्रावधान

पंचायत राज अधिनियम धारा 36 के तहत प्रावधान है कि कोई भी पंचायत का बकाएदार चुनाव में भाग नहीं ले सकता और नामांकन दाखिल करने के पहले उसे पंचायत के सभी बकाया राशि को जमा करना है। चाहे व टैक्स हो या फिर लीज की राशि। प्रावधानों के अनुसार पंचायत सचिव द्वारा राशि जमा कर प्रतिनिधि को एनओसी दिया जाएगा।

न्यूज गैलरी

लड़की पढ़ती हैं तो दो परिवारों का विकास होता है: संजय

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर नगर को बसाने वाली वीरांगना बिलासा माता की जयंती विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी बड़े धूमधाम से निषाद पार्टी के सहयोग से मछुवारा समाज ने मनाया। जयंती में सहयोग प्रदान करने वाले निषाद पार्टी ने वीरांगना बिलासा माता की जयंती में सवल्पाहार की व्यवस्था रखा गया, निषाद पार्टी के मंच में मुख्य अतिथि के रूप में संजय सिंह राजपूत राष्ट्रीय सचिव व प्रदेश प्रभारी वह राष्ट्रीय संयोजक छत्तीसगढ़ स्वराज सेना ने अच्छे कार्य और बेस्ट परफॉर्मेंस के लिए स्मृति चिन्ह प्रदान किया और समाज से लडकियों को पढ़ाने का आग्रह किया। संजय सिंह ने कहा की अगर लड़की पढ़ती हैं तो दो परिवारों का विकास होता हैं, साथ ही आने वाली पीढ़ी का भी विकास होता हैं, साथ ही कहा की समाज को आगे बढ़ना हैं तो नशा से दूर होना होगा। इस कार्यक्रम में कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सूरज निषाद, विशिष्ट अतिथि कमल शर्मा, प्रदेश सचिव निषाद पार्टी धनेश केवट आदि उपस्थित थे।

गांजा तस्करी के आरोपियों की अर्जित-अवैध संपत्ति पर पुलिस का प्रहार

गांजा तस्करी में शामिल जीआरपी आरक्षक व सहयोगी गिरफ्तार, अवैध संपत्ति जब्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। गांजा तस्करी के आरोपियों की अर्जित अवैध संपत्तियों को बिलासपुर पुलिस ने सीज किया है। पुलिस ने बताया कि 23 अक्टूबर 24 को जी.आर.पी. थाना द्वारा आरोपीगण योगेश सोंधिया एवं रोहित द्विवेदी के कब्जे से कुल 20 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा जप्त कर, आरोपीगणो के विरूद्ध जी.आर.पी. थाना बिलासपुर में अपराध क्रमांक 117/2024 धारा 20 (बी) एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में विवेचना में आये तथ्यो के आधार पर पाया गया कि जी.आर.पी. थाना बिलासपुर में पदस्थ आरक्षक लक्ष्मण गाईन, मन्नु प्रजापति, संतोष राठौर एवं सौरभ नागवंषी गांजा तस्करी के अवैध कारोबार में शामिल है, इनके द्वारा ट्रेन में गांजा पकड़कर, गांजा को बिक्री करने हेतु अपने सहयोगी योगेष उर्फ गुड्डु तथा श्यामधर उर्फ छोटु को उपलबद्ध कराते थे। आरोपी चारो आरक्षको द्वारा ट्रेन मे पेट्रोंलिंग चेकिंग ड्युटी में महासमुंद, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया, चांपा, सक्ति, रायगढ आदि जगहो में जाते समय अपने साथ प्राईवेट व्यक्ति्यों गुड्डु उर्फ योगेष सोंधिया तथा छोटु उर्फ श्यामधर चौधरी को साथ में लेकर जाते थे तथा ट्रेन में चेकिंग के दौरान गांजा बरामद होने पर छोटु और गुड्डु के माध्यम से पूर्व से गांजा खरीदी के लिये बुलाये गये व्यक्तियों को ट्रेन में ही गांजा की सप्लाई कर दी जाती थी। गिरफ्तार आरोपियो के विरूद्ध अपराध सिद्ध पाये जाने पर न्यायालय में अभियोग पत्र पेश किया गया है। मामले में ऐसी रजनेश सिंह के नेतृत्व में नशे के अवैध तस्करो की जड तक पहूँच कर की जा रही है फायनेनिश्यल इन्वेस्टिगेशन व ''इण्ड-टू-इण्ड कार्यवाही''। आरोपी आरक्षको के द्वारा गांजे की तस्करी में शामिल रहकर अवैध रूप से अर्जित राशि को स्वयं के व बेनामी बैंक खातो में नगद व ऑनलाईन प्राप्त करते थे।

सपंत्ति का विवरण

लक्ष्मण गाईन एवं कृष्णा गाईन मौजा सिरगिट्टी तहसील बिल्हा न.प. सिरगिट्टी वार्ड क्र. 07 में 1600 वर्गफुट भुखण्ड जिस पर मकान निर्मीत है। अनुमानित बाजार मुल्य करीब 50 लाख, संतोष राठौर,मौजा फरसवानी तह. करतला जिला कोरबा 5232 वर्गफीट भुखण्ड, अनुमानित बाजार मूल्य करीब 10 लाख रू,मन्नू प्रजापति मौजा नगपूरा बोदरी वि.ख. बिल्हा तह. बोदरी जिला बिलासपुर 1250 वर्गफुट अनुमानित बाजार मुल्य करीब 15 लाख रू, कुसुम प्रजापति पति मन्नू प्रजापति एवं मन्नू प्रजापति, मौजा सिरगिट्टी बिलासपुर तहसील एवं जिला बिलासपुर वार्ड क्र. 07 संत 1428 वर्गफुट भुखण्ड जिस पर मकान निर्मीत है। अनुमानित बाजार मुल्य करीब 40 लाख रू, मन्नू प्रजापति मौजा सिरगिट्टी वार्ड क्र. 07 बिलासपुर 1000 वर्गफुट भुखण्ड, अनुमानित बाजार मूल्य करीब 10 लाख रू।

नगर सैनिक भर्ती परीक्षा रद्द करने की मांग

■ कोटा विधायक ने सीएम को लिखा पत्र

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के राजनादगांव पुलिस भर्ती का मामला अभी शांत नहीं हो पाया है, एक और फर्जीवाड़े की गूंज सुनाई देने लगी है। कोटा विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस के विधायक अटल श्रीवास्तव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व गृह मंत्री विजय शर्मा को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में संभागीय नगर सेना भर्ती 19.09.2024 से 04.10.2024 तक आयोजित भर्ती परीक्षा में जिम्मेदार अफसरों ने जमकर गड़बड़ी की है। ऊंची कूद सहित अन्य शारीरिक दक्षता परीक्षा में तकरीबन 100 अपात्र लोगों को बैकडोर एंट्री दे दी गई है। जाहिर है इसमें रिश्वत भी जमकर चली होगी। विधायक श्रीवास्तव ने अपात्र लोगों ने लेनदेन कर नंबर बढ़ाने से लेकर अन्य गड़बड़ियों की ओर इशारा किया है। विधायक ने पूरे मामले की जांच कराने और तब के जिम्मेदार अफसरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। विधायक ने अपने पत्र में लिखा है कि बिलासपुर संभागीय नगर सेना भर्ती 19.09.2024 से 04.10.2024 तक आयोजित भर्ती में संबंधित अधिकारियों द्वारा ऊंची कूद सहित अन्य शारीरिक दक्षता में लगभग 100 अपात्र लोगों को लेने-देन कर नंबर बढ़ाने की बात कही जा रही है। पूरी प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच कराने व रद्द करने की मांग की है। जिन अपात्र लोगों की भर्ती की गई है उसे नौकरी से बाहर करने और दोषी अफसरों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। बता दें कि विधायक ने सीएम व डिप्टी सीएम विजय शर्मा को पत्र के साथ महत्वपूर्ण दस्तावेज भी सौंपा है।

बिलासपुर को बी-2 श्रेणी का दर्जा देने व 12 सूत्रीय मांगों को लेकर फेडरेशन का प्रदर्शन

■ सीएम व मुख्य सचिव के नाम सौंपा ज्ञापन

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के कर्मचारियों की लंबित मांगों को पूरा करने छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ बिलासपुर में प्रांत अध्यक्ष जी आर चंद्रा के नेतृत्व में रैली प्रदर्शन करते हुए आज मुख्य मंत्री एवं मुख्य सचिव को कलेक्टर बिलासपुर के माध्यम से भोजनावकाश में ज्ञापन सौपा। संघ के जिला अध्यक्ष रामकुमार यादव एवं सचिव किशोर शर्मा ने बताया कि चुनाव के पूर्व घोषणा पत्र (मोदी गारंटी) में किए गए वादों के अनुरूप सरकार गठन के 1 वर्ष के पश्चात भी उचित निर्णय लेकर लागू नहीं किए जाने से प्रदेश की कर्मचारियों में हताशा एवं आक्रोश व्याप्त है इसी का शासन को ध्यान आकर्षण करने 12 सूत्रीय मांगों जिसमें प्रमुख रूप से केंद्र के समान महंगाई भत्ता, चार स्तरीय वेतनमान, 300 दिनों का अर्जित अवकाश, सभी संवर्ग के कर्मचारियों के वेतन विसंगति दूर करने, लंबित पदोन्नति प्रक्रिया पूर्ण करने, संविदा, दैनिक, अनियमित कर्मचारियों के रिक्त पदों को नियमित किए जाने तथा मध्य प्रदेश की भांति सेवा सुरक्षा, श्रम सम्मान निधि का भुगतान आदेश सभी विभागों में प्रदान किए जाने, अनुकंपा नियुक्ति के स्वीकृत पदों पर 10 प्रतिशत का नियम शिथिल करने, संघो को विभाजित मध्य प्रदेश की भांति स्थाई मान्यता दिए जाने के साथ ही स्थानीय मांग में प्रमुख रूप से बिलासपुर बी 2-श्रेणी का शहर दर्जा प्रदान किए जाने संबंधी शामिल हैं। प्रदर्शन में जी आर चंद्रा, पवन शर्मा, रामकुमार यादव, किशोर शर्मा, ओम त्रिपाठी,दुर्गेश साहू, हिमाचल साहू, राजकुमार कोरी, अरविंद गुप्ता आदि उपस्थित थे।

भोजन अवकाश में नारेबाजी करते निकाली रैली

औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान आईटीआई के कर्मचारियों को वरिष्ठता सूची एवं पदोन्नति जैसे मांगों को लेकर तथा आरबी तिवारी संयुक्त संचालक आईटीआई संचालनालय रायपुर को अन्यत्र पद स्थापना सहित मांगों को लेकर संघ के पदाधिकारी आज भोजन अवकाश में पुराने कंपोजिट बिल्डिंग के परिसर से एकत्रित होकर नारेबाजी करते हुए रैली निकालकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे जहां प्रतिनिधिमंडल ने डिप्टी कलेक्टर शिव कुमार कंवर से विस्तार से चर्चा कर ज्ञापन सौपा।

विद्यानगर के गार्डनों का किया गया जीर्णोद्वार

बिलासपुर/नवप्रदेश। विनोबा नगर आर 8 गली गार्डन व श्रीकांत वर्मा मार्ग में सरस्वती पार्क एवं लिंक रोड में सुमंगलम अपार्टमेंट के आगे का गार्डन एवं विद्याउप नगर में पूर्व पार्षद विभा सिंह गली गार्डन व सहगल गली गार्डन का बिलासपुर नगर निगम के द्वारा जिर्णोद्धार किया गया है। जिसमें बाउंड्री वॉल गेट ग्रिल का रिपेयरिंग कार्य किया गया है। वहीं पाथवे का नवनिर्माण किया गया है। झूला दीवाल मंच व सामुदायिक भवन का रंग रोगन एवं मंच व सामुदायिक भवन मे ग्रिल व टाइल्स लगाया गया है ।

एक सप्ताह के भीतर बच्चों की अपार आईडी तैयार करें: डीईओ

बिलासपुर/नवप्रदेश। नव नियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी डॉ अनिल तिवारी द्वारा बिलासपुर जिले में शिक्षक गुणवत्ता में सुधार एवं प्रशासनिक कसावट लाने के उदेश्य से आज जिले में संचालित 228 शासकीय एवं 277 अशासकीय विद्यालयो के प्राचार्यो की बैठक प्राथना सभाकक्ष भवन में लिया गया। प्रथम चरण में 11 बजे से 1 बजे तक शासकीय एवं द्वितीय चरण में 2 बजे से 4 बजे तक अशासकीय एवं सी.बी.एस.ई पाठ्यक्रम संचालित विद्यालय के प्राचार्यो से एजेण्डावार चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गये।

बैठक में प्राचार्यो को यूडाईस प्लस की त्रुटी रहित एन्ट्री करने हेतु निर्देशित करते हुए डॉ तिवारी ने बताया की यूडाईस विद्यालय की जन्म कुण्डली है एवं यूडाईस डाटा के आधार पर ही राज्य शासन एवं केन्द्र शासन द्वारा स्कूल शिक्षा की कार्य योजना बनाकर बजट प्रावधानित किया जाता है। भारत सरकार के संचालनालय द्वारा शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत प्रत्येक बच्चे के डीजी. लाकर निर्माण हेतु आपार आईडी तैयार किया जा रहा है आगामी एक सप्ताह के भीतर समस्त बच्चों की आपार आईडी. तैयार की जानी है। सचिव स्कूल शिक्षा विभाग छ.ग. के निर्देशानुसार जनवरी माह की 22 तारिक को समस्त शासकीय विद्यालयों में मेगा शिक्षक पालक सम्मेलन का आयोजन किया जाना है जिसके लिए प्रत्येक पालक को आमंत्रित किया जावे।

कलेक्टर की पहल से कर्मचारियों की समस्याओं का हो रहा समाधान

संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक में विचार-विमर्श

बिलासपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर अवनीश शरण के निर्देश पर कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं का तेजी से निराकरण हो रहा है। उनके द्वारा कर्मचारियों के लिए अलग से मंगलवार को साप्ताहिक जनदर्शन भी लगाया जाता है। इस क्रम में लंबे अरसे बाद जिला स्तरीय संयुक्त परामर्श दात्री समिति की बैठक अपर कलेक्टर आरए कुरुवंशी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। संयुक्त कलेक्टर और जिला कार्यालय की स्थापना शाखा के प्रभारी एसएस दुबे भी इस अवसर पर उपस्थित थे। जिला कार्यालय के मंथन सभा कक्ष में आयोजित इस बैठक में मान्यता प्राप्त अधिकारी कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक में उपस्थित संघों के द्वारा सौंपे गए विभिन्न एजेण्डों पर सौहार्दपूर्ण वातावरण में सार्थक चर्चा की गयी। जिसमें प्रमुख रूप से विभिन्न विभागों में समयबद्ध पदोन्नति, क्रमोन्नति, समयमान-वेतनमान, सर्विस बुक,जीपीएफ पासबुक का नियमित सत्यापन, अद्यतन प्रविष्टि एवं द्वितीय प्रति प्रदाय, सेवा पुस्तिका में अनिवार्य नॉमिनी अपडेशन, सेवानिवृत्ति एवं अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों का समयसीमा में निराकरण, प्रत्येक तिमाही में सभी कार्यालयों द्वारा परामर्शदात्री बैठक का आयोजन, सभी कार्यालयों में कर्मचारियों का तीन वर्ष में शाखा परिवर्तन, पुराना कम्पोजिट बिल्डिंग परिसर में पार्किंग, प्रवेश द्वार निर्माण, मरम्मत व सुधार एवं फेडरेशन हेतु कम्पोजिट बिल्डिंग में कक्ष आबंटन इत्यादि बिन्दुओं पर कार्यवाही हेतु सभी संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये।

सिम्स में सीटी-एन्जियोग्राफी शुरु

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिम्स चिकित्सालय में अधिष्ठाता डा. रमणेश मूर्ति, अधीक्षक डा. लखन सिंह, रेडियोलाजी विभागाध्यक्ष डा. अर्चना सिंह के संयुक्त प्रयासों से आम जनता एवं मरीजों के लिये सीटी एन्जियोग्राफी की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। ऐसे मरीज जिनका कोरोनरी एंजियों नही किया जा सकता एवं कुछ मरीज जिनका सीटी एन्जियों के द्वारा मरीजों के हार्ट ब्लाकेज एवं हृदयाघात से पीड़ित मरीजों की जॉच अविलंब की जा सकेगी एवं यथानुसार मरीजों का उपचार किये जाने में सफलता मिलेगी।

आयोजन

मस्तूरी क्षेत्र के ब्लैक स्पॉट मोहतरा मोड जंक्शन में चेतना अभियान

वाहन चालकों को गुड सेमेरिटन कानून, मोटर व्हीकल एक्ट की दी गई जानकारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के दिशा निर्देश पर सड़क सुरक्षा माह का आयोजन 1 जनवरी से 31 जनवरी तक किया जा रहा है। उप पुलिस अधीक्षक शिवचरण सिंह परिहार प्रभारी यातायात बिलासपुर ने जानकारी देते हुए बताया कि विदित हो कि इसी क्रम में सड़क सुरक्षा माह आयोजन के 16 वें दिवस मस्तूरी क्षेत्र के ब्लैक स्पॉट मोहतरा मोड जंक्शन में चेतना अभियान के तहत यातायात जन जागरूकता कार्यशाला यातायात की पाठशाला का आयोजन किया गया। जिसमें यातायात के निरीक्षक हेमवंत चंद्राकर तथा जिला रोड सेफ्टी सेल की टीम प्रधान आरक्षक शैलेंद्र सिंह, सौरभ सिंह आरक्षक संदीप अनंत तथा सड़क सुरक्षा समिति के वरिष्ठ सदस्य अशोक श्रीवास्तव, चुन्नी मौर्य, अर्चना अनंत, तुलाराम शर्मा के द्वारा मस्तूरी क्षेत्र के बड़ी संख्या में वाहन चालक, स्थानीय लोगों एवं दुकानदारों को यातायात नियम की जानकारी वाहन चलाने के नियम, सड़क दुर्घटना के कारण एवं निदान के उपाय के साथ-साथ गुड सेमेरिटन कानून, मोटर व्हीकल एक्ट के नवीन प्रावधान की जानकारी दी गई। सभी से दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट धारण करने, एवं कार आदि वाहन में सीट बेल्ट का उपयोग किए जाने हेतु समझाइए दी गई एवं शपथ करवाकर इसकी महत्व को बताया गया।

178 लोगों ने लर्निंग लाइसेंस आवेदन की प्रक्रिया पूरी की

सड़क सुरक्षा माह के दौरान आज स्थानीय पुलिस परेड मैदान में 178 लोगों ने लर्निंग लाइसेंस हेतु आवेदन की प्रक्रिया पूर्ण की तथा 91 लोगों ने अपने वाहन का जनरल इंश्योरेंस कराया। इसी क्रम में17 जनवरी को हाईवे पर भारी वाहन चालकों के लिए जागरूकता संबंधी कार्यशाला का आयोजन बिलासपुर रायपुर स्थित राष्ट्रीय राज्य मार्ग क्रमांक 130 में भोजपुरी टोल प्लाजा के पास, हाईवे पेट्रोलिंग 01 एवं सड़क सुरक्षा कार्यक्रम आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा किया जाकर भारी वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी जावेगी। इसी प्रकार संध्या 5 बजे से बालिका छात्रावास बृहस्पति बाजार में यातायात का कार्यशाला आयोजन किया जायेगा।

सुविचार

मतलब की बातें तो सभी से होती रहती है लेकिन बेमतलब की बातें सिर्फ उससे की जाती है जो आपके लिए बेहद खास होता है। - अज्ञात

उमर अब्दुल्ला की केन्द्र सरकार से अपेक्षा

जम्मू कश्मीर में उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पहली बार जम्मू कश्मीर प्रवास हुआ। जहां पीएम मोदी सोनमर्ग टनल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर पीएम मोदी ने कहा कि वे जो वादा करते है उसे पूरा भी करते है। पीएम के संबोधन के बाद मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की शान में कसीदे पढ़ना शुरू कर दिया और कहा कि पीएम मोदी ने जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने का जो वादा किया उसे उन्होंने पूरा किया और जम्मू-कश्मीर में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव हुए कही से कोई गड़बड़ी की शिकायत नहीं मिली। उमर अब्दुल्ला ने पीएम मोदी से गुजारिश की है कि वे अब अपना एक और वादा जल्द से जल्द निभाए और जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाए। इस पर पीएम मोदी ने उचित समय पर निर्णय लेने का आश्वासन दिया है। इसके पूर्व जब उमर अब्दुल्ला ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी तो इसके बाद नई दिल्ली प्रवास के दौरान उन्होंने गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात कर उनसे भी यही अपील की थी कि जम्मू कश्मीर को जल्द से जल्द पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाए। अमित शाह ने भी उनसे यहीं कहा था कि उचित समय आने पर केन्द्र सरकार इस बारे में फैसला लेगी। गौरतलब है कि नेशनल कांफ्रेंस ने विधानसभा चुनाव के दौरान वहां के लोगों को यह आश्वासन दिया था कि यदि उनकी सरकार बनी तो वे जम्मू कश्मीर को पहले की तरह ही फिर से पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाएंगे। दरअसल केन्द्र शासित राज्य होने के कारण जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री और उनकी सरकार के अधिकार सीमित हो जाते है और उन्हें एलजी की अनुमति के बगैर कोई भी फैसला लागू करने की स्वतंत्रता नहीं मिल पाती, यही वजह है कि उमर अब्दुल्ला चाहते है कि जम्मू-कश्मीर को जल्द से जल्द पूर्ण राज्य का दर्जा मिले और वे स्वतंत्र रूप से निर्णय ले पाए। किन्तु यह काम आसान भी नहीं है। जम्मू-कश्मीर में अभी भी आतंकवादी घटनाएं हो ही रही है। यह बात अलग है कि 370 के खात्मे के बाद से भारतीय सेना और सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के खिलाफ ऑपरेशन ऑल आउट चलाया है जिसकी वजह से आतंकवादियों के हौसले पस्त हुए है। बड़ी संख्या में आतंकवादी मारे भी गए है। लेकिन अभी भी कश्मीर घाटी में आतंकवादी मौजूद है जो रह रह कर आतंकी घटनाओं को अंजाम देते रहते हैं। जब तक कश्मीर से आतंकवाद का पूरी तरह सफाया नहीं हो जाता तब तक केन्द्र सरकार जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने के बारे में विचार नहीं करेगी। दरअसल जब से जम्मू-कश्मीर में शांति की बहाली के लिए आतंकवाद के खिलाफ निर्णयक लड़ाई शुरू की गई है तभी से वहां बचे खुचे आतंकी बौखला गए है और वे पाकिस्तान की शह पर फिर से जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की आग को हवा देने की कोशिश कर रहे हैं। सीमा पार पीओके में बड़ी संख्या में पाक प्रशिक्षित आतंकवादी घुसपैठ की फिराक में बैठे हुए है। ऐसी स्थिति में जम्मू-कश्मीर को जल्द ही पूर्ण राज्य का दर्जा मिल पाना संभव नहीं है। यह बात वहां के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला भी समझते है और वे इस मुद्दे को लेकर केन्द्र सरकार से टकराव नहीं चाहते। क्योंकि जम्मू कश्मीर में ऐसी स्थिति नहीं है कि बगैर केन्द्र सरकार के सहयोग के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला वहां की जनता से किए गए वादों को अमलीजामा पहना सके। वहां सरकार के संसाधन सीमित है और बगैर केन्द्र की मदद के सरकार कोई बड़ा काम नहीं कर सकती। यहीं वजह है कि उमर अब्दुल्ला और उनके पिता डॉ. फारूख अब्दुल्ला के सुर बदल गए है और अब वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रशंसा के पुल बांध रहे है जिसकी वजह से यह भी कयास लगाए जा रहे है कि नेशनल कांफ्रेंस एक बार फिर आईएनडीआई को छोड़कर एनडीए का हिस्सा बन सकती है। उल्लेखनीय है कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई के कार्यकाल के दौरान नेशनल कांफ्रेंस एनडीए का हिस्सा थी। बाद में वह यूपीए में शामिल हो गई और अब आईएनडीआई का हिस्सा है। आईएनडीआईए का भी अस्तित्व संकट में पड़ गया है। ऐसे में जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने के लिए नेशनल कांफ्रेंस यदि फिर से एनडीए में शामिल हो जाए तो कोई ताजूब नहीं होगा।

हिंडन बर्ग कंपनी पर लगा ताला

भारत के खिलाफ लगातार अभियान चलाने वाली हिंडन बर्ग रिचर्स कंपनी पर आखिरकार ताला लग ही गया। अमेरिका के नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ लेने के पहले ही हिंडन बर्ग ने अपना बोरिया बिस्तर लपेट लिया है। हिंडन बर्ग ने हाल ही में भारत के बड़े कारोबारी गौतम अडानी के खिलाफ तथा शेयर बजार नियामक संस्था सेबी के विरूद्ध एक रिपोर्ट जारी की थी। जिससे शेयर बाजार में हडकंप मच गया था और अनेक शेयर धारकों को करोड़ों का नुकसान उठाना पड़ा था। हिंडन बर्ग की इस विवादास्पद रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस ने गौतम अडानी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था और उनके गिरफ्तारी की भी मांग उठानी शुरू कर दी थी। हिंडन बर्ग की रिपोर्ट के चलते संसद सत्र में भी विपक्ष ने जमकर हंगामा किया था। जिसके चलते संसद की कार्रवाई बाधित हुई थी। बहरहाल अब हिंडन बर्ग की दुकान पर ताला लग जाने से भाजपा ने इस पर प्रतिक्रिया दी है कि यह कंपनी भारत की बढ़ती आर्थिक ताकत के खिलाफ थी। वहीं दूसरी ओर कांग्रेस ने कहां है कि हिंडन बर्ग का कारोबार बंद होने का यह मतलब नहीं है कि गौतम अडानी को क्लीन चिट मिल गई है। कांग्रेस अभी भी इस बात पर अड़ी हुई है कि हिंडन बर्ग की रिपोर्ट में बेहद गंभीर आरोप लगाए गए है जिसकी जेपीसी से जांच करानी जरूरी है। इस बीच यह खबर भी सामने आई है हिंडन बर्ग को जार्ज सोरेस फाइनेंस करते थे जिनका उद्देश्य भारत में सरकार के खिलाफ माहौल बनाना था। इसीलिए विश्व पटल पर भारत को बदनाम करने के लिए हिंडन बर्ग का उपयोग कर रहे थे। इधर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चुनाव जीतने के बाद ही यह घोषणा कर दी थी कि राष्ट्रपति पद का शपथ लेने के बाद वे हिंडन बर्ग के खिलाफ जांच बिठाएंगे। यही वजह है कि उनके शपथ लेने के पहले ही हिंडन बर्ग के संस्थापक नाथन एडर्सन ने अपनी कंपनी को बंद करने की घोषणा कर दी। अब सवाल यह उठता है कि हिंडन बर्ग की भ्रमक रिपोर्ट के कारण भारत के जिन निवेशकों को हजारों करोड़ रुपए का नुकसान पहुंचा था उसकी भरपाई कैसे हो पाएगी। उम्मीद की जानी चाहिए कि डोनाल्ड ट्रंप अपने वादे के अनुरूप हिंडन बर्ग के खिलाफ उच्च स्तरीय जांच कराएंगे ताकि उसके किए की सजा मिल पाए।

महाकुंभ में स्वच्छता के उच्च तकनीकी समाधान

डॉ. जितेंद्र सिंह

(केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय तथा पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, अंतरिक्ष विभाग और परमाणु ऊर्जा विभाग राज्य मंत्री-स्वतंत्र प्रभार)

> इसके अतिरिक्त वहां अन्य आरंभिक उपायों में 1 लाख 45 हजार पोर्टेबल शौचालयों की स्थापना, निरंतर सफाई के लिए बड़ी संख्या में सफाई कर्मियों की तैनाती, पर्याप्त चिकित्सा सुविधा की व्यवस्?था और एक व्यापक अपशिष्ट संग्रह और प्रबंधन बुनियादी ढांचे शामिल हैं। ये उन्नत प्रौद्योगिकियां बड़े पैमाने पर धार्मिक समारोहों के प्रबंधन में व्यापक बदलाव दर्शाते हैं। वे पर्यावरणीय स्थायी अपशिष्ट प्रबंधन, अल्प स्वास्थ्य जोखिम, न्यूनतम पारिस्थितिक व्यवधान और कुशल संसाधन उपयोग के उपाय प्रदान करते हैं। यह महाकुंभ 2025 में बड़े पैमाने पर धार्मिक समागमों से जुड़ी जटिल प्रचालनतंत्र और पर्यावरणीय चुनौतियों के प्रबंधन में भारत की तकनीकी कौशल का दस्तावेज है। यह एक दीप्तिमान उदाहरण है कि प्रौद्योगिकी और परंपरा सबके लिए कैसे एक स्वच्छ, स्वस्थ भविष्य निर्मित कर सकते हैं।

प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ क्षेत्र में सूर्योदय होने के साथ ही महा-आयोजन की व्यापकता और विशालता दिखने लगती है। वहां उपस्थित विशाल मानव समूह की केवल कल्पना कीजिए जहां प्रत्येक व्यक्ति आस्था और भक्ति के सागर में हिलोरें ले रहा है। लेकिन विश्व की इस विस्मयकारी महाघटना में पर्दे के पीछे अथक परिश्रम करने वाले मूक नायक के तौर पर उन्नत अपशिष्ट प्रबंधन प्रौद्योगिकियां काम कर रही हैं। एक भव्य संगीत सिम्फनी के अनाम परिचालकों की तरह ये नवाचार सुनिश्चित करते हैं कि सफाई और स्वच्छता, संगीत के हर सुर-लहरी की तरह पूरी तरह लयबद्ध हो।

महाकुंभ में उच्च तकनीक वाले सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट से लेकर प्राकृतिक शुद्धिकरण तालाबों तक, प्रत्येक उपाय पर्यावरण की शुद्धता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। परंपरा और प्रौद्योगिकी का यह सामंजस्यपूर्ण मिश्रण न केवल महाकुंभ के आध्यात्मिक सार को संरक्षित करता है, बल्कि दुनिया भर में भविष्य के बड़े पैमाने पर आयोजित होने वाले समारोहों के लिए एक मानक भी स्थापित करता है।

एक हलचल भरे शहर की कल्पना करें जो रातोंरात अस्तित्व में आ गया हो, जहां करोड़ों लोग एक भव्य आयोजन के लिए जुटे हों। 45 दिनों के इस विशाल धार्मिक आयोजन में जिसमें अनुमानित तौर पर 40 करोड़ आगंतुक पहुंचे हों, वहां हर दिन उत्पन्न कचरे का प्रबंधन हैरत में डालने वाला है। हालांकि इससे अधिकारी विचलित नहीं हुए और उन्होंने इस कठिन कार्य के लिए भारत के दो प्रमुख वैज्ञानिक संस्थानों, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन और भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र (बार्क) की मदद ली है।

महाकुंभ में उत्पन्न अपशिष्ट दिमाग को चकरा देने वाला है। वहां हर दिन लगभग 16 मिलियन लीटर मल विष्ठा, 240 मिलियन लीटर ग्रे-वाटर (शौचालय को छोड़कर अपशिष्ट जल) और करोड़ों तीर्थयात्रियों द्वारा बड़े पैमाने पर उत्पन्न ठोस अपशिष्ट शामिल हैं। इसके निपटान प्रबंधन के लिए परिष्कृत समाधानों की आवश्यकता पड़ी और तभी उन्नत प्रौद्योगिकियों का

उत्तर प्रदेश सरकार ने 7,000 करोड़ रुपये के कुल महाकुंभ बजट में अपशिष्ट प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण प्रतिबद्धता दर्शायी है। वहां अपशिष्ट और जल प्रबंधन के लिए 1,600 करोड़ रुपए और खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) बुनियादी ढांचे के लिए 316 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। यह वित्तीय और ढांचागत प्रतिबद्धता आयोजन के दौरान स्वच्छता और साफ सफाई बनाए रखने के महत्व को रेखांकित करता है। स्वच्छता उपायों में इन प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल का उद्देश्य महत्वपूर्ण पर्यावरणीय चिंताओं को कम करना है। वे नदी के जल प्रदूषण को रोकते हैं, अपशिष्ट और सीवेज से संभावित स्वास्थ्य जोखिमों को कम करते हैं, और बड़े पैमाने पर लोगों के एकत्रित होने के पारिस्थितिकी नुकसान में कमी लाते हैं।

इस्तेमाल काम आया। इनमें से एक हाइब्रिड ग्रेनुलर सीक्वेंसिंग बैच रिएक्टर (एचजीएसबीआर) है, जिसे इसरो और बार्क के सहयोग से विकसित किया गया है। ये उच्च तकनीक की वॉशिंग मशीन जैसा है जो कपड़े साफ करने की बजाय सीवेज का निपटान करता है। इस तकनीक का उपयोग तीन प्रीफैब्रिकेटेड मल विष्ठा ट्रीटमेंट प्लांट (एफएसटीपी) में किया जा रहा है, जो मानव अपशिष्ट को कुशलतापूर्वक संसाधित कर सुनिश्चित करता है कि वातावरण स्वच्छ और सुरक्षित रहे।

वहां एक अन्य तकनीक जीओ ट्यूब टेक्नोलॉजी अपनाई जा रही है जो कचरे के नियंत्रण और उपचार में सहायक है। यह सुनिश्चित करती है कि पर्यावरण में केवल स्वच्छ पानी ही छोड़ा जाए। यह एक विशाल चाय बैग की तरह है जो बड़ी मात्रा में तरल अपशिष्ट सोखकर उसे साफ करता है।

महाकुंभ में स्वच्छता के लिए इस्तेमाल की जा रही एक अन्य तकनीक बायोरिमेडिएशन है। यह बड़े तालाबों के लाभकारी सूक्ष्मजीवों जैसा है जो प्रदूषकों को विखंडित कर पानी को शुद्ध करता है। इस प्राकृतिक और पर्यावरण अनुकूल विधि को लगभग 75 बड़े तालाबों में एकत्र किए गए ग्रेवाटर में इस्तेमाल की जाएगी ता?कि जल को प्रभावी और सुरक्षित रूप से उपचारित किया जाए। उत्तर प्रदेश सरकार ने 7,000 करोड़ रुपये के कुल महाकुंभ बजट में अपशिष्ट प्रबंधन के लिए महत्वपूर्ण प्रतिबद्धता दर्शायी है। वहां अपशिष्ट और जल प्रबंधन के लिए 1,600 करोड़ रुपए और खुले में शौच मुक्त (ओडीएफ) बुनियादी ढांचे के लिए 316 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। यह वित्तीय और ढांचागत प्रतिबद्धता आयोजन के दौरान स्वच्छता और साफ-सफाई बनाए रखने के महत्व को रेखांकित करता है।

स्वच्छता उपायों में इन प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल का उद्देश्य महत्वपूर्ण पर्यावरणीय चिंताओं को कम करना है। वे नदी के जल प्रदूषण को रोकते हैं, अपशिष्ट और सीवेज से संभावित स्वास्थ्य जोखिमों को कम करते हैं, और बड़े पैमाने पर लोगों के एकत्रित होने के पारिस्थितिकी नुकसान में कमी लाते हैं। अपशिष्ट प्रबंधन परिचालन रणनीति में मैनुअल हैंडलिंग को कम से कम करना, उन्नत तकनीकों का उपयोग कर स्रोत-स्तरीय अपशिष्ट पृथक्करण पर जोर देना और व्यापक निपटान तंत्र को लागू करना शामिल है।

इसके अतिरिक्त वहां अन्य आरंभिक उपायों में 1 लाख 45 हजार पोर्टेबल शौचालयों की स्थापना, निरंतर सफाई के लिए बड़ी संख्या में सफाई कर्मियों की तैनाती, पर्याप्त चिकित्सा सुविधा की व्यवस्?था और एक व्यापक अपशिष्ट संग्रह और प्रबंधन बुनियादी ढांचे शामिल हैं।

ये उन्नत प्रौद्योगिकियां बड़े पैमाने पर धार्मिक समारोहों के प्रबंधन में व्यापक बदलाव दर्शाते हैं। वे पर्यावरणीय स्थायी अपशिष्ट प्रबंधन, अल्प स्वास्थ्य जोखिम, न्यूनतम पारिस्थितिक व्यवधान और कुशल संसाधन उपयोग के उपाय प्रदान करते हैं। यह महाकुंभ 2025 में बड़े पैमाने पर धार्मिक समागमों से जुड़ी जटिल प्रचालनतंत्र और पर्यावरणीय चुनौतियों के प्रबंधन में भारत की तकनीकी कौशल का दस्तावेज है। यह एक दीप्तिमान उदाहरण है कि प्रौद्योगिकी और परंपरा सबके लिए कैसे एक स्वच्छ, स्वस्थ भविष्य निर्मित कर सकते हैं।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 1670 - हेनरी मोरगन ने पानामा पर कब्ज़ा किया। 1701 - ब्रैडनबर्ग के फ्रेडरिक तृतीय प्रशिया की गद्दी पर बैठे। 1778 - जेम्स कुक 'हवाई द्वीपसमूह' की खोज करने वाले पहले यूरोपियन बने। इसका नाम उन्होंने 'सेंडविच आइलैंड' रखा। 1782 - अमेरिकी राजनेता डेनियल वेब्सटर का जन्म हुआ। 1862 - अमेरिकी में एरिजोना परिसंघ क्षेत्र का गठन। 1866 - 'वेसले कॉलेज, मेलबर्न की स्थापना हुई। 1896 - 'एक्सरे मशीन' का पहला प्रदर्शन किया गया। 1919 - 'बेंटले मोटर्स लिमिटेड' की स्थापना हुई। 1930 - रवीन्द्रनाथ टैगोर ने महात्मा गांधी के साबरमती आश्रम की यात्रा की। 1945 - सोवियत संघ की सेना पोलैंड के शहर कराकोव में पहुंची तथा जर्मनी को वहां से पीछे हटने पर मजबूर किया। 1951 - नीदरलैंड में झूठ पकड़ने वाली मशीन का पहली बार इस्तेमाल हुआ। 1952 - मिस्र में ब्रिटेन विरोधी दंगे भड़के। 1954 - फनफनी ने इटली में सरकार का गठन किया। 1959 - महात्मा गांधी की सहयोगी मीरा बेन (मैडलिन स्लैड) ने भारत छोड़ी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

कनकौओं की डोरियां,तनीं रहीं बन

कनकौओं की डोरियां, तनीं रहीं बन बाण। पंछी मानव अनगिनत, हुए आज निष्प्राण।। लोकतंत्र की देश मे, ऐसी उड़ी पतंग। जिसको देखो कर रहा, खुली सियासी जंग।। कितने पंछी मर गए, कितने हुए अपंग। कनकौओं की डोर से, हुई जहां भी जंग ।। **रमेश शर्मा वशिष्ट**

कभी कुछ तो कहा करो, चुप न

कभी कुछ तो कहा करो, चुप न रहा करो, समझ सका कौन ख़ामोशियों की आवाज को । बातें तुम किया करो, ख़्वाहिशें बयॉं करो, कब जाना है किसीने तुम्हारे ख़्वाब को। हर वक्त तुम जिया करो, खिलखिला कर हँसा करो, किसने जाना है तुम्हारे दर्द के एहसास को। **शिखा लाहिरी**

खास पाती

नभ में उठती पतंग की बात

नभ में उठती पतंग की बात, सुनो संदेश हमारे लिए है खास। ऊँचाइयों को छूने का स्वप्न, पर जड़ों से जुड़ने का जज्बा रहे साथ। सूरज ने बदली अपनी दिशा, सर्दी में आई अब गर्माहट की ऋचा। खेतों में फसलों का उत्सव, हर घर में छाई खुशियों की चर्चा। तिल और गुड़ का अनमोल साथ, मिठास बढ़ाए रिश्तों का हाथ। संक्रांति का पर्व सिखाए हमें, समर्पण,प्रेम और सहजीवन का पाठ। डोर संग उड़ती पतंग ये कहे, आकाश जितना भी ऊँचा हो रहे। संस्कारों की डोर से बंधे रहो, प्रगति की राहों पर आगे बढ़ते रहो। तो आओ मनाएं यह पावन दिन, स्नेह और सद्भाव से भरें हर क्षण। मकर संक्रांति का पर्व है महान, सूरज संग चमके जीवन का मान। **रेनू शब्द मुखर**

बहुत दिना के बाद लगा है महाकुम्भ

बहुत दिना के बाद लगा है महाकुम्भ के मेला! दुनिआ भर साधू आए हा सुन्दर सुन्दर चेला!! रील देखिके रोई रहे है लड़िका और लुगाई! कइसन के गंगा नहबाई मुँह फ़रे महगाई!! कहिन सबेरे टिकट कटाबा गंगा जी हम जाबय! लड़िका के मुंडन करबाउब कनछेदन करबाबय! चलब हुआ कुछ दान कई देब रुपिया,पइसा,केला! बहुत दिना के बाद लगा है महाकुम्भ के मेला!! मेर मेर के साधू देखब, देखब गजब नजारा! गंगा जी माँ डुबकी मारब निकलब संगम धारा! दूध, दही, फ्ल, दीप चढ़ाउब होई पूर मनौती! हम हारे हन गंगा मइया तोहका कुछ समझौती! लई चलते जो कइसव मइसव देखि लेइत हम खेला! बहुत दिना के बाद लगा है महाकुम्भ के मेला !!

कवि आशीष तिवारी जुगनू

पीढ़ियों का पीढ़ियों से वास्ता

पीढ़ियों का पीढ़ियों से वास्ता चलता रहा, अंकुरित हर बीज से फल का पता चलता रहा मिट गए बादल बरस के पर नदी बहती रही, पांव चलकर थम गए पर रास्ता चलता रहा छूट जाना है जिसे, उसने निभाया उम्र भर, साथ जाना है जिसे वो लापता चलता रहा। **निश्चय बाजपेयी**

इक नज़र देख ले प्यार से जान

इक नज़र देख ले प्यार से जान जाती है इन्कार से ये हुनर तुमने सीखा कहाँ क़त्ल करते हो रुख़सार से नींद ख़्वाबों में गुम हो गई बस तेरे एक दीदार से सोचता तन्हा कब से हूँ मैं गुफ़्तगू होती दीवार से जानो तुम क्या ये तिश्ना-लबी होठ लगते हैं अंगार से देते देते सुकूँ थक गया पूछे कोई तो इतवार से इक मुखौटा लगा कर छला चेहरा निकला है किरदार से ख़्वाहिशें दफ़्न होतीं गयीं कुछ नहीं मिलता बाज़ार से शहर में हो रहा शोर-गुल क्यूँ ख़बर गुम है अख़बार से। **दिनेश भोपाली**

जिस घर में ससुर के रहते हुए

जिस घर में ससुर के रहते हुए सांस खुद फैसला लेती हो, उसे घर में अपने बेटी की शादी कभी मत करना। उसे घर में आपकी बेटी तड़प तड़प के मर जाएगी। आप ही सोचो जो औरत अपने पतिदेव की नहीं सुनती हो, वह अपनी बेटी को कैसी शिक्षा दी होगी। मां अपने बेटे बेटी की क्या सुनेगी। आपका बेटा जीते जीत मर जाएगा। **गौरी पटले**

पापा मेरी ढाल बने, आंसू को

पापा मेरी ढाल बने, आँसू को रूमाल बने। प्यार पापा जैसा कहो-कर सका कौन है। शीत ताप, नित सहे, दुख न किसी से कहे। कष्ट परिवार हित- सहके भी मौन है। निखरे संतती रूप, करे यही दौड़ धूप। जीवन प्रचण्ड धूप, पापा ज्योंओजोन है। तन मन वार कर, जिंदगी भी हार कर। क़िस्त चुका नहीं पाएँ, पापा वही लोन है। पापा बिना जग सूना, दुख बढ़े रोज दूना। फ़ोन गर जिंदगी है, पापा रिंगटोन है। **आशा पाण्डेय ओझा**

QUIZ TIME

1) कर्कश का विलोम होगा?

2) शिवाजी के अष्टप्रधान का कौन सदस्य विदेशी मामलों की देख-रेख करता था?

3) सप्त ऋषि समिति किससे संबंधित है?

4) हर वर्ष हाइफा दिवस कब मनाया जाता है?

5) हाल ही में किस मेगास्टार का नाम गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया गया है?



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) [illegible] (2) सुमंत (3) [illegible] (4) 23 सितंबर (5) चिरंजीवी

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. संघर्ष, दौड़धूप (उर्दू) 5. सुपुत्र, लायक पुत्र 7. ताकतवर, बलशाली 9. खुशबू, सुरभि, सुगंध 10. अकारण, व्यर्थ, बेवजह 12. गर्म तेल आदि में खाद्य वस्तु छोड़कर पकाना 13. यात्रा 15. मृत, जो मर गया हो 16. छोटे कद का, वामन, बौना 18. सांप का सिर, गुण, कला, कौशल 20. निरुत्तर, बेमिसाल 23. गोल हरे दानों वाला एक प्रसिद्ध पौधा, या इस पौधे की फली 24.माता, जननी 25. संतान, औलाद 26. अधीन, अधीनस्थ, कर्मचारी 27. चिड़िया, खग तरफदार।

ऊपर से नीचे

1.पानी में डूबा हुआ, जल प्लावित 2. पाकेटमार, जेब काटने वाला 3. समाधान, खेत जोतने का यंत्र 4. औषधालय 6. युक्ति, उपाय 8. गीला, तर, भीगा हुआ 11. झटके से मुंह से आवाज के साथ हवा बाहर आना, बलगम आदि का बाहर आना 14. तुरंत, झटपट 15. स्त्री, नारी, अबला 17. एक और एक चौथाई 19. आदमखोर 21. दुनिया, संसार, जग 22. वर्ष की छः ऋतुओं में एक ऋतु जिसमें मौसम सुहावना रहता है 23. बुद्धि, दिमाग।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 299 का हल

आज का पंचांग

सूर्योदयः 07:10, सूर्यास्तः18:04, चन्द्रोदयः 21:19, चन्द्रास्तः 09:33, अयन-उत्तरायण, ऋतुः शिशिर, शक सम्वतः 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः 2081 (पिंगल), संवत्सर क्रोधी, संवत्सर (उत्तर) पिंगल, युगाब्द (कलि संवत) 5125, मास-माघ, पक्ष-कृष्ण, तिथि-पंचमी, नक्षत्र-पूर्वा फाल्गुनी, योग-शोभन, प्रथम-करण बव (16:43 तक)द्वितीय करण-बालव (29:30+ तक)

॥ गोचर ग्रहाः॥

सूर्य-मकर चंद्र-सिंह, मंगल-कर्क (उदित, पश्चिम, वक्री), बुध-धनु (उदित, पूर्व, मार्गी), गुरु-वृषभ (उदित, पश्चिम, वक्री), शुक्र-कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), शनि-कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु -मीन, केतु-कन्या।

शुभ यात्रा दिशा

(उत्तर पूर्व) मीठा दही, जौ, राई का सेवन करके यात्रा करें।

जन्मे शिशुओं का नामकरण

आज जन्मे शिशुओं के नाम पूर्वा फाल्गुनी नक्षत्र के प्रथम द्वितीय तृतीय एवं चतुर्थ चरण के अनुसार अनुसार क्रमशः (मो, ता, टी, टू)नामाक्षर से रखना शास्त्र सम्मत है॥

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपकी समस्याओं को बढ़ाएंगे।

वृषःआज का दिन आपके लिए आनंदमय रहने वाला है। आपको कामों को पूरा करने में मेहनत अधिक लगेगी। आप अपने घर किसी पूजा-पाठ आदि का आयोजन कर सकते हैं।

मिथुनः आज का दिन आपके लिए सुखद परिणाम लेकर आएगा। आपको कामों में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

कर्क:आज का दिन आपके खर्चों पर ध्यान देने के लिए रहेगा। आप अपने मनमौजी स्वभाव के कारण कामों में कोई बदलाव कर सकते हैं ।

सिंहः आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आपके धनधान्य में वृद्धि होने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

कन्याःआज का दिन आपके लिए बुद्धि और विवेक से काम लेने के लिए रहेगा। आपको धन लाभ मिलने से खुशी होगी।

तुलाः आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको अप्रत्याशित लाभ मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

वृश्चिकः आज का दिन बिजनेस कर रहे लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। आप किसी के कहने में आकर अपने बिजनेस में कोई बदलाव न करें।

धनुः आज का दिन आपके लिए आय के स्रोतों को बढ़ाने वाला रहेगा। कोई निवेश आपको सोच समझकर करना होगा। कामों में आपको कुछ चुनौतियां आ सकती हैं।

मकरः आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। राजनीतिक क्षेत्रों में आपको पूरा लाभ मिलेगा।

कुंभः आज का दिन आपके लिए बाकी दिनों के तुलना में महत्वपूर्ण रहने वाला है। आर्थिक मामलों पर आपको पूरा ध्यान देना होगा।

मीनः आज का दिन आपके लिए किसी अच्छे निवेश को करने के लिए रहेगा। सेहत में उतार-चढ़ाव रहने से आप परेशान रहेंगे।

डेंजर जोन-मौत को बुलावा 7 महीने में 2 मौत और कुछ एक्सीडेंट

नारायण वर्मा

अम्लेश्वर/नवप्रदेश। अम्लेश्वर खारुन पुल के बाद से जाम गांव तक लगभग 5 से 6 डेंजर जॉन है आए दिन यह पर एक्सीडेंट हो रहे है विगत 7 से 8 महीनों में दो जाने गई और तीन से चार एक्सीडेंट हो चुके है। अभी कुछ दिन पहले है वुड आइलैंड के सामने ही एक घायल हो गया। जिसके बाद से टेंपरेरी ब्रेकर की व्यवस्था की गई है।

कई बार कर चुके मांग

स्थानीय जन प्रतिनिधि उमेश साहू, ने बताया की आए दिन लोग दुर्घटना का शिकार हो रहे है स्पीड ब्रेकर , सिंगनल नही होने के कारण सरपट गाड़ियां दौड़ रही है। इस संबंध में स्थानीय नागरिकों ने भी कई बार स्पीड ब्रेकर बनाने की माग की है अम्लेश्वर से जामगांव तक में रोड में स्कूल, कॉलेज, सरकारी आफिस, बाजार के साथ ही बड़ी आबादी निवास करती है और आने जाने का मार्ग एक ही है। जो इसी मार्ग का उपयोग करते है। व्यापारी वर्ग का बड़ा इलाका बनता जा रहा है जिसमें रोड के दोनो ओर दुकानें है तथा अमलेश्वर बाजार भी लगता है।

उमेश साहू ने आगे बताया की कई बार विज्ञप्ति दे चुके है और इस ज्वलंत मुद्दा से शासन को अवगत करा चुके है लेकिन फिर भी पी डब्लू डी द्वारा किसी प्रकार के ब्रेकर नही बनाया गया है।महादेव घाट पुल पार करने के बाद से सरपट दौड़ रही है चार पहिया और दो पहिया गाडियां जिस पर कोई लगाम नही है। मोतीपुर में ब्रेकर बनया गया लेकिन जाम गांव तक कही कोई ब्रेकर नजर नही आ रहा है जिसके कारण आए दिन एक्सीडेंट हो रहे है। और 7 महीने में ही दो मौत हो चुकी है।

रेस्ट हाउस के पास अंधा मोड़

जामगांव रेस्ट हाउस के पास ही अंधा मोड़ है। जान जोखिम में डालकर निकलना पड़ता है आती जाती गाड़ियां दिखाई नही पड़ती और ना ही कोई संकेतक चिन्ह बनाया गया है।

ना कोई ट्रैफिक सिग्नल ना ट्रैफिक वाला

अम्लेश्वर से लेकर जाम गांव तक कोई ट्रैफिक सिग्नल नही है और न ही कोई यातायात का सिपाही नजर आता है। समय समय पर जब कोई बड़ा कार्यक्रम होता है तब कुछ यातायात का अमला दिखाई पड़ता है। बाकी समय में जान जोखिम में है। स्थानीय निवासियों के मुद्दा को उठाते हुए युवा नेता उमेश साहू ने मांग की है कि स्पीड ब्रेकर, ट्रैफिक सिंगनल और यातायात सिपाही की मांग की है।

भारत में निदेशनुसार

भारत में सड़कों को लेकर नियम कायदा बनाने की जिम्मेदारी इंडियन रोड कांग्रेस पर है. इसका सबसे बड़ा काम है देशभर में बनने वाली सड़कों के लिए गाइडलाइंस जारी करना. स्पीड ब्रेकर को लेकर गाइडलाइंस जारी करती है।

क्या है नियम कायदा?

स्पीड ब्रेकर का काम है कुछ खास जगहों पर बेकाबू रफ्तार से चलने वाले वाहनों की स्पीड पर लगाम लगाना। इन जगहों में प्रमुख हैं स्कूल, अस्पताल, सरकारी कार्यालय, आबादी वाले इलाके आदि में वाहनों की रफ्तार कम करने के लिए रास्ते में एक छोटा सा अवरोध बनाया जाता है. इसे ही स्पीड ब्रेकर कहते हैं।

गोगांव में हर माह स्कूल पे स्पेशल कैंप

रायपुर/नवप्रदेश। शासकीय पूर्व मा. शाला गोगांव वार्ड क्रमांक 3 हर माह स्कूल पे स्पेशल कैंप लगाया जाता है यहां बच्चों के स्वास्थ्य का उपचार कर उन्हें दवाईयां दी जाती है जिससे कि उनकी पढ़ाई पर कोई परेशानी न आए। और यहां बाजार भी लगता है जो सुबह अपने जीवन व्यापम के लिए सब्जी बेचने के लिए बुर्जुग और महिलाएं आती है वे भी अपनी स्वास्थ्य का उपचार कर दवाईयां ले लेते है।

महंत कॉलेज में डिजिटल साक्षरता कार्यशाला

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी शहर रायपुर के महंत लक्ष्मीनारायण दास कॉलेज में रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त एवं रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के प्रबंध संचालक अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता एवं नगर पालिक निगम की उपायुक्त डॉ अंजलि शर्मा की विशेष उपस्थिति में कॉलेज के विद्यार्थियों हेतु डिजीटल साक्षरता पर आधारित कार्यशाला का आयोजन रखा गया. कार्यशाला एलीफेंट इको टैक पाठशाला सहित रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के सहयोग से डिजीटल साक्षरता पर आधारित अभिनव पहल रही. इस डिजीटल कार्यशाला में साइबर बुलिंग, वाइरस, डिजिटल पेमेंट फ्राड, फेक न्यूज, साइबर स्टैकिंग आदि से बचने के लिए कॉलेज के विद्यार्थियों को इंटरनेट के उपयोग हेतु सावधानियां बतलाई गयीं। उक्त डिजीटल कार्यशाला में वैभवी मोयल और प्रशिक्षक चन्दप्रकाश का सहयोग उल्लेखनीय रहा। कार्यशाला में मुख्य रूप से महंत लक्ष्मीनारायण दास कॉलेज के प्राचार्य डा. देवाशीष मुखर्जी, निगम उप अभियंता उद्यान आशुतोष पाण्डेय, सहायक ग्रेड - 3 श्रीमती श्वेता शिंदे सहित कॉलेज के विद्यार्थियों की उपस्थिति रही।

जागेश्वर का शाला जोगीडीपा का निरीक्षण



रायपुर/नवप्रदेश। पद्मश्री प्रो. जागेश्वर का प्रथम बार जिला महासमुन्द के सरायपाली ब्लाक में आगमन हुआ है। श्री यादव ने शासकीय प्राथमिक शाला जोगीडीपा संकुल केन्द्र जम्हारी वि.खण्ड सरायपाली का निरक्षण किया निरक्षण के दौरान यादव जी प्रधान पाठक श्री चन्द्रकुमार पटेल से एवं बच्चों से संवाद किया जिसमें शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं ''स्वस्थ्य रहबो मस्त रहबो'' का नारा दिया, बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की एवं प्रधान पाठक पटेल से कहा की शिक्षक हमारे जीवन में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अन्त में पटेल जी ने धन्यवाद ज्ञापन किया जिसमें कहा कि पद्मश्री जागेश्वर स्कूल में आगमन हमारे लिए बहुत सम्मान की बात है। आपके प्रेरणादायक शब्दों से हमारे बच्चों को नयी दिशा मिली है।

मौली माता महिला समूह को अस्पतालों में भोजन सप्लाई का जिम्मा

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व एवं उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रषासन एवं विकास विभाग अरूण साव के मागदर्षन में राज्य नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के दिषा निर्देष अनुसार रायपुर जिला प्रषासन के निर्देषन में राजधानी शहर रायपुर में नगर पालिक निगम के माध्यम से संचालित लोककल्याणकारी दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत् गठित मौली माता महिला स्व-सहायता समूह है। विगत 07 वर्षों से महिलाओं द्वारा निगम में जुड़ने के पश्चात् समूह की महिलायें एक नई पहल करते हुये अस्पतालों में केंटीन का काम संचालन कर रही है, जिसमें वे चाय, नाश्ता, भोजन इत्यादि सप्लाई का कार्य कर रही है। प्रतिदिन अस्पताल में लगभग 200 लोगो को भोजन दिया जाता है। केंटीन के माध्यम से समूह की महिलाओं को प्रतिमाह 5-6 लाख की आमदनी होती है। दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत जुड़ने के पश्चात् समूह की महिलाओं ने आवर्ती निधि 10000 रू. प्राप्त कर समूह के माध्यम से ई रिक्शा खरीद कर व्यवसाय शुरू किया और आज अस्पतालों में ई रिक्शा के द्वारा ही भोजन सप्लाई कर एक सशक्त नारी की भूमिका निभा रही है।

शिवाजी उद्यान को दिया सुन्दर स्वरूप

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व एवं उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरुण साव के मार्गदर्शन में राज्य नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के दिशा - निर्देश अनुरूप जिला प्रशासन के निर्देशन में राजधानी शहर रायपुर के नगर पालिक निगम के पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग के माध्यम से नगर निगम जोनों की तकनीकी टीमों के साथ मिलकर शहर के उद्यानों को संवारने एवं सुन्दर स्वरूप देकर अधिकाधिक जनपयोगी बनाने का कार्य तेजी के साथ निरन्तर प्रगति पर है. इन जनहितेषी कार्यों की प्रतिदिन मॉनिटरिंग कलेक्टर एवं निगम प्रशासक डॉक्टर गौरव कुमार सिंह एवं आयुक्त अबिनाश मिश्रा के निर्देशानुसार निगम उपायुक्त (उद्यान) डॉक्टर अंजलि शर्मा द्वारा की जा रही है। उपायुक्त उद्यान ने निगम जोन 10 के तहत वार्ड 56 के शैलेन्द्र नगर क्षेत्र में रिद्धि सिद्धि गार्डन की व्यवस्था प्रत्यक्ष उपअभियंता उद्यान आशुतोष पाण्डेय की उपस्थिति में देखी। नागरिकों द्वारा की गयी शिकायत को गंभीरता से लेते हुए उपायुक्त ने सम्बंधित अधिकारियों को रिद्धि सिद्धि गार्डन में ओपन जिम के उपकरणों में शीघ्र आवश्यक सुधार और मरम्मत किये जाने, पाथवे को सुव्यवस्थित व लाइटिंग व्यवस्था के निर्देश दिए हैं।

सरकार ओबीसी वर्ग के आरक्षण को बहाल करे : बैज

- **पत्रकारों से चर्चा करते हुए प्रदेश दीपक बैज ने कहा**

रायपुर/नवप्रदेश। अभी चुनाव कार्यक्रम घोषित नहीं हुआ है, सरकार आरक्षण को रद्द कर फिर से आरक्षण कराये। ओबीसी वर्ग के आरक्षण को बहाल करे, इसके लिये अध्यादेश लाना पड़े तो लाया जाये। विधानसभा की विशेष सत्र बुलाना पड़े, बुलाया जाये लेकिन ओबीसी वर्ग के आरक्षण को बहाल किया जाये। भाजपा सरकार के द्वारा कराये गये वर्तमान आरक्षण प्रक्रिया के चलते प्रदेश में ओबीसी वर्ग का नुकसान हुआ है। जिला पंचायत अध्यक्ष का एक भी सीट ओबीसी के लिये आरक्षित नहीं है। प्रदेश के सभी जिला पंचायत एवं जनपदों में जहां पहले 25 प्रतिशत सीटें अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों के लिये आरक्षित हुआ करती थी, अब अनुसूचित क्षेत्रों में ओबीसी आरक्षण लगभग खत्म हो गया है। पूर्व में ओबीसी के लिये आरक्षित ये सभी सीटें अब अन्य वर्ग के लिये आरक्षित हो चुकी है। साय सरकार के द्वारा आरक्षण प्रक्रिया के नियमों में किए गए दुर्भावनापूर्वक संशोधन के बाद अनुसूचित जिले और ब्लॉकों में जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य और पंचों का जो भी पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित था, अन्य वर्ग के लिये आरक्षित हो गया है। पहले ओबीसी को धोखा दिया, अब सामान्य वर्ग को ठगने जा रहे। जब पूरे प्रदेश में सरकार के खिलाफविरोध हो रहा तब कह रहे कि अनारक्षित वर्ग की आधा सीटों में पिछड़ा वर्ग को लड़ायेंगे। पहले तो पिछड़ों के संवैधानिक अधिकार में डाका डाला, अब जले पर नमक छिड़क रहे। अनारक्षित सीटों में तो सामान्य,

एससी, एसटी, ओबीसी कोई भी लड़ सकता है और जहां पर जैसी परिस्थिति होती है लोग लड़ते भी है, इसमें भाजपा क्या अहसान कर रही? भाजपा का अहसान नहीं बाबा साहब के संविधान के द्वारा दिया गया आरक्षण का अधिकार चाहिये। हार के डर से घबराई भाजपा ईवीएम की शरण में पहुंच गयी है। नगरीय निकाय ईवीएम से कराने की अधिसूचना जारी की गयी है। भाजपा को पता है कि बिना ईवीएम के वह कोई चुनाव नहीं जीत सकती है। पहले स्थानीय निकायों के चुनाव बैलेट पेपर से कराने की घोषणा उसके बाद यू-टर्न लेकर नगरीय निकायों के चुनाव ईवीएम से कराने का निर्णय बताता है कि भाजपा चुनाव से घबरा रही है। ईवीएम से चुनाव कराने का फैसला भाजपा के चुनावी डर के कारण आया है।

इसके पहले भी जिन राज्यों में ईवीएम से चुनाव में भाजपा की जीत हुई थी उन्हीं राज्यों में कुछ महिनों के अंदर बैलेट पेपर से हुये स्थानीय निकाय के चुनावों में भाजपा की बुरी तरह पराजय हुई थी। भाजपा यह जान रही है छत्तीसगढ़ में बैलेट पेपर से नगरीय निकाय के चुनाव में भाजपा नहीं जीतने वाली है इसीलिए घोषणा के बाद भी ईवीएम से चुनाव कराने की अधिसूचना जारी किया गया।

किसान धान बेचने के बाद भटक रहे भुगतान के लिए : प्रवक्ता ठाकुर

- **3100 रु क्विंटल की दर से नगद भुगतान का वादा था अब 2300 रुपए देने भी भटका रहे**

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि धान बेचने के बाद किसानों को भुगतान के लिए एक-एक हफ्ते तक भटकना पड़ रहा हैं।सरगुजा संभाग में 8 जनवरी के बाद धान बेचने वाले किसानों को अब तक भुगतान नहीं हुआ है। रायपुर संभाग में कई खरीदी केंद्रों में 10 जनवरी के बाद भुगतान नहीं हुआ है दुर्ग, बिलासपुर, बस्तर संभाग में भी यही स्थिति है। भाजपा सरकार आखिर किसानों को इतना परेशान क्यों कर रही है?

प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने भाजपा से पूछा क्या हुआ मोदी की गारंटी का किसानों से वादा किया गया था धान बेचने के तत्काल बाद 3100 रु क्विंटल की दर से एकमुश्त राशि पंचायत भवन में नगद भुगतान केन्द्र खोलकर किया जाएगा? 14 नवंबर से धान खरीदी शुरू हुई है लेकिन अभी तक किसी भी किसानों को 3100 रु क्विंटल की दर से भुगतान नहीं हुआ है।

किसी भी ग्राम पंचायत में किसानों को एकमुश्त राशि देने भुगतान केन्द्र नही खुला है। किसानों को धान बेचने के बाद समर्थन मूल्य का 2300 रु की दर से भुगतान किया गया। अब धान बेचने के बाद तो 2300 रु की दर से भी भुगतान लेने के लिए भी किसान भटक रहे हैं। 3100 रु का तो पता पता नहीं है अंतर की राशि भी कब मिलेगी इसकी कोई संभावना नहीं है।किसानों को मोदी की गारंटी भारी पड़ रही है भाजपा का वादा जो है जुमला साबित हो गया।

13 स्मार्ट टॉयलेट का नि:शुल्क संचालन महिलाओं हेतु 4 पिंक टॉयलेट संचालित

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेष के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व एवं उपमुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग अरूण साव के मागदर्शन में राज्य नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के दिशा निर्देश अनुसार जिला प्रशासन के निर्देशन में राजधानी शहर निगम क्षेत्र में आमजनों को जीवन में निरंतर दैनिक स्वस्थ परिवेश देने मॉनिटरिंग सहित कार्य निरंतर किया जा रहा है। निगम क्षेत्रांतर्गत कुल 10 जोन अंतर्गत 70 वार्ड है। जिसमें 201 सार्वजनिक,सामुदायिक शौचालय निर्मित है। सामुदायिक शौचालय की संख्या 112, सार्वजनिक शौचालयों की संख्या 72, स्मार्ट टॉयलेट की संख्या 13, एवं पिंक टॉयलेट की संख्या 4 है। रायपुर शहर के बस्तियों में स्थित 112 सामुदायिक शौचालयों का संचालन एवं संधारण स्वच्छता श्रृंगार योजना के तहत 7 संस्थाओं के माध्यम से किया जा रहा है जिसका उपयोग रहवासियों के लिये नि:शुल्क किया गया है तथा स्मार्ट टॉयलेट एवं पिंक टॉयलेट भी नि:शुल्क आधार पर संचालित किया जा रहा है। नगर पालिक निगम, रायपुर में निर्मित 4 पिंक टॉयलेट है जो सिर्फ महिलाओ की सुविधाओ को ध्यान में रखकर निर्माण कर संचालित किये जा रहे है। सर्वसुविधा युक्त 13 स्मार्ट टॉयलेट है।

आवास एवं पर्यावरण मंत्री के तीखे तेवर, दो अभियंताओं पर गिरी गाज

रायपुर/नवप्रदेश। छग में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति पर चल रही है। सुशासन के मद्देनजर शासकीय कार्यो में अनियमितता पाए जाने पर सख्ती से कार्रवाई हो रही है।

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल जगदलपुर के कार्यपालन अभियंता सीके ठाकुर व सहायक अभियंता नीरज ठाकुर को निर्माण कार्य में अनियमितताएँ पाए जाने पर तत्काल निलंबित कर दिया गया है। आवास एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा है कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता और प्रशासनिक कार्यों में किसी भी प्रकार की अनियमितता को सहन नहीं किया जाएगा। श्री चौधरी के निर्देश पर छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के आयुक्त कुंदन कुमार द्वारा कार्यपालन अभियंता और सहायक अभियंता का निलंबन आदेश तथा जगदलपुर के गृह निर्माण मण्डल के निर्माण कार्य से जुड़े ठेकेदार मेसर्स एन. के. कंस्ट्रक्शन दुर्ग को भी ब्लैकलिस्ट करने के लिए नोटिस जारी किया है। गौरतलब है कि बीजापुर जिले के भैरमगढ़, भोपालपट्टम और उसूर (आवापल्ली) ब्लॉकों में जीएडी आवास भवनों के निर्माण कार्यों में मिली शिकायतों के बाद मुख्यालय स्तर पर जांच की गई। जांच में वित्तीय अनियमितताएं और कार्यों में विलंब पाया गया, जिसके बाद ठेकेदार मेसर्स एनके कंस्ट्रक्शन दुर्ग के पंजीयन को निरस्त करने नोटिस जारी किया है। यह भी खुलासा हुआ कि कार्य से अधिक राशि का आखिरी भुगतान पूर्ववर्ती सरकार के समय किया गया था।

पालिका में 227 लाभार्थी के घर पहुँचा विष्णु की पाती

अम्लेश्वर/नवप्रदेश। देश के प्रत्येक परिवार के सर पर पक्की छत हो इस सोच को सकार करने के लिये प्रधानमंत्री आवास योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा हैं। जिसके तहत कच्चे मकान में निवासरत परिवार जो आर्थिक परेशानी के कारण पक्का मकान नहीं बना सकते उन्हें आवास योजना के घटक मोर जमीन मोर मकान के तहत पक्का मकान निर्माण करने राशि दी जा रही है। नगर पालिका परिषद अमलेश्वर सीमाक्षेत्र में मोर जमीन मोर मकान के तहत 353

स्वीकृत आवासों में 323 आवास पूर्ण हो चुके है, शेष आवास विभिन्न स्तर में प्रगतिरत है। पीएम आवास के लाभार्थियों को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नवीन पहल करते हुए विष्णु की पाती नाम से शुभकामना संदेश पत्र दिया है। उन्होंने अपने संदेश में आवास योजना के लाभार्थियों को स्वंय के पक्का आवास का सपना सकार होने पर बधाई देते हुये कहा है कि यह सफलता स्वाभिमान और आत्म निर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होने संदेश में कहा है कि एक परिवार अपने घर को केन्द्र में रखकर जीवन के सुनहरे सपने को बुनता है और नई पीढी के भविष्य की बुनियाद तैयार करता है। आपके परिवार तक इस जन कल्याणकारी योजना का लाभ पहुँचा है, मेरे लिये इससे बड़ी संतुष्टि कुछ और नहीं हो सकती। घर परिवार खुशहाल रहे इसके लिये छत्तीसगढ सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किये जा रहे है। उन्होंने लाभार्थियो को उनका नया घर खुशियो व समृद्धि से भरा होने की शुभकामनाएं दी है। परिषद सीमाक्षेत्र में आवास लाभार्थी में लगभग 290 से ज्यादा लाभार्थी को विष्णु की पाती भेजा जा रहा है, जिसमें से 227 पाती अब तक डाक के माध्यम से लाभार्थियों के घर पहुंचाने हेतु डाकघर (पोस्ट ऑफिस) में जमा कर दिया गया है।

ओबीसी आरक्षण कटौती का फैसला वापस ले सरकार : वर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। छग में नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ओबीसी आरक्षण प्रावधान में संशोधन करके दुर्भावना पूर्वक की गई कटौती वापस लेने की मांग करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि सामान्य सीटों पर ओबीसी को प्रतिनिधित्व देने का झूठा वादा करके भाजपा व साय सरकार ओबीसी विरोधी पाप से मुक्त नहीं हो सकती।ओबीसी वर्ग को उनके भागीदारी के अनुरूप आरक्षण का हक मिलना चाहिए, सरकार कुतर्क करके पिछड़ा वर्ग के हितों

के खिलाफ थोपे निर्णय को जायज ठहराना बंद करे और ओबीसी आरक्षण विरोधी तुगलकी फरमान तत्काल वापस ले। भाजपा के लोग जनता को गुमराह करना बंद करें। सामान्य सीटों पर प्रतिनिधित्व देने का वादा व ओबीसी समुदाय को उनकी आरक्षित सीटों का अधिकार दिए जाने में जमीन आसमान का अंतर है।

विधायक सोनी ने दी शानदार सौगात, पुरानी मांग पूरी हुई

- **सरजूबाँधा श्मशानघाट से अवैध कब्जा हटाया**
- **जीर्णोद्धार कर सुन्दर गार्डन बनाकर नवीन स्वरूप दिया**

रायपुर/नवप्रदेश। जिला प्रशासन के निर्देशन में नगर पालिक निगम के जोन क्रमांक 6 द्वारा जोन क्षेत्र के तहत सरजूबांधा श्मशानघाट में कुछ हिस्से में भूमाफियाओं द्वारा किये जा रहे अवैध कब्जों को हटाकर श्मशानघाट की लगभग 3 एकड़ भूमि को सुरक्षित किया गया एवं

वहाँ पर पूर्व के श्मशानघाट को जीर्णोद्धार कर नवीन स्वरूप दिया गया है और समाजहित में पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से वहाँ सुन्दर गार्डन का स्वरूप दिया गया है। रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत निगम जोन क्रमांक 6 के तहत शहीद राजीव पाण्डेय वार्ड नम्बर 62 के क्षेत्र में सरजूबाँधा शमशानघाट में नवीन सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार के कार्य का लोकार्पण वार्ड के पूर्व पार्षद समीर अख्तर, सरजूबाँधा नया तालाब श्मशानघाट विकास समिति के अध्यक्ष माधव लाल यादव और सचिव गोवर्धन झंवर, जोन 6 कमिश्नर रमेश जायसवाल, कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजनों, सामाजिक कार्यकर्त्ताओं, नवयुवकों, महिलाओं, आमजनों की उपस्थिति के मध्य करते हुए नागरिकों को राजधानी शहर रायपुर में शानदार सौगात दी है. नगर निगम रायपुर के जोन 6 के माध्यम से अधोसंरचना मद के अंतर्गत 1 करोड़ रूपये की स्वीकृत लागत से सरजूबाँधा श्मशानघाट का सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार का कार्य सहित सुन्दर गार्डन विकसित किया गया है और शवदाहगृह को नवीन स्वरूप में जनहित में जनसुविधा हेतु मृतकों का क्रिया कर्म अंतिम संस्कार सुविधायुक्त तरीके से किये जाने इसे सर्वसुविधायुक्त स्वरूप दिया गया है। सांसद बृजमोहन अग्रवाल और विधायक सुनील सोनी सहित रायपुर जिला प्रशासन एवं नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 6 को सरजूबांधा नया तालाब श्मशानघाट विकास समिति के अध्यक्ष माधवलाल यादव एवं सचिव गोवर्धन झंवर ने लोकार्पण अवसर पर समिति की ओर से सरजूबाँधा श्मशानघाट का सौंदर्यीकरण और जीर्णोद्धार करवाए जाने पर समिति की ओर से हार्दिक धन्यवाद दिया।

8 लाख का इनामी माओवादी मिलिट्री कमांडर मोतीराम गिरफ्तार

काँकेर/नवप्रदेश। थाना छोटेबेठिया के गांव सितरम के जंगल पहाड़ी क्षेत्र मे नक्सलियों एवं डीआरजी एवं बीएसएफ के जवानों के बीच हुई मुठभेड़ में मिलिट्री कंपनी नम्बर-5 के प्लाटून नंबर-2 कमांडर मोतीराम उर्फराकेश उसेण्डी ईनाम 8 लाख गिरफ्तार किया गया है। घटना स्थल से सुरक्षा बलों ने एक 1नग भरमार 1नग देशी एयरगन पिस्टल देशी बीजीएल सेल 7 नग सहित भारी मात्रा में अन्य नक्सल सामाग्री किया बरामद किया गया।नक्सलियों की उपस्थिति की आसूचना पर सुरक्षा बलों की पार्टी विशेष नक्सली विरोधी अभियान हेतु रवाना हुए थे। जिला कांकेर में सुन्दरराज पी.पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज जगदलपुर अमित कांबले उप पुलिस महानिरीक्षक रेंज कांकेर उप महानिरीक्षक बीएसएफ विपुल मोहन बाला के मार्गदर्शनआई.के.एलिसेला उप पुलिस महानिरीक्षक एंव वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पुलिस अधीक्षक कांकेर के निर्देशन में नक्सल उन्मूलन अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में नक्सलियों की उपस्थिति की सूचना पर दिनांक जिला बल डीआरजी एवं बीएसएफ की 47वी एवं 94वीं वाहिनी की संयुक्त पार्टी नक्सल गस्त सर्चिंग हेतु थाना छोटेबेठिया, कांकेर-नारायणपुर के सरहदी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम मरकाबेड़ा, करसकोड़ो,

सितरम व आस -पास जंगल क्षेत्र मे रवाना हुये थे,कि ग्राम सितरम व कोंगे के मध्य जंगल पहाड़ी क्षेत्र में सशस्त्र नक्सली एवं रावघाट/परतापुर एरिया कमेटी के नक्सलियों के द्वारा पूर्व से घात लगाकर सुरक्षा बलों को जान से मारने व हथियार लूटने की नीयत से अंधाधुनध फायरिंग करने लगे। जिस पर सुरक्षा बलों द्वारा भी आत्मसुरक्षार्थ जवाबी फायरिंग किया गया,दोनो ओर से लगभग रूक-रूक 01घंटा तक फायरिंग चला। पुलिस के बढ़ते दबाव को देखकर नक्सली जंगल-पहाड़ी का आड़ लेकर भाग गए, किंतु एक नक्सली मोतीराम उर्फराकेश उसेंडी को पकड़ने में कामयाब रहे।मुठभेड़ पश्चात घटना स्थल का सर्च करने पर मुठभेड़ स्थल से नक्सलियों द्वारा छुपाकर कर रखे भारी मात्रा में विस्फोटक व अन्य नक्सली सामाग्रियां बरामद किया गया। घटना मे सभी जवान सुरक्षित है, इसके पहले इसी अभियान में नक्सलियों का एक पुराना डेरा भी जवानों द्वारा नष्ट किया गया था।बाद सभी पार्टी अभियान करते हुए सुरक्षित कैम्प वापस आयीं।

बरामद सामाग्रियो का विवरण :- भारमार-01नग देशी एयरगन पिस्टल-01 नग देशी बीजीएल सेल -07 नग देशी बीजीएल सेल खाली-02 नग ड्रील मशीन -01 नग डीजिटल मल्टीमीटर -01 नग चार्जर पेड़-01 नग एयरगन -01 नग नक्सली वर्दी काला कलर -01पेंट,02 नग शर्ट, जूसर -01 नग बैटरी चार्जर स्विच के साथ वायर - 05 नग बैटरी- 3.6 वोल्ट-01नग बैटरी 3.7 वोल्ट -06 नग बैटरी 1.2 वोल्ट-03 नग कैमोप्लाईज पिट्ठू -01नग बरामद किया गया है।

कृषि विज्ञान केंद्र में कृषकों को दिया लाख उत्पादन का प्रशिक्षण

काँकेर/नवप्रदेश। कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर एवं राष्ट्रीय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान बरोण्डा रायपुर के संयुक्त तत्वाधान में आदिवासी उप योजना अंतर्गत नियद नेल्लानार ग्राम आलपरस, पानीडोबीर, ईच्छापुर, मर्दापोटी एवं कलमुच्चे लाख उत्पादन विषय पर कृषक प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केन्द्र कांकेर डॉ बीरबल साहू ने जिले में लाख उत्पादन की संभावनाओं से किसानों को अवगत कराया तथा लाख उत्पादन को आजीविका से जोड़ने की विषय में जानकारी प्रदान की। राष्ट्रीय जैविक स्ट्रेस प्रबंधन संस्थान बरोण्डा रायपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ जे.श्रीधर ने ऑनलाईन माध्यम से कृषकों को लाख उत्पादन के लिए प्रोत्साहित करते हुए उन्नत तकनीकी अपनाने की सलाह दी। प्राध्यापक कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र डॉ जे. एल.सलाम द्वारा लाख विपणन की जानकारी प्रदान की गई। वैज्ञानिक उपेन्द्र नाग ने लाख फसल के कीट एवं बीमारी की रोकथाम की जानकारी प्रदान की। साथ ही जिले के प्रगतिशील लाख उत्पादक कृषक श्री पुरषोत्तम मण्डावी एवं श्री नरेन्द्र कुमार पटेल ने कृषकों को अपने अनुभव साझा किये तथा लाख उत्पादन की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित कृषकों को बीहन लाख का वितरण किया गया तथा लाख में पौध संरक्षण के लिए उपयोग की जाने वाली गटर स्प्रेयर का वितरण किया गया। प्रशिक्षण के दौरान जनपद सदस्य मुख्य अतिथि श्री ईश्वर कावड़े, सरपंच ग्रांम पंचायत सिंगारभाट श्री पन्ना लाल ठाकुर, तथा डॉ एन. के. रस्तोगी अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र कांकेर उपस्थित थे।

ग्राम भण्डोरा में कल कवि सम्मेलन

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। ग्राम भण्डोरा (बिलाईगढ़) में 19 जनवरी 2024 को संत गुरु घासीदास जयंती के अवसर पर भव्य हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। छत्तीसगढ़ के जाने-माने कविगण जिसमें शशिभूषण, स्नेही, कैथा (बिलाईगढ़), गजराज महंत (भिलाई), कृष्णा भारती (सिमगा), शरद यादव अक्स (सीपत), कमलेश यादव धाकड़(बरमकेला),हितेन्द्र पाण्डे अंचल (बसना), विनोद डडसेना विनम्र(बिलाईगढ़) एवं कवयित्री सोमप्रभा तिवारी नूर(बिलासपुर) से आमंत्रित हैं। कार्यक्रम का संयोजन भण्डोरा (बिलाईगढ़) के उभरते कवि लोकनाथ ताण्डेय मधुर ने किया है। आयोजन जय सतनाम युवा समिति भण्डोरा के द्वारा किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक पहुंचने की अपील की गई है।

दो दिवसीय प्राथमिक उपचार प्रशिक्षण में जिले के 73 वाहन चालक हुए शामिल

धमतरी/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं अध्यक्ष इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जिला शाखा धमतरी सुश्री नम्रता गांधी के मार्गदर्शन में 15 एवं 16 जनवरी को विभागीय वाहन चालकों का प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के प्रशिक्षण हॉल में आयोजित किया गया। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.यू.एल.कौशिक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ.प्रिया कंवर सहित कुल 73 वाहन चालक उपस्थित रहे। इनमें पहले दिन 37 और दूसरे दिन के प्रशिक्षण में 36 वाहन चालकों ने प्रशिक्षण दिया।

भाजपा चुनाव प्रभारी ने मंडल की बैठक लेकर चुनावी रणनीति पर की चर्चा

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के नगर पालिका दंतेवाड़ा के चुनाव प्रभारी, नारायणपुर के पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बृजमोहन देवांगन आज बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी के पावन धरा दंतेवाड़ा पहुंचे। श्री देवांगन ने भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता, धीरेंद्र प्रताप, पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ के साथ देवी दर्शन कर खुशहाली एवं सुख समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त किया। तत्पश्चात भाजपा जिला कार्यालय चितालंका में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर आयोजित बैठक में शामिल होकर प्रदेश नेतृत्व द्वारा दिए गए दिशा निर्देश की जानकारी देते हुए चुनावी रणनीति पर पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ से चर्चा

कर विचार विमर्श किया। भाजपा कार्यालय आगमन पर नपा दंतेवाड़ा चुनाव प्रभारी श्री देवांगन का भाजपा कार्यकर्ताओ ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुवात पं. दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुख़र्जी, अटल बिहारी वाजपेयी एवं भारत माता के छाया चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री एवं जिपं. सदस्य रामु नेताम ने किया एवं आभार व्यक्त भाजपा मंडल महामंत्री रुपन मंडल ने किया। श्री देवांगन ने कहा की भाजपा के समर्थित नपा अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष दंतेवाड़ा में वर्तमान में भी है और पूरा विश्वास है की सभी कार्यकर्ताओ की मेहनत से हम फिर नपा में और अधिक शक्ति से भाजपा का परचम लहराकर कब्ज़ा बरक़रार रखेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने कहा की मुझे पूरा विश्वास है भाजपा समर्थित उम्मीदवार सभी जगह जिले में नगरीय निकाय व पंचायतो में अधिक मतों से विजयी होंगे। इसके लिए आप सभी कार्यकर्ताओ को एकजुट होकर पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक भाजपा सरकार बनाये रखने हेतु टिकट किसे भी मिले हमारा उम्मीदवार एक है वो है कमल का फूल, आप सभी देवतुल्य कार्यकर्ता ही भाजपा की ताकत है और कार्यकर्ता ही इसे संभव करेंगे। जिला महामंत्री धीरेन्द्र प्रताप ने कहा की सभी कार्यकर्ताओ के मेहनत से ही कभी कांग्रेस का गढ़ रहे दंतेवाड़ा में आज अधिक से अधिक जगह भाजपा के जनप्रतिनिधि है इसी तरह हम सबको एक होकर चाहे टिकट के दावेदार जो भी हो स्वागत है पर टिकट किसी एक को मिलता है उसके बाद सब एक होकर पार्टी के लिए समर्पित होकर कार्य करे। इस दौरान प्रदेश मंत्री ओजस्वी मंडावी, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष कमला विनय नाग, मुकेश शर्मा,सुनीता भास्कर, राकेश कुशवाहा अन्य मौजूद थे।

तीन दिवसीय राज्य स्तरीय संगीतमय मानस गान सम्मेलन का हुआ शानदार समापन

अंतागढ़/नवप्रदेश। प्रति वर्ष की भाँति इस वर्ष भी मकर संक्रांति के पावन अवसर पर तीन दिवसीय संगीतमय मानस गान का आयोजन नगरवासियों के सहयोग से मां आमाबुंदिन शीतला माता मंदिर प्रांगण में संपन्न हुआ। मानस गान आयोजन का यह शानदार नौंवा वर्ष था जिसमें समस्त नगरवासी व क्षेत्रवासियों ने इस आयोजन का भरपूर आनंद लिया। इस वर्ष राज्यभर के ख्यातिप्राप्त 18 मंडलियां व स्थानीय स्तर के चार मानस मंडलियां अपनी संगीतमय प्रस्तुति दी। आयोजन के अंतिम दिन मुख्यअतिथि सांसद भोजराज नाग उपस्थित हुए साथ मे विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष राधेलाल नाग, रामबिलास गुप्ता, अखिलेश श्रीवास्तव, जीतू मरकाम, बंटी ठाकुर, माखन सिंह, प्रतिक ठाकुर सहित नगर के गणमान्य लोग मौजूद रहे। अंतिम दिवस रामकथा का श्रवण करने भारी संख्या में नगरवासी उपस्थित हुए एवं भक्तिमय भजनों के साथ थिरकते नजर आए। आयोजन के प्रथम दिवस जय मां सरस्वती गंधर्व मानस परिवार अंतागढ़ मुरली मनोहर महिला मानस परिवार कोयलीबेडा (कांकेर) मां के ममता मानस परिवार चिंल्हाटी (कांकेर) पूजा बालिका मानस परिवार बठेना (धमतरी) संगम मानस परिवार छिपली (नगरी), देवी आराध्य महिला मानस परिवार रामडीही पिथौरागढ गुरु गीता मानस परिवार ईमलीपारा (कांकेर)

कुल सात मंडलियों ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। वहीं द्वितीय दिवस ऊं सांई महिला मानस मंडली नयापारा अंतागढ़, श्री रामप्रसाद मानस परिवार उपरपारा अंतागढ़ गंगासारंग मानस परिवार कोरगांव (कोंडागाव) सुरसिगांर मानस परिवार गातापार (अभनपुर) शिव-शक्ति मानस परिवार खमहरिया (अभनपुर) तुलसी के संदेश महिला मानस परिवार गागरा (धमतरी) मोर मयारु मानस परिवार गुदगुदा (धमतरी) तुलसी के बिखा मानस परिवार नागाबुडा (गरियाबंद) और अंतिम दिवस

जय मां शीतला मानस परिवार अंतागढ़ सुर सरिता मानस परिवार मोगरापाली (उड़ीसा) मंगल माधुर्य महिला मानस परिवार गुरामी (डौडी लोहारा) सोर संदेश मानस परिवार खैरझीटी (महासमुंद) सांई कृपा मानस परिवार जीवतरा महासमुन्द मधुरिमा मानस परिवार बरोडा (महासमुंद) भुमिजा महिला मानस परिवार गुढियारी रायपुर, इस तरह राज्य भर से कुल 22 मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति दी। आयोजन के अंत में निर्णायक मंडल द्वारा परिणाम घोषित किया गया जिसमें महिला टीम मे प्रथम स्थान मंगल माधुर्य महिला मानस परिवार गुरामी द्वितीय पुरस्कार भुमिजा महिला मानस परिवार गुढियारी रायपुर तथा तृतीय पुरस्कार तुलसी के संदेश महिला मानस परिवार गागरा (धमतरी) को प्राप्त हुआ। इस तरह पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान मोर मयारु मानस परिवार गुदगुदा (धमतरी) द्वितीय पुरस्कार सांई कृपा मानस परिवार जीवतरा महासमुन्द, एवं तृतीय पुरस्कार सुर सरिता मानस परिवार मोंगरापाली (उड़ीसा) को प्राप्त हुआ। आयोजन समिति के समस्त सदस्यों को सन्मति वस्त्रालय व सन्मति ट्रांसपोर्ट के राजेश जैन एवं उनके परिवार की ओर से शाल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। अंत में कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए मानस गान आयोजन समिति के अध्यक्ष अमलसिंह नरवास की ओर से आभार प्रकट किया गया तथा ग्राम के समस्त देवताओं व गायता पंच पुजारी ग्राम पटेल एवं शीतला समिति के सदस्यों का मानस गान आयोजन समिति के द्वारा ससम्मान बिदाई दिया गया।

आज जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश हेतु 7 केंद्रों पर होगी चयन परीक्षा

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय बारसूर में सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 18 जनवरी को किया जाएगा। जिले में कुल 7 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जिनमें दंतेवाड़ा में स्वामी आत्मानंद हिंदी व अंग्रेजी माध्यम हायर सेकेंडरी स्कूल, गीदम में शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल व कन्या शिक्षा परिसर जावंगा, कुआकोंडा में शासकीय बालक एवं बालिका हायर सेकेंडरी स्कूल, कटेकल्याण में मुख्यमंत्री डीएवी पब्लिक स्कूल शामिल हैं। परीक्षा का समय सुबह 11.30 से 1.30 बजे निर्धारित है। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से 1 घन्टे पहले पहुंचकर रिपोर्ट करना होगा। परीक्षा से पूर्व गुरुवार को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें जिला शिक्षा अधिकारी एस के अम्बष्ट ने सभी खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया। प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार यादव ने कहा कि सभी परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र वितरित किए जा चुके हैं। चूंकि यह परीक्षा अखिल भारतीय स्तर पर होनी है, इसके लिए परीक्षा केंद्रों पर किसी भी तरह के अनुचित साधनों के इस्तेमाल रोकने, गोपनीयता, सुरक्षा व्यवस्था के पर्याप्त इंतजाम होने चाहिए। कार्यशाला में सभी बीईओ, सभी केंद्राध्यक्ष व प्रभारी उपस्थित थे।

जनकपुर वार्ड से 3 महिला उम्मीदवारों ने ठोका दावा

■ **जिला भाजपाध्यक्ष को नियुक्त पर्यवेक्षकों ने सौंपी रिपोर्ट**

काँकेर/नवप्रदेश। निकट भविष्य में संपन्न होने जा रहे नगर पालिका तथा नगर पंचायत चुनाव हेतु भाजपा जिलाध्यक्ष महेश जैन द्वारा विभिन्न वार्डों के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए थे। काँकेर जनकपुर वार्ड हेतु वरिष्ठ भाजपा सदस्य मंडल कोषाध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी तथा विजयलक्ष्मी कौशिक ने पर्यवेक्षक का निष्पक्ष कर्तव्य निभाते हुए अपनी रिपोर्ट आज जिला अध्यक्ष महेश जैन तथा मंडल चयन समिति के समक्ष प्रस्तुत कर दी है। रिपोर्ट में उन्होंने अनुसूचित जाति महिला हेतु आरक्षित जनकपुर वार्ड से भाजपा टिकट की 3 दावेदार महिला प्रत्याशियों के नामों की सूची प्रस्तुत की है। जो क्रमश: पुष्पा बिछिया, मंजू सारथी तथा कुमारी मंजू सेमरे हैं, जिन्होंने अपनी पार्टी सेवा व उपलब्धियों का वर्णन करते हुए जनकपुर वार्ड पार्षद का चुनाव लड़ने हेतु भाजपा टिकट की मांग की है।

जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा आज 8480 परीक्षार्थी होंगे शामिल

■ **निरीक्षण हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त**

काँकेर/नवप्रदेश। जवाहर नवोदय विद्यालय करप में कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा 18 जनवरी शनिवार को पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक आयोजित की जायेगी, जिसमें जिले के सभी विकासखण्डों से 8 हजार 480 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने परीक्षा केन्द्रों के सघन निरीक्षण हेतु जिला शिक्षा अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। साथ ही उनके द्वारा तहसील स्तरीय उड़नदस्ता दल के लिए परीक्षा केन्द्र से संबंधित तहसीलदारों को दायित्व सौंपा गया है।

जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा को सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए जिले में 28 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं, जिनमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक अंतागढ़, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कन्या अंतागढ़, एकलव्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अंतागढ़, स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम हायर सेकेण्डरी स्कूल नरहरपुर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरहरपुर, शास. बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरोना, शास. कन्या उ.मा.विद्यालय सरोना, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चारामा, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चारामा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लखनपुरी तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गिरहोला (चारामा) को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

इसी प्रकार प्रवेश परीक्षा हेतु शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पखांजूर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोयलीबेड़ा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छोटेकापसी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़गांव, आराधना उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पखांजूर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालक भानुप्रतापपुर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संबलपुर, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भीरागांव, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भानबेड़ा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरहरदेव कांकेर, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कांकेर, शासकीय पंडित विष्णुप्रसाद शर्मा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोविन्दपुर, सेंट माईकल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोविन्दपुर, स्वामी आत्मानंद हायर सेकेण्डरी स्कूल दुर्गूकोंदल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमकसा, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हाटकोंदल और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोण्डे को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

प्रथम पेज का शेष

किरण पुनः बने अध्यक्ष, भाजपा ...

किया। इस अवसर पर भारी संख्या में उपस्थित केंद्रीय पदाधिकारियों, प्रदेश पदाधिकारियों, मंत्रियों, सांसदों, विधायकों व कार्यकर्ताओं की करतल ध्वनि और गगनभेदी नारों के बीच तावड़े ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जगतप्रकाश नड्डा की ओर से पुष्पमाला पहना कर स्वागत किया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन,पर्यवेक्षक गजेंद्र पटेल पूर्व राज्यपाल रमेश बैस,उपमुख्यमंत्री अरुण साव,विजय शर्मा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जमवाल,संगठन महामंत्री पवन साय सही सभी नेतागणों ने किरण सिंहदेव का अभिनंदन कर उन्हें बधाई दी। प्रदेश के सभी महामंत्री संजय श्रीवास्तव, जगदीश (रामू) रोहरा, भरतलाल वर्मा व रामजी भारती तथा रायपुर शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश ठाकुर व रायपुर ग्रामीण जिला अध्यक्ष श्याम नारंग ने गजमाला पहना कर स्वागत किया।

17 सदस्यों को राष्ट्रीय परिषद में शामिल

भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री तावड़े ने इस दौरान राष्ट्रीय परिषद के लिए 17 सदस्यों विष्णु देव साय, अरुण साव, विजय शर्मा, सरोज पांडे, लता उसेंडी, तोखन साहू, बृजमोहन अग्रवाल, विक्रम उसेंडी, संतोष पांडे, विजय बघेल, पुन्नूलाल मोहिले, दयालदास बघेल, केदार कश्यप, रूपकुमारी चौधरी, खूबचंद पारख, ननकी राम कंवर, देवेंद्र राजा प्रताप सिंह के नाम की घोषणा की। सभी राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनाव हेतु वोट करेंगे।

समय पर पूर्ण किया ...

संगठन के कार्य में सहयोग करने के लिए कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए आगामी कार्यकाल के लिए इसी तरह सहयोग की कामना की।

पूर्व पीएम को 14 तो ...

ली थी। इस मामले में पहले वे तीन बार फैसला टाल चुके हैं। फैसले का एलान होते ही पुलिस बुशरा बीबी को हिरासत में ले लिया। फैसले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को भ्रष्ट आचरण और अधिकार के दुरुपयोग का दोषी ठहराया गया है। जबकि बुशरा बीबी को अवैध गतिविधियों में शामिल होने का दोषी माना गया। न्यायाधीश ने अधिकारियों को अल-कादिर ट्रस्ट विवि को सरकार को सौंपने के निर्देश दिए। फैसले के बाद अदियाला जेल की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। इमरान खान ने कहा कि फैसले ने न्यायपालिका की प्रतिष्ठा को धूमिल किया है। इस मामले में न तो मुझे फायदा हुआ और न ही सरकार को नुकसान हुआ। मैं कोई राहत नहीं चाहता और सभी मामलों का सामना करूंगा। उन्होंने कहा कि एक तानाशाह यह सब कर रहा है।

राष्ट्रपति मुर्मु ने गुकेश सहित चार ...

संजय, जरमनप्रीत सिंह और सुखजीत सिंह को हॉकी में, राकेश कुमार को (पैरा-तीरंदाजी), प्रीति पाल (पैरा एथलेटिक्स)अजित सिंह, सचिन सरजेराव खिलारी (पैरा एथलेटिक्स) और धर्मबीर (पैरा एथलेटिक्स), प्रणव सूरमा (पैरा एथलेटिक्स), एच होकातो सेमा (पैरा एथलेटिक्स), सिमरन (पैरा एथलेटिक्स), नवदीप (पैरा एथलेटिक्स),नितेश कुमार (पैरा बैडमिंटन) को, थुलासिमाती मुरुगेसन (पैरा बैडमिंटन), नित्याश्री सुमाथी सिवान (पैरा बैडमिंटन), मनीषा रामदास (पैरा बैडमिंटन), कपिल परमार (पैरा जूडो) और मोना अग्रवाल (पैरा निशानेबाजी) को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया।

सुभाषा राणा (पैरा निशानेबाजी नियमित वर्ग), दीपाली देशपांडे (निशानेबाजी नियमित वर्ग), संदीप सांगवान (हॉकी नियमित वर्ग),एस मुरलीधरन (बैडमिंटन लाइफ्टाइम वर्ग) और अरमांडो एगनेलो कोलाको (फुटबॉल (लाइफ्टाइम वर्ग) के द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया। सुचा सिंह (एथलेटिक्स) और मुरलीकांत राजाराम पेटकर (पैरा तैराक) को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिये अर्जुन पुरस्कार (लाइफ्टाइम) पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी (विजेता), लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी (प्रथम उपविजेता), अमृतसर गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी (द्वितीय उपविजेता) को मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्रॉफी से सम्मानित किया गया। फिजिकल एजुकेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया को राष्ट्रीय खेल प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

चुनाव से बोर्ड एग्जाम...

और चुनाव सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि कल मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन किया जाएगा। बैठक में मतदाता सूची की समीक्षा की गई जिसमें मतदाता सूची को अद्यतन करने और नए मतदाताओं के नाम जोडने की प्रक्रिया पर जोर देते हुए कल 18 जनवरी को अंतिम प्रकाशन पर चर्चा हुयी ।

बैठक में रूट चार्ट एवं वाहन व्यवस्था सुनिश्चित करने, नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने हेतु आवश्यक व्यवस्था, राजनैतिक दलो के साथ बैठक, मतपत्र एवं निर्वाचन मतपत्र मुद्रण की व्यवस्था, आगामी निर्वाचन हेतु प्रतिबन्धात्मक कार्यवाही अस्त्र- शस्त्र पर आवश्यक प्रतिबंध तथा लायसेंस जब्ती, वाहनों की सघन चेकिंग, मदिरा बिक्री पर प्रतिबंध आदि के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई। पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने बैठक में सुरक्षा प्रबंधन पर विस्तृत जानकारी दी और कहा कि चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए विशेष सुरक्षा बलों की तैनाती की जाएगी। उन्होंने संवेदनशील मतदान केन्द्रों में और विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता पर बल दिया।

न्यूज गैलरी

निदान 1100 में करें शिकायत, निगम करेंगी 24 घंटों में निराकरण

दुर्ग। निगम प्रशासन ने निदान-1100 में शहर से ऑनलाइन दर्ज समस्त नागरिकों से अपील, आस पास के क्षेत्रों में कचरा या गंदगी दिखने पर करें निदान 1100 पर शिकायत करें।कलेक्टर/निगम प्रशासक ऋचा प्रकाश चौधरी व आयुक्त सुमित अग्रवाल द्वारा शहर के समस्त आम नागरिकों से अपील है कि, वार्डों में अपने आस पास के रहवासी क्षेत्रों, व्यावसायिक क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थानों आदि पर कचरा या गंदगी दिखने पर तुरंत नगर निगम के टोल फ्री नंबर निदान 1100 पर शिकायत दर्ज करे,जिसका 24 घंटों के अंदर समाधान किया जाएगा। और इस प्रकार अपने शहर को स्वच्छ बनाने में सहयोग प्रदान करेंगें। निदान 1100 में साफ सफाई सड़क, बिजली, पानी, साफ-सफाई सहित अन्य समस्याओं का समय-सीमा में निराकरण कर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की ग्रेडिंग में ए ग्रेड हासिल कर रही है। निगम प्रशासन ने ऑनलाइन शिकायत प्राप्त होने के बाद न केवल निर्धारित समय सीमा में निराकरण किया, बल्कि कलेक्टर/निगम प्रशासक व आयुक्त के निर्देशानुसार निराकरण के बाद शिकायतकर्ता के फोन नंबर पर संपर्क कर फीडबैक लेने का कार्य भी किया जाएगा। ऑनलाइन शिकायत निवारण प्रणाली की रिपोर्ट के अनुसार शहर से में दर्ज कई शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा में निराकरण किया। यानी कि निगम के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने शिकायत दर्ज होने के 24 घंटे के शिकायतों का निराकरण किया जाएगा।

सर्वसम्मति से जारी की सूची

कुम्हारी। देवांगन समाज भवन में हुई देवांगन समाज की सामाजिक बैठक में नगर इकाई का प्रतिनिधित्व करने के लिए विचार विमर्श कर अध्यक्ष, रमेश कुमार देवांगन, उपाध्यक्ष पोषण लाल देवांगन, गिरीश कुमार देवांगन, सचिव रोशन कुमार देवांगन, सह सचिव शुभम् देवांगन, कोषाध्यक्ष मंगल देवांगन, अनिल देवांगन, विशेष सलाहकार तेजराम देवांगन, विष्णु देवांगन, संरक्षक भेखराम देवांगन, शिव देवांगन का सर्वसम्मति से निर्वाचन कर देवांगन समाज का प्रतिनिधि चुन लिया गया। बैठक में देवांगन समाज के वरिष्ठ तथा युवा बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को विष्णु देवांगन, तेजराम देवांगन सहित समाज के वयोवृद्धों तथा युवाओं ने बधाइयाँ देते हुए समाज को सुदृढ़ बनाने व उपलब्धियाँ प्राप्त करने शुभकामनायें दी।

महोत्सव एवं सम्मान समारोह

कुम्हारी। आज सरस्वती शिशु मंदिर एवं जीसीसी सेंटर कुम्हारी के संयुक्त तत्वावधान में पुण्यश्लोक लोकमाता देवी अहिल्याबाई होलकर की त्रिशताब्दी जन्मवर्ष महोत्सव का आयोजन होगा। साथ ही प्रतिभावान भैया-बहनों का सम्मान भी किया जाएगा। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता संजय पाण्डेय (पूर्व अध्यक्ष स.शि.म. एवं व्यवसायी) करेंगे। मुख्य वक्ता के रूप में शताब्दी पाण्डेय (अखिल भारतीय कार्यकारणी सदस्य, सहकार भारती), विशिष्ट अतिथियों में प्रतीक सराओगी (के.एस.के. इंडस्ट्रीज), आलेख बेहरा (सामाजिक कार्यकर्ता), हरिदास वैष्णव (पूर्व व्यवस्थापक स.शि.म.) शामिल होंगे।

भिलाई इस्पात संयंत्र व नगर पालिक निगम के बीच हुआ ओएमयू

विधायक ललित की पहल पर निगम को मिली 151 एकड़ जमीन

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। उपाध्यक्ष राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा क्षेत्र विकास प्राधिकरण एवं विधायक ललित चंद्राकर की विशेष पहल पर निगम को 151 एकड़ जमीन मिली है। कई दौर हुई बैठक के बाद गुरूवार को जमीन हस्तांतरण बैठक में विराम लगा। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी और संयंत्र प्रबंधन की ओर से मुख्य प्रबंधक उत्पल्ल दत्त ने ओ.एम.यू. मे हस्ताक्षर किए। खास बात यह है कि विधायक चंद्राकर एक वर्ष से लगातार जमीन हस्तांतरण के लिए प्रयास कर रहे थे। कलेक्टर की मध्यस्थता में बैठक भी हुई। परिणाम स्वरूप गुरूवार को कलेक्टोरेट में सुबह 11 बजे ओएमयू हस्ताक्षर के बाद प्रतिया प्रशासन और प्रबंधन ने एक दूसरे को दी। इस दौरान आयुक्त मोनिका वर्मा समेत भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन पवन कुमार, सजीव, सुरजीत मलिक व डीजीएमआरके गर्ग विशेष रूप से उपस्थित थे।

योजनाओं का मिलेगा लाभ

गुरूवार को जमीन हस्तांतरण संबंधी हुए एम.आर.यू. वाले जमीन पर बसाहट है। वर्षो से बी.एस.पी. के इस जमीन पर लोग आवास बनाकर निवासरत है। जमीन का मालिकाना हक नहीं होने की वजह से यहां निवासरत लोगों को आवास जैसी अन्य सुविधाएं नहीं मिल रही थी। वही दूसरी ओर इन क्षेत्रों में विकास कार्य करने नगर पालिक निगम को भिलाई इस्पात संयंत्र पर निर्भर रहना पड़ता था।

सांसद ने उठाए थे सवाल

भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा जमीन हस्तांतरण प्रक्रिया विलंब करने पर दुर्ग सांसद विजय बघेल ने लोकसभा सत्र के प्रश्नकाल में रिसाली निगम के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था। सांसद के प्रश्नकाल के बाद ही बी.एस.पी. प्रबंधन हरकत में आई। सांसद ने सेल से रिसाली निगम क्षेत्र में आने वाले रिक्त भूमि को भी हस्तांतरित करने की मांग की है। रिक्त भूमि मिलने से रिसाली निगम के पास अपना कार्यालय, ऑडिटोरियम, नालंदा परिसर, अस्पताल, कॉलेज होगा।

पूर्व में दिया था 290 एकड़

जनवरी 2022 में 32 वर्ष पुराने ओएमयूके आधार पर 290 एकड़ जमीन भिलाई एवं रिसाली निगम को संयुक्त रूप से दिया था। इसमें से 153.70 एकड़ जमीन रिसाली निगम सीमा क्षेत्र में है। उपरोक्त भूमि भी बसाहट वाला है।

जाने कहा कितनी जमीन

स्टेशन मरोदा 25.68 एकड़, मौहारी बगीचा 12.09 एकड़, नेवई पुराना 21.56 एकड़, नेवईभाठा 7.03 एकड़, एच.एस.सी.एल. कालोनी - 85.13 एकड़।

पीएम आवास फेस-2 के हितग्राहियों का आज से सर्वे

दुर्ग। निगम क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत रैपिड असेसमेंट सर्वे शुरू किया जा रहा है। इस योजना के तहत 16 जनवरी से निगम क्षेत्र के 60 वार्डों में घर घर जाकर जहां नागरिकों को योजना से लाभ आवेदन प्रक्रिया और अन्य जानकारी दी जाएगी। जिला कलेक्टर / निगम प्रशासक ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश एवं कमिश्नर सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में अधिकारियों और कर्मचारियों को विभिन्न वार्डों में ड्यूटी पर लगाया गया है। शिविर का आयोजन सुबह 10 से शाम 5 बजे तक होगा। कमिश्नर सुमित अग्रवाल एवं प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के नोडल अधिकारी दिनेश नेताम के द्वारा निर्देशित जिसे पूर्व में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) का लाभ नहीं मिला है उनका सर्वे कर 03 दिवस के भीतर में प्रत्येक वार्ड से 05 मोर जमीन-मो मकान6 (बीएलसी) के पात्र हितग्राहियों का सर्वेक्षण किया जाना है।

जिले ने क्षेत्रीय उद्यमिता के लिए दूरदर्शी लक्ष्यों के साथ राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस मनाया

भारत के आर्थिक विकास व रोजगार सृजन में स्टार्टअप का योगदान

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिला इनक्यूबेशन हब, टीआईएसएस इनक्यूब फाउंडेशन (टीआईएफ) और दुर्ग जिला प्रशासन की एक संयुक्त पहल से आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में शिक्षाविदों,छात्रों, सरकारी अधिकारियों और हब में कार्यरत उद्यमियों का एक जीवंत मिश्रण एक साथ आया, जिसने क्षेत्र की बढ़ती उद्यमशीलता की भावना को उजागर किया।

कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने उद्यमशीलता के क्षेत्र में नवाचार और सतत विकास को बढ़ावा देने में हब की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत के आर्थिक विकास, नवाचार और रोजगार सृजन में स्टार्टअप के महत्वपूर्ण योगदान का सम्मान करने लिए 16 जनवरी 2025 को राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस मनाया जा रहा है। नवाचार, रोजगार सृजन और तकनीकी उन्नति में स्टार्टअप की महत्वपूर्ण भूमिका है। मनुष्य जीवन की मूलभूत आवश्यकता रोटी, कपड़ा और मकान है। प्रदेश के ग्रामीण व दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति तक सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा पेयजल जैसी सभी मूलभूत सुविधाएं प्राप्त हो रही है, किंतु पर्याप्त आमदानी प्राप्त नही हो रही है। आर्थिक रूप से सक्षम व अर्थव्यवस्था को बढ़ाने के लिए उद्यमशीलता को बढ़ावा देना होगा और इसके लिए युवाओं को आगे आना होगा। यदि कोई युवा या व्यक्ति उद्यमिता के क्षेत्र में नवाचार करने के इच्छुक हैं तो उन्हें शासन व प्रशासन की ओर से हर संभव मदद दी जाएगी। यदि आप उस क्षेत्र में असफल भी होते हैं तो निराश होने की जरूरत नही है। असफलता हमारी कमजोरी दिखाती है। उन्हें दूर कर हम भविष्य में सफल हो सकते हैं। आयुक्त राजीव कुमार पांडे ने स्थानीय स्टार्टअप का समर्थन करने और क्षेत्र के आर्थिक ढांचे में उद्यमशीलता को एकीकृत करने के महत्व को रेखांकित करते हुए अपने विचार साझा किए।

इस दौरान प्रोफेसर सत्यजीत मजूमदार ने स्टार्टअप और उद्यमिता पर अपना दृष्टिकोण साझा किया। सुजय दीक्षित, सीईओ टीआईएसएस इनक्यूब फाउंडेशन ने डिस्ट्रिक्ट इनक्यूबेशन हब के विजन को साझा किया। इस कार्यक्रम में हब के सहयोगात्मक प्रयासों को प्रदर्शित किया गया। दुर्ग के उद्योगों और इसके निवासियों के विकास को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से उद्यमी पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण किया गया। डिस्ट्रिक्ट इनक्यूबेशन हब की स्थापना जिले व यहां निवासरत लोगों के विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए सभी प्रकार के स्टार्टअप का समर्थन करने के लिए किया गया है।

हब का उद्देश्य स्थानीय नवाचार को बढ़ावा देना, रोजगार सृजन को बढ़ावा देना और महिलाओं कम प्रतिनिधित्व वाले समूहों को सशक्त बनाना है। स्टार्टअप कृषि, हस्तशिल्प और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में व्यवसायों के लिए सलाह और बुनियादी ढाँचा प्रदान करना। शिक्षा जगत के साथ नवाचार और उद्यमशीलता की सोच की संस्कृति को बढ़ावा देने शैक्षणिक संस्थानों की साझेदारी करना है।

हब के सहयोगात्मक प्रयासों को किया प्रदर्शित

आयुक्त राजीव कुमार पांडे ने स्थानीय स्टार्टअप का समर्थन करने और क्षेत्र के आर्थिक ढांचे में उद्यमशीलता को एकीकृत करने के महत्व को रेखांकित करते हुए अपने विचार साझा किए। इस दौरान प्रोफेसर सत्यजीत मजूमदार ने स्टार्टअप और उद्यमिता पर अपना दृष्टिकोण साझा किया। सुजय दीक्षित, सीईओ टीआईएसएस इनक्यूब फाउंडेशन ने डिस्ट्रिक्ट इनक्यूबेशन हब के विजन को साझा किया। इस कार्यक्रम में हब के सहयोगात्मक प्रयासों को प्रदर्शित किया गया। दुर्ग के उद्योगों और इसके निवासियों के विकास को प्राथमिकता देने के उद्देश्य से उद्यमी पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण किया गया।

पड़ताल की तो सभी चोरियां एक ही पैटर्न की में लगी

शातिर चोर गिरोह चढ़ा पुलिस के हत्थे, 19 लाख का समान जब्त

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। पुलिस एक शातिर चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने चार लोगों को हिरासत में लेकर 19 लाख से अधिक का सोने चांदी के जेवरात और अन्य सामान जब्त किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि दुर्ग व भिलाई क्षेत्र में लगातार सूने मकानों मे चोरी की वारदात हो रही थीं। पुलिस ने जब जामुल, अंजोरा और दुर्ग की कुछ चोरियों की पड़ताल की तो सभी चोरियां एक ही पैटर्न की लगी। इससे यह पता चला कि ये काम एक ही गिरोह का है। इसी दौरान पुलगांव में 25 दिसंबर 24 की शाम एक सूने मकान का ताला टूटा था। घर के सभी लोग अपने रिश्तेदार के यहां गए हुए थे। जब वो लोग 26 दिसंबर को वापस आए तो घर का ताला टूटा हुआ था। अंदर का सामान बिखरा हुआ था। घर वालों ने घर के अंदर की तलाशी ली तो पता चला कि अंदर रखे सोना चांदी आभूषण और नगद सहित 2 एक्टिवा भी चोरी हुई है। पुलगांव पुलिस ने मामला दर्ज कर इसकी पड़ताल शुरू की। इसमें क्राइम ब्रांच की टीम भी जांच शुरू की। घटना स्थल व आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया। सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन पत पुलिस को एक संदिग्ध सेंट्रो कार जाते हुए दिखाई दी। इसके बाद सेंट्रो कार के नम्बर के अनुसार पताशाजी की गई तो पता चला कि कार भिलाई के अनीश नाम के युवक की है। अनीश आदतन चोर है और अपराधी किस्म का है। वह किराए का मकान में रहता है।

पुलिस ने अनीश की पतासाजी की और थाने लाकर उसे सख्ती से पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने बताया कि उसके और भी अन्य साथी हैं।

ज्येष्ठ नागरिक ने मनाया संक्राति व पोंगल का त्यौहार

भिलाई। ज्येष्ठ नागरिक मंच नेहरूनगर द्वारा लोहड़ी, मकर संक्रांति और पोंगल त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विनोद कुमार अरोरा द्वारा लोहड़ी प्रज्वलित की गईं। ढोल, नगाड़ों की थाप पर सभी वरिष्ठ नागरिकों ने डांस किया। स्टेज पर लोहड़ी के गीत प्रस्तुत किए गए। अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

नेहरू आर्ट गैलरी में दिव्यांग बच्चों द्वारा निर्मित चित्रों की प्रदर्शनी उद्घाटित

भिलाई। इस्पात संयंत्र के जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित इंदिरा प्लेस, सिविक सेंटर स्थित नेहरू आर्ट गैलरी में गोल्डन एंपथी फाउंडेशन, भिलाई द्वारा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में दिव्यांग बच्चों द्वारा निर्मित चित्रों की प्रदर्शनी का उद्घाटन एवं पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। इस दो दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन 16 जनवरी को संध्याकाल मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) संदीप माथुर द्वारा किया गया। मुख्य महाप्रबंधक संदीप माथुर ने संध्याकाल प्रदर्शनी का उद्घाटन दीप जलाकर किया।

संजय रुंगटा ग्रुप में क्रिकेट टूर्नामेंट प्रीमियर लीग 3.0 का आयोजन

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। संजय रुंगटा ग्रुप ऑफइंस्टिट्यूशंस द्वारा राज्य में इतने बड़े स्तर पर स्कूल के छात्रों के लिए रुंगटा प्रीमियर लीग 3.0 के अंतर्गत 11 से 16 जनवरी तक जिला स्तरीय इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट (डे-नाईट) का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 40 टीमो ने हिस्सा लिया। इस भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन एवं ट्रॉफी का अनावरण चेयरमैन श्री संजय रुंगटा जी द्वारा किया गया। रुंगटा प्रीमियर लीग के 10 ओवर का फाइनल मैच, सरस्वती विहार इंग्लिश मिडियम स्कूल भिलाई एवम स्वामी आत्मानंद शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल उतई के मध्य खेला गया। सरस्वती विहार इंग्लिश मिडियम स्कूल ने रुंगटा प्रीमियर लीग के विजेता का स्थान अर्जित किया। फाइनल मैच के दौरान सरस्वती विहार के आशीष पांडेय ने मैन ऑफदी मैच और अभिषेक अवस्थी ने मैन ऑफ दी सीरीज का खिताब अर्जित किया। सरस्वती विहार की प्रिंसिपल मिथु चंदा एवम वाईस प्रिंसिपल सुखविंदर कौर फाइनल मैच का आनंद लेने सम्मिलित हुए और उन्होंने संजय रुंगटा ग्रुप के चेयरमैन संजय रुंगटा का आभार व्यक्त करते हुए इस तरह के स्कूल के छात्रों के लिए किये गए भव्य आयोजन की सराहना की।

डायरेक्टर साकेत रुंगटा ने विजेता टीम को विजेता ट्राफी, रु.11000 की नगद राशी एवं प्रत्येक खिलाडी को 5100 की छात्र वृति एवं उपविजेता टीम को उपविजेता ट्राफी 5100 की नगद राशी एवं प्रत्येक खिलाडी को 3100 की छात्र वृति प्रदान करते हुए दोनों टीम की प्रशंसा की। डायरेक्टर रुंगटा ने अवस्थी को मैन ऑफ दी सीरीज की ट्राफी 2100 की नगद राशी देकर समानित किया।

संजय रुंगटा ने कहा क्रिकेट आज के युवा की खेल में पहली पसंद है और इस प्रकार के टूर्नामेंट के आयोजन से ही स्कूल स्तर पर नयी प्रतिभा को सामने आने का मौका मिलेगा। रुंगटा प्रीमियर लीग का सफलतापूर्वक भव्य आयोजन करने के लिए जनरल मैनेजर अभिषेक सोनी, डीन एडमिनिस्ट्रेशन लोकेश सिंह एवम अन्य आयोजक समिती की सराहना की।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर
नगर निगम मुख्यालय, रंग मंदिर के पास, गांधी चौक, छोटापारा, रायपुर (छ.ग.)
Pho.no.0771-2535780,90 Fax. 077172227395 Email : dc_rmc@rediffmail.com

// निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रमांक 243/का.अ./फि.प्लांट/न.नि./25 रायपुर, दिनांक 17/01/2025

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा नगर निगम एवं अन्य शासकीय अथवा अर्धशासकीय विभागों में कार्य के अनुभवी एवं सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/ फर्म से निर्धारित प्रपत्र ''ब'' के तहत निर्धारित समयावधि में सील बंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है। सभी सीलबंद निविदाएं स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक से कार्यपालन अभियंता फिल्टर प्लांट नगर पालिक निगम रायपुर को प्रेषित की जावेगी। निविदा खोलने के समय ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं। विवरण निम्नलिखित है :-

1. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय - 30/01/2025 सायंकाल 5.00 बजे तक
2. परीक्षण उपरांत योग्य निविदाकारों को निविदा- जारी करने की अंतिम तिथि 31/01/2025 सायंकाल 2.00 बजे तक
3. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय - 06/02/2025 सायंकाल 3.00 बजे तक
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय - 07/02/2025 सायंकाल 4.00 बजे तक

क्र.	विवरण	प्राक्कलन राशि	अमानती राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	समया वधि
1	फिल्टर प्लांट के अंतर्गत प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से कलेक्टर द्वारा स्वीकृत दर पर 03 हल्का वाहन चालक एवं 08 सुरक्षा गार्ड उपलब्ध कराने का कार्य।	17,39,796.00	52,500.00	750.00	12 माह

निविदा की शर्ते :-
1. निविदा से संबंधित अन्य शर्ते एवं जानकारी कार्यालयीन तिथि/समय में फिल्टर प्लांट नगर पालिक निगम, रायपुर रावणभाटा से प्राप्त की जा सकती है।
2. अमानती राशि (FDR) आयुक्त महोदय नगर पालिक निगम रायपुर के नाम से देय होगा।
3. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार आयुक्त नगर पालिक निगम रायपुर को होगा।
4. निविदाकार/फर्म के पास पसारा लाईसेंस होना अनिवार्य है।
5. निविदाकारों को लिफाफा 'अ' में अमानती राशि का FDR निविदा प्रपत्र के मूल्य का DD एवं GST Registration Labouer Licevnse Registration, PAN Card, GST Return Last 3 month, ITR Last 3 Years, EPF & ESIC Registration Certificate, Copy of registration of shop and establishment and proof of having office in Raipur along with address, Experience Certificate इत्यादि दस्तावेज की सत्यापित प्रतिलिपि प्रस्तुत करना होगा तथा लिफाफा 'ब' में निविदा दर, डाउनलोड किए गए निविदा प्रपत्र में अंकों एवं शब्दों में स्पष्ट अक्षरों में लिखा होना चाहिए। निविदा दर में कांट-छांट नहीं होना चाहिए। दोनों लिफाफा को एक अलग से बड़े लिफाफा में भरकर सीलबंद कर जमा करना होगा।
6. निविदाकारों द्वारा लिफाफा 'अ' में प्रस्तुत अमानती राशि का FDR निविदा प्रपत्र के मूल्य का DD एवं GST Registration Labour Licevnse Registration, PAN Card, GST Return Last 3 month, ITR Last 3 Years, EPF & ESIC Registration Certificate, Copy of registration of shop and establishment and proof of having office in Raipur along with address, Experience Certificate इत्यादि दस्तावेज की सत्यापित प्रतिलिपि सही पाए जाने के उपरांत ही लिफाफा 'ब' खोला जावेगा।
7. इसके अलावा नगर पालिक निगम रायपुर के वेबसाईट http://nagarnigamraipur.nic.in से भी डाउनलोड कर निविदा डाल सकते हैं। डाउनलोड करने में निविदा प्रपत्र की राशि निविदा के साथ डी.डी. के रूप में जमा करना होगा।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

कार्यपालन अभियंता
फिल्टर प्लांट
नगर पालिक निगम, रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता, वि./यां. ला.म. नलकूप एवं गेट संभाग सकरी, बिलासपुर (छ.ग.)
eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

संशोधन क्रं-1

निविदा सूचना क्रमांक 09/व.ले.लि./2024-25, दिनांक 15/01/2025 निविदा सिस्टम क्र. 164317 कटघोरा व्यपवर्तन योजना में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है।

S. No.	Item	Previous issue	Amendment
1.	Bid Start Date and time	Date 05/02/25 (Time 17:31)	Date 22/01/25 (Time 17:31)
2.	Bid Due date & time	Date 15/01/25 (Time 17:30)	Date 05/02/25 (Time 17:30)

निविदा की अन्य शर्तें यथावत रहेगी।
विज्ञापन क्र. 242505341

जी-242505414/3

कार्यपालन अभियंता
वि./यां. ला.म. नलकूप एवं गेट संभाग
सकरी, बिलासपुर (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग
बलरामपुर वनमण्डल बलरामपुर (छत्तीसगढ़)
नीलाम सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि बलरामपुर वनमण्डल के अंतर्गत काष्ठागार वाड्रफनगर में रखी इमारती लकड़ी/जलाऊ काष्ठ को निम्नलिखित तिथि व समय में ई आक्सन द्वारा निवर्तन किया जाना है। इच्छुक व्यापारी ई-आक्सन में अवश्य भाग लेवें। ई-आक्सन की शर्तें एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय अथवा काष्ठागार वाड्रफनगर से प्राप्त कर सकते हैं।

डिपो का नाम - काष्ठागांव वाड्रफनगर
नीलाम दिनांक व समय - 28.01.2025 प्रातः 09.00 बजे से

क्र.	वनोपज का विवरण	नया काष्ठ			पुराना काष्ठ	
		लट्ठा		बल्ली/डेंगरी	लट्ठा(घ.मी.)	बल्ली/डेंगरी
		नग	घ.मी.	नग		नग
1	2	3	4	5	6	
A	इमारती काष्ठ					
1	सागौन	-	-	-	86.960	1074
2	साल	999	222.809	61	245.067	790
3	साजा	-	-	-	-	114
4	बीजा, शीषम, खम्हार	432	14.338	755	0.264	-
5	हल्दु, मुड़ी, बांसा	-	-	-	21.736	2
6	धावड़ा	-	-	-	-	26
7	अन्य, नीलगिरी	591	44.682	421	-	28
8	सलया	-	-	-	-	-
9	खैर काष्ठ	-	-	-	20.934	-
	योग :-	**2022**	**281.829**	**1237**	**374.961**	**2034**

क्र.		प्रजाति विवरण	
1	जलाऊ चट्टा मिश्रित प्रजाति सा. 2.00 मी.x1.25x 0.80 मी.	452 चट्टा	000 चट्टा

टीप :-
1. क्रेता को ई-आक्सन के पूर्व एम.एस.टी.सी. ई-कोमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है।
2. क्रेताओं को ई-आक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई.एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है।
3. लाट की थप्पी एवं फोटो एम.एस.टी.सी. ई-कामर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लागईन करके देख सकते हैं।

जी-242505376/7

वनमण्डलाधिकारी
बलरामपुर, वनमण्डल, बलरामपुर

कार्यालय नगर पालिका परिषद बड़े बचेली जिला द.ब. दंतेवाड़ा (छ.ग.)
कार्यालय फोन फैक्स नं.- 07857-231762, 230261 ईमेल- id : cmobch@rediffmail.com
क्रमांक/1007/लो.नि.शा./न.पा.परि./नि.सू./2024-25 बड़े बचेली, दिनांक 15.01.2025

-: मैनुअल पद्धति अंतर्गत निविदा आमंत्रण सूचना :-

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से छत्तीसगढ़ लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी भवन सेतु सड़क एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015 को जारी एवं निविदा दिनांक तक संशोधित के आधार पर निम्नलिखित कार्यों के लिए निविदा प्रपत्र 'अ' में मैनुअल पद्धति से पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से निविदा आमंत्रित की जाती है -

01. निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि एवं समय :- 27/01/2025 संध्या 5.00 बजे तक।
02. परीक्षण पश्चात निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि एवं समय :- 28/01/2025 संध्या 5.00 बजे तक।
03. कार्यालय में निविदा प्राप्त होने की अंतिम तिथि एवं समय :- 05/02/2025 संध्या 3.00 बजे
04. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- 05/02/2025 संध्या 4.00 बजे

क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनु. लागत (लाख में)
1	वार्ड 06 नगर पालिका के समीप सामुदायिक भवन निर्माण कार्य	19.00
2	सी.सी. सड़क निर्माण कार्य वाल सहित अनिल घर से रमा घर तक वार्ड 17	13.69
3	वार्ड 06 नगर पालिका कार्यालय के पास सीसी सड़क निर्माण कार्य सपोर्टिंग वाल सहित	8.46
4	वार्ड 04 मंगल भवन में पार्किंग शेड आहाता निर्माण कार्य	27.75

उपरोक्त कार्य की निविदा का विवरण/विस्तृत शर्तें/धरोहर राशि/विस्तृत निविदा विज्ञप्ति/निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से विभागीय वेबसाईट www.cg.uad.gov.in में देखी जा सकती है एवं जिला कार्यालय के NIC वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बड़े बचेली
जिला द.ब. दंतेवाड़ा (छ.ग.)

कार्यालय कलेक्टर, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज (छत्तीसगढ़)
// विज्ञप्ति //

बलरामपुर, दिनांक 09/01/2025

क्रमांक/234/कले./ वित्त-लेखा/48/2025 :: जिला कार्यालय (राजस्व) बलरामपुर- रामानुजगंज के शासकीय वाहनों का अपलेखन की कार्यवाही अनुसार जो ''जहां है, जैसा है'' के विक्रय हेतु मोहरबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व्यक्ति अपने निविदा दर लिफाफे में दिनांक 30/01/2025 तक दिन के 03.00 बजे तक जिला कार्यालय के (नाजरात शाखा) में प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदा उसी दिन शाम 04.00 बजे गठित समिति द्वारा उपस्थित निविदाकारों के समक्ष खोली जावेगी।

क्र.	वाहन का प्रकार	वाहन क्रमांक	माडल वर्ष	अपलेखन मूल्य	कार्यालय का नाम जहां वाहन है
1	2	3	4	5	6
1	सूमो (विक्टा)	Sold	2011	45000.00	अनुविभागीय अधिकारी (रा.) शंकरगढ़
2	टाटा सूमो	Sold	2011	50000.00	तहसीलदार कुसमी

निविदा की शर्तें एवं निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी जिला कार्यालय के सूचना पटल एवं जिले के वेबसाईट पर देखी जा सकती है।
(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

जी-242505364/3

अपर कलेक्टर
बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

निगम कमिश्नर अमित कुमार रहे उपस्थित, जैविक खेती को मिलेगा प्रोत्साहन

बिलासपुर के कछार में होगी कंप्रेस्ड बायो गैस संयंत्र की स्थापना, बीपीसीएल, गेल और सीबीडीए के साथ समझौता

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में नगरीय ठोस अपशिष्ट के निपटारे को लेकर बड़ा कदम उठाया जा रहा है. बिलासपुर समेत पांच और नगर निगम में कम्प्रेस्ड बायो गैस संयंत्र (सीबीजी) स्थापित किया जाएगा। बिलासपुर में इस संयंत्र की स्थापना के लिए भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड लगभग 60 करोड़ रूपए का निवेश करेगा। शुक्रवार को सीएम आवास में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और उप मुख्यमंत्री अरूण साव की मौजूदगी में बीपीसीएल के साथ प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर किया गया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार ने भी परियोजना को पूरा करने में हर संभव सहयोग का भरोसा दिया है। इस अवसर पर बिलासपुर नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार विशेष तौर पर उपस्थित रहें।

इन संयंत्रों की स्थापना के लिए बीपीसीएल और गेल के द्वारा 600 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। जिसके तहत बिलासपुर सहित कोरबा, अम्बिकापुर, राजनांदगांव, धमतरी और रायगढ़ में नगरीय ठोस अपशिष्ट से बायोगैस के उत्पादन के लिए कम्प्रेस्ड बायोगैस संयंत्र की स्थापना की जाएगी। जिसके लिए गैस अथॉरिटी आफ इंडिया लिमिटेड (गेल) भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और छत्तीसगढ़ बायो फ्यूल विकास प्राधिकरण (सीबीडीए) के बीच मध्य त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किया गया.इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरूण साव,सेक्रेटरी टू सीएम श्री पी.दयानंद,नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव श्री एस.बसवराजू,बिलासपुर निगम कमिश्नर श्री अमित कुमार और बीपीसीएल,गेल और सीबीडीए के अधिकारी उपस्थित रहें। कम्प्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी), एनारोबिक सड़व की प्रक्रिया के माध्यम से अपशिष्ट जैसे कृषि अवशेष, मवेशी गोबर, गन्ना निचोड़ से प्राप्त अवशेष, नगरपालिका ठोस अपशिष्ट, सीवेज उपचार संयंत्र अपशिष्ट आदि से बनाई जाती है।

प्लांट में रोजाना 70 मीट्रिक टन बायोगैस का उत्पादन

बिलासपुर में कंप्रेस्ड बायोगैस संयंत्र की स्थापना कछार में 10 एकड़ जमीन पर किया जाएगा.यहां नगर निगम द्वारा पूर्व से ही आरडीएफ प्लांट स्थापित किया गया है। इस भूमि पर संयंत्र स्थापित किए जाने हेतु पूर्व मेंभारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड / गैस अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड और छत्तीसगढ़ बायोफ्यलू डेवलपमेंट ऑथोरिटी (सीबीडीए) के अधिकारियों द्वारा प्राथमिक सर्वे किया गया है। कंप्रेस्ड बायो गैस (सीबीजी) से प्रतिदिन 70 मीट्रिक टन का बायोगैस का उत्पादन होगा.इसके लिए प्रतिदिन 350 मीट्रिक टन नगरीय ठोस अपशिष्ट और लगभग 500 मीट्रिक टन अधिशेष बायोमास का उपयोग सीबीजी उत्पादन के लिए किया जाएगा।

मानव दिवस रोजगार सृजित

राज्य में अप्रत्यक्ष और प्रत्यक्ष रूप से इस संयंत्र की स्थापना से प्रतिवर्ष लगभग 2 लाख मानव दिवस रोजगार सृजित होगा। इसके साथ ही राज्य में जैविक खेती को इन संयंत्रों में सह उत्पाद के रूप में निर्मित होने वाली जैविक खाद से प्रोत्साहन मिलेगा। जिससे ग्रीन हाऊस गैस के उत्सर्जन में कमी आएगी और पर्यावरण स्वच्छ होगा। इसके अलावा सीबीजी संयंत्रों के पूर्ण क्षमता के साथ उत्पादन और विक्रय से प्रतिवर्ष 6 करोड़ रूपए जीएसटी के रूप में प्राप्त होगा।

न्यूज गैलरी

रामसेतु पुल ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करने की दिशा में बड़ा कदम: अमर

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर की ऐतिहासिक धरोहर, रामसेतु पुल , जो 30 जुलाई 1926 को पहली बार उद्घाटित हुआ था, अब 99 वर्षों के गौरवशाली इतिहास के साथ एक नई यात्रा पर अग्रसर है। यह पुल न केवल शहर की सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है, बल्कि इसकी पहचान का एक अभिन्न हिस्सा भी है। 22 जनवरी 2024 को रामसेतु पुल के नामकरण समारोह में, नगर विधायक अमर अग्रवाल ने पुल के सौंदर्यीकरण हेतु जो भी राशि की आवश्यकता होगी, उसे उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया था। उनके नेतृत्व और प्रयासों से 2.63 करोड़ की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इस राशि का उपयोग पुल के सौंदर्यीकरण और ऐतिहासिक विरासत को संरक्षित करने के लिए किया जाएगा। इस परियोजना के तहत पुल के ढांचे को सुदृढ़ करने के साथ-साथ उसे शहर की शान के अनुरूप विकसित किया जाएगा। यह कार्य न केवल पुल की ऐतिहासिक महत्ता को बढ़ाएगा, बल्कि बिलासपुरवासियों के लिए गर्व और पर्यटन के नए अवसर भी प्रदान करेगा।

बिलासपुर में बैंकिंग और सुरक्षा उपायों पर एसपी ने ली बैठक

बैंकों में म्यूल, संदिग्ध खातों व एटीएम सुरक्षा में सुधार पर जोर दें: एसपी

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासा गुड़ी में एसपी रजनेश सिंह की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी बैंक प्रबंधक, सीएसएम प्राइवेट सिक्योरिटी कंपनी के प्रतिनिधि, और आबकारी विभाग के अधिकारी शामिल हुए। इस बैठक में अतिरिक्त एसपी राजेंद्र जायसवाल, अतिरिक्त एसपी अनुज कुमार, कोतवाली सीएसपी अक्षय सबद्रा, और सहायक एसपी सुमितकुमार धोत्रे भी उपस्थित थे। बैठक का उद्देश्य बैंकों में म्यूल खातों और संदिग्ध खातों पर चर्चा करना, बैंक और एटीएम सुरक्षा में सुधार लाना, धन ले जाने वाले वाहनों की सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करना और सभी बैंकों में सुरक्षा ऑडिट का कार्यान्वयन करना था।

एसपी रजनेश सिंह ने प्रमुख निर्देश जारी करते हुए कहा कि बैंकों को म्यूल खातों में अवैध धन जमा की सूचना तुरंत संबंधित अधिकारियों को देनी होगी। सभी एटीएम पर सुरक्षा गार्ड की तैनाती अनिवार्य है, जिससे ग्राहकों और संपत्ति की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। धन परिवहन करने वाले वाहनों के साथ पेशेवर, लाइसेंसधारी सुरक्षा गार्ड होने चाहिए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। सभी बैंकों को पुलिस विभाग के सहयोग से विस्तृत सुरक्षा ऑडिट करना आवश्यक है, ताकि संभावित कमजोरियों की पहचान कर उन्हें दूर किया जा सके। बैंकों को उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने चाहिए, जो स्पष्ट रूप से गतिविधियों को कैप्चर कर सकें, साथ ही बेहतर ऑडियो और वीडियो रिकॉर्डिंग क्षमताएं होनी चाहिए, जिससे निगरानी और जांच में सहायता मिले। एसपी श्री सिंह ने बैंक अधिकारियों को साइबर अपराधों की तुरंत रिपोर्टिंग के लिए हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करने की जिम्मेदारी पर जोर दिया। बैठक के दौरान, बैंक अधिकारियों, आबकारी विभाग, और सीएसएम प्राइवेट सिक्योरिटी कंपनी के प्रतिनिधियों से प्राप्त सुझावों को सम्मानपूर्वक सुना गया।

सुरक्षा ढांचे को मजबूत किया जाएगा: रजनेश सिंह

एसपी श्री सिंह ने आश्वासन दिया कि सभी इनपुट्स का मूल्यांकन करके सुरक्षा ढांचे को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों को शहर में कानून और व्यवस्था के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए, जिससे सभी निवासियों के लिए एक सुरक्षित और संरक्षित वातावरण की प्रतिबद्धता को मजबूत किया जा सके।

बाइक रैली निकालकर दी गई यातायात नियमों की जानकारी

बिलासपुर/नवप्रदेश। 36वा सड़क सुरक्षा माह जनवरी के तहत परिवहन विभाग व होम गॉर्ड की संयुक्त बाइक रैली निकाली गई। बाइक रैली उसलापुर से रवाना होकर व्हाया नेहरू चौक, अग्रसेन चौक पुराना बस स्टैंड गाँधी चौक, रेलवे स्टेशन महाराणा प्रताप चौक से होते हुये उसलापुर में रैली का समापन किया गया, जिसमे शामिल वरिष्ठ क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी आनंद रूप तिवारी होमगॉर्ड कमांडेंट दीपांकूर नाथ उनकी समस्त होमगॉर्ड और एस.डी.आर.एफ टीम, परिवहन निरीक्षक नरेंद्र साहू, परिवहन उप निरीक्षक विनय पाल, परिवहन उप निरीक्षक सोनल लालचंदानी, सहायक परिवहन उप निरीक्षक मो. साजिद खान, सांख्यिकी अधिकारी योगेशवर प्रसाद टंडन परिवहन विभाग के कर्मचारियां एस डी जोगी, बेद राम साहू, करण सोनी रामगोपाल यादव वाहन ट्रांसपोर्टर प्रतिनिधि एवं अन्य साथियों द्वारा सड़क जागरूकता बाइक रैली का आयोजन किया गया था जिसके माध्यम से लोगो में यातायात नियमों का संदेश देना जैसे हेलमेट अनिवार्य, वाहन चलाते समय मोबाईल का उपयोग ना करे, कार में सीट बेल्ट अनिवार्य रूप से लगाये एवं शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाने के साथ साथ सड़क सुरक्षा जीवन सुरक्षा एवं ड्राइविंग लाइसेंस का महत्वपूर्ण महत्व ट्रैफिक नियमो का पालन करने का संदेश दिया गया।

सड़क दुर्घटना रोकने हेलमेट पहनना जरूरी: डॉ. सलीम

■ **वीरानी स्कूल में सड़क सुरक्षा के प्रति छात्रों को किया गया जागरूक**

सीपत/नवप्रदेश।विरानी पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल सीपत में गुरुवार को जेके इंस्टीट्यूट साइंस आर्ट्स कॉमर्स कॉलेज के रासेयो ईकाई के छात्रों ने एक दिवसीय सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। जिसमे उन्होंने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से सड़क सुरक्षा यात्रा सप्ताह के बारे में जानकारी दी। छात्रों ने सड़क यातायात नियमों का पालन करने, गाड़ी चलाते हुए शराब का सेवन न करने, हेलमेट पहनकर गाड़ी चलाना , गाड़ी चलाते हुए मोबाइल में बात न करना आदि के बारे में जानकारी देकर छात्रो को जागरूक किया गया। जेके इंस्टीट्यूट से डॉ सलीम खोखर ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या हमारे लिए चिंताजनक है। अक्सर दुर्घटनाओं के समय लोग मदद के बजाय वीडियो बनाते या तस्वीरें खींचते हैं, जो समाज में संवेदनशीलता की कमी को दर्शाता है। उन्होंने बच्चों को जागरूक करने के लिए शपथ दिलवाई कि यदि किसी सड़क दुर्घटना में कोई घायल हो तो उसे तुरंत चिकित्सा सहायता प्रदान करें और नजदीकी अस्पताल पहुंचाएं. साथ ही यातायात नियमों का पालन, हेलमेट पहनना और दूसरों की सुरक्षा का ध्यान रखने आह्वान किया। इसके अलावा दुर्घटना से पीड़ित व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाने वाले अस्पताल में अपना नाम दर्ज कराएं, ताकि चिकित्सक प्रमाणित कर सकें कि घायल व्यक्ति को किसने मदद की है।

विद्यार्थियों ने शिक्षा के साथ खेलों में भी दिखाई प्रतिभा: द्वारिकेश

वैदिक महाविद्यालय सीपत में एक दिवसीय खेलकूद स्पर्धा बुधवार को सम्पन्न हुआ। जिसमे महाविद्यालयीन छात्र छात्राओं ने विभिन्न स्पर्धाओं में बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा दिखाई। संस्था के चेयरमेन द्वारिकेश पांडेय ने जोश व तन्मयता के साथ गोला व तवा फेंककर वार्षिक खेलकूद स्पर्धा की शुरुआत की। इसके बाद यूजी एवं पीजी स्तर के बालक बालिकाओ ने गोला फेंक, तवा फेंक, कबड्डी, स्लो साइकिलिंग, मेहंदी, केश सज्जा, पाककला सहित अन्य स्पर्धाओं में उत्साह के साथ भाग लिया। चेयरमेन द्वारिकेश पांडेय ने कहा कि इस संस्था के युवाओं ने शिक्षा के साथ खेलों में भी अपनी प्रतिभा का परचम फहराया है।

कुष्ठ रोगियों को कंबल, कपड़े व अनाज बांटे

बिलासपुर/नवप्रदेश। लायंस क्लब वसुंधरा बिलासपुर के क्लब सदस्यों द्वारा मकर संक्रांति के शुभ दान पर्व पर विभिन्न प्रकार की सेवा एवं दान किया गया जिसमें मुख्य रूप से कंबल, कपड़े , खिचड़ी के लिए सूखा अनाज तिल के लड्डू स्टील के बड़े वाले कटोरे, वितरित किए गए यह सेवाकार्य क्लब सदस्य लायन मंजू मिश्रा सचिव अर्चना तिवारी एवं उषा मुदलियार के सहयोग से किया गया साथ में उपस्थित रहीं।

एनसीपी जनता की भलाई और समग्र विकास के लिए प्रतिबद्धः नीलेश

बिलासपुर/नवप्रदेश। 16 जनवरी को छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष नीलेश बिस्वास ने रतनपुर नगर पालिका के वार्ड 6 और 7 का दौरा किया। छत्तीसगढ़ के राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (हृष्टक्क) के प्रदेश अध्यक्ष नीलेश बिस्वास ने रतनपुर नगर पालिका के वार्ड 6 और 7 का दौरा किया। दौरे के दौरान उन्होंने स्थानीय निवासियों से बातचीत की। उनकी समस्याओं को समझा और उनके समाधान के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। श्री बिस्वास ने एनसीपी के प्रत्याशी श्री प्रसाद के लिए भी प्रचार किया जो इन वार्डों से चुनाव लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि एनसीपी जनता की भलाई और समग्र विकास के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि जनता के समर्थन से

उनकी समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। श्री बिस्वास ने वार्ड 6 और 7 के निवासियों से अपील की। कि वे श्री प्रसाद जैसे सक्षम और जनसेवा के प्रति समर्पित नेता को अपना समर्थन देकर स्थानीय विकास और सुशासन को सुनिश्चित करें।

सिम्स में ओपीडी पंजीयन के लिए 11 काउंटरों की व्यवस्था

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिम्स चिकित्सालय में ऑनलाइन मरीज ओपीडी पंजीयन की शुरुआत कर दी गई है। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह ने बताया कि चिकित्सालय में वर्तमान में लगातार मरीजों की संख्या में वृद्धि हो रही है। बिलासपुर ही नहीं आसपास के जिला एवं राज्यों के मरीज भी सिम्स में अपना विश्वास जाता कर इलाज के लिए पहुंचते है। सामान्य प्रकरण में चिकित्सकों से मिलने के पूर्व मरीजों को ओपीडी पंजीयन करवाना अनिवार्य होता है। मरीजों का पंजीयन आसानी से हो सके इसके लिए प्रबंधन ने 11 काउंटरों की व्यवस्था की है। भीड़ बढ़ने पर 02

भीड़ बढ़ने पर दो और अतिरिक्त काउंटर लगाए जाएंगे

अतिरिक्त काउंटर और लगाए जाते है। अधीक्षक ने बताया कि मरीज चिकित्सालय आने के पूर्व ही, घर से अपना पंजीयन सिम्स चिकित्सालय में कर सकते है। प्ले स्टोर से आभा ऐप डाउनलोड कर, मरीज की सारी जानकारी भर के अपना टोकन नंबर जनरेट कर सकते है। चिकित्सालय के काउंटर पर अपना टोकन नंबर बता के निर्धारित शुल्क भुक्तान कर अपनी ओपीडी स्लिप प्राप्त कर सकते है। अधिष्ठाता डॉ रमनेश मूर्ति के निर्देश पर अधीक्षक ने कुछ कर्मचारियों की नियुक्ति इस कार्य के लिए की है ताकि जो लोग ऑनलाइन पंजीयन करने में सक्षम नहीं हैं वे उनकी मदद कर सके। अधीक्षक डॉ लखन सिंग ने ये भी बताया कि गरीब तपके का वर्ग भी चिकित्सालय में इलाज के लिए आता है जो मोबाइल नहीं रखते। ऐसे लोगों के लिए चिकित्सालय में अलग से पंजीयन काउंटर की व्यवस्था की गई है।

ओबीसी आरक्षण की रक्षा में असफल डिप्टी सीएम साव इस्तीफा दे: अभय

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस केप्रवक्ता अभय नारायण राय ने कहा कि ओबीसी आरक्षण की रक्षा करने में असफल डिप्टी सीएम अरुण साव को अपने पद से तत्काल इस्तीफा दे देना चाहिये। उपमुख्यमंत्री अरुण साव को खुद को ओबीसी वर्ग का हितैषी बताते है, लेकिन उनकी सरकार ने ओबीसी आरक्षण जिला पंचायतों में खत्म कर दिया है। ओबीसी वर्ग के साथ हुये अन्याय पर अरुण साव मौन क्यों है? उन्हें तत्काल ओबीसी वर्ग को आरक्षण दिलाना चाहिये, अन्यथा उन्हें उपमुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना चाहिये। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा की सरकार ओबीसी विरोधी है इसलिये दुर्भावना पूर्वक साय सरकार ने प्रदेश के सभी जिला पंचायतों में ओबीसी आरक्षण को खत्म कर दिया है। 2019 में कांग्रेस सरकार के दौरान प्रदेश में 27 जिला पंचायत में उस दौरान 7 जिला पंचायत ओबीसी वर्ग के लिये आरक्षित था, वर्तमान में 33 जिलों में 1 भी जिला पंचायत अध्यक्ष का पद ओबीसी के लिये आरक्षित नहीं है।

योजना

रूपा और नंदिनी को मिल रहा योजना से आर्थिक संबल

महतारी वंदन योजना से महिलाओं को मिली आत्मनिर्भरता की नई राह

बिलासपुर/नवप्रदेश। महतारी वंदन योजना उन महिलाओं किए वरदान बनी हैं जो आर्थिक दिक्कतों से जूझ रही थी। जरूरतमंद महिलाओं को आर्थिक संबल देने के इस योजना ने कई महिलाओं का जीवन बदला है। योजना से लाभान्वित सरकंडा की नंदिनी के जीवन में योजना से सार्थक बदलाव आया है,और वह आत्मनिर्भरता की राह पर अग्रसर है।

सरकंडा में रहने वाली नंदिनी यादव अपने परिवार को आर्थिक सहयोग देने के लिए एक सिलाई सेंटर में काम करती है। नंदिनी ने बताया कि घर की आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं है,जिससे आसानी से रोजमर्रा की जरूरतें पूरी हो सके। ऐसे में वो सिलाई दुकान में काम कर कुछ कमाई करके परिवार को सहयोग करती है। नंदिनी ने बताया कि वो स्वयं का सिलाई मशीन खरीदना चाहती है,ताकि वो घर पर रहकर ही ये काम कर सके। नंदिनी ने खुश होकर बताया कि सरकार से हर माह मिली

महतारी वंदन योजना की राशि को वो जमा करती आ रही हैं और अब वो जल्द ही सिलाई मशीन खरीदेगी और स्वयं का काम शुरू कर पाएगी। नंदिनी ने सरकार का आभार जताते हुए कहा कि सरकार द्वारा दी जा रही इस मदद से जरूरतमंद महिलाओं को बड़ा आर्थिक संबल मिला है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को धन्यवाद दिया।

छोटी-छोटी जरूरतें हो रही पूरी

इसी तरह बिलासपुर नगर निगम में स्वच्छता दीदी का काम करने वाली बंधवा पारा की रूपा बाई ने कहा कि सरकार की इस मदद से हमारी छोटी छोटी जरूरतें पूरी हो जाती है, उन्होंने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि इस योजना से हमें संबल मिल रहा है, और यह राशि हमारे बहुत काम आ रही है। उल्लेखनीय है कि महतारी वंदन योजना से जरूरतमंद महिलाओं को राज्य सरकार द्वारा 1000 रुपए प्रतिमाह दिए जा रहे हैं। इस माह योजना की 11वीं किश्त महिलाओं के खाते में आई है।

न्यूज गैलरी

नव दिवसीय अखण्ड नवधा रामायण 14 से 23 जनवरी तक

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम नवागांव घु. में नव दिवसीय अखण्ड नवधा रामायण का आयोजन 14 से 23 जनवरी तक किया जा रहा है। अखण्ड नवधा रामायण के आचार्य पं. शत्रुहन प्रसाद मिश्रा, पाठकर्ता सुभाश मिश्रा, तिजऊराम, सुरेश साहू है। मुख्य यजमान आत्माराम साहू, कदम बाई साहू है। नव दिवसीय अखण्ड नवधा रामायण 14 जनवरी से प्रारंभ हो गया है। 22 जनवरी को जल यात्रा एवं 23 जनवरी को यत्र पूर्णाहुति एवं सहस्त्रधारा का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में अध्यक्ष खगदेव साहू, उपाध्यक्ष महेंद्र साहू, कोषाध्यक्ष गनपत राम साहू, सचिव श्रीराम साहू, सहसचिव गणेश साहू, उषराम साहू, संचालक नारायण साहू, उप संचालक विनोद साहू, ज्ञान सिंह राजपूत, सुभाष साहू, छत्रपाल साहू जुटे हुए है।

नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष घनश्याम ने पदभार संभाला

मुंगेली/नवप्रदेश। नवनियुक्त कांग्रेस जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने पदभार संभाला। इसी क्रम में नवनियुक्त जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने जिला कांग्रेस भवन में पदभार ग्रहण किया और अपनी पहली बैठक की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफलड़ने का आह्वान किया। बैठक में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। पदभार ग्रहण, बाइक रैली और वक्ताओं के भाषण ने जिले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और जनता में नया जोश भर दिया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष घनश्याम वर्मा का रायपुर बायपास रोड पर कांग्रेस नेता रोहित शुक्ला ने जोरदार स्वागत किया। उनके नेतृत्व में बाइक रैली का आयोजन किया गया, जो रायपुर बायपास से शुरू होकर पड़ाव चौक तक पहुंची।

कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 8 फरवरी को आयोजित

मुंगेली/नवप्रदेश। पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय दाबो में सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 11वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा 08 फरवरी को आयोजित की जाएगी। स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि इसके लिए 02 परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इस परीक्षा हेतु कुल 277 छात्र-छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया गया है। उन्होंने बताया कि चयन परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र नवोदय विद्यालय समिति के वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने प्रवेश पत्र एवं आवेदन पत्र में किसी प्रकार की त्रुटि होने पर सुधार हेतु प्रधान पाठक अथवा सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय दाबो में शीघ्र जमा करने के लिए कहा है।

नंदेली भाठा मैदान सक्ती में सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम का आयोजन

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना: विधिवत मंत्रोच्चार के साथ 120 जोड़े बंधे परिणय सूत्र में

सक्ती/नवप्रदेश। सांसद लोकसभा क्षेत्र जांजगीर चांपा कमलेश जांगड़े के मुख्य आतिथ्य में विगत दिवस नंदेली भाठा मैदान सक्ती में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत सामूहिक कन्या विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसके तहत कुल 120 जोड़े दाम्पत्य सूत्र में बंधे छतीसगढ़ शासन के इस महती योजना के तहत सक्ती जिले में एकीकृत बाल विकास परियोजना डभरा, जैजैपुर, मालखरौदा और सक्ती के प्रति परियोजना अंतर्गत 30-30 जोडो का लक्ष्य के अनुसार सामूहिक विवाह कार्यक्रम विधिवत रूप से संपन्न किया गया। सक्ती जिले के नंदेली भाठा मैदान में आयोजित मुख्यमंत्री कन्या विवाह कार्यक्रम का शुभारम्भ सांसद लोकसभा क्षेत्र जांजगीर चांपा कमलेश जांगड़े द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर द्वीप प्रज्जवलित और पुष्पमाला अर्पित कर किया गया द्य इस अवसर पर विवाहित जोड़ों को सांसद जांगड़े की उपस्थिति में बाजे गाजे के साथ बारात प्रस्थान, विधिवत मंत्रोच्चार के साथ वर-वधु के 7 फेरे, कन्यादान, सिंदूर बंदन, वरमाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया द्य साथ ही सांसद द्वारा योजना अंतर्गत नवविवाहित जोड़ों को 36 हजार रूपए प्रति जोड़े के मान से सहायता राशि का चेक भी प्रदान किया गया । सांसद, अधिकारियों

कर्मचारियों,उपस्थित जनप्रतिधियों व वर-वधु के परिजनों ने नवविवाहित जोड़ो को शुभकामनायें व आशीर्वाद देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की । सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सांसद लोकसभा क्षेत्र जांजगीर चांपा कमलेश जांगड़े ने कहा कि सक्ती जिले में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 120 जोड़ो का विवाह संपन्न हुआ है, यह सक्ती जिले के लिए बहुत ही हर्ष की बात है द्य उन्होंने इस अवसर पर नवविवाहित जोड़ो का गठबंधन करते हुए बारी-बारी से सभी जोड़ो को आशीर्वाद दिया द्य उन्होंने सभी नव दाम्पत्य जोड़ो को विवाह के गठबंधन की बधाई दी तथा नव दाम्पत्य जीवन में प्रवेश करते हुए हसी खुशी सुखमय जीवन व्यतीत करने के लिए शुभकामनाएं दी द्य सांसद जांगडे ने वर और वधु दोनों को अपने माता-पिता के समान ही अपने सास-ससुर को भी सम्मान देने का आग्रह किया द्य इस अवसर पर प्रभारी महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी श्याम कंवर द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना सहित अन्य विभागीय योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी नव वर-वधुओं सहित उपस्थित सभी को दी गई। इसके साथ ही इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा समस्त नवविवाहित जोड़ों तथा पंडाल में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों व नागरिकों को बाल विवाह रोकथाम के लिए शपथ भी दिलाया गया। इस अवसर पर जनपद पंचायत सक्ती मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रीति पवार, परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना जैजैपुर पुष्पलता अग्रवाल, सखी वन स्टॉप सेंटर के संचालन समिति की सदस्य अन्नापूर्ण राठौर, राम अवतार अग्रवाल, धनंजय नामदेव , खुशबू सिदार सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सुपरवाईजर, नवविवाहित जोड़ों के परिजन, गणमान्य नागरिक व मिडिया प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

पानी लाने की जुगत में बच्चों को समय ही नहीं दे पाते थे, पर अब आसानी से मिल रहा पानी - ग्रामीण

दूरस्थ ग्राम बनखेता के घरों में पहुंची पानी की आसान सुविधा, हैंडपंप पर निर्भरता हुई खत्म

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। जिले के विकासखण्ड लखनपुर का मात्र 189 की आबादी वाला सुदूर बनखेता गांव, जो पहले पेयजल की समस्या से जूझ रहा था। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित योजनाओं की वजह से इस समस्या से मुक्त हो गया है। गांव के लोग अब बेहद खुश हैं कि गांव के हर घर में अब नल लग गया है। गौरतलब है कि जल जीवन मिशन के तहत गांव के 36 परिवारों के घरों में नल से जल कनेक्शन दिया गया है। जल जीवन मिशन के तहत गांव में 10 हजार लीटर क्षमता वाले स्टील स्ट्रक्चर का निर्माण किया गया है, जो सभी ग्रामवासियों को शुद्ध पेयजल प्रदान कर रहा है। कार्य पूर्ण होने पर ग्राम बनखेता के लोगों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति की खुशी में हर घर जल उत्सव भी गांव में पूर्व में मनाया गया था। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम बनखेता को ÷हर घर जल ग्राम

घोषित÷ किया गया है।ग्रामीणों ने बताया कि हमारे घरों में नल लगने के बाद हम ग्रामवासियों की दिनचर्या में बदलाव आया है। पहले हमें पानी के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती थी। महिलाओं का आधा समय तो पानी की व्यवस्था में निकल जाता था। गांव में जो हैण्डपंप है, उसमें बरसात में गंदा पानी निकलने की समस्या भी बनी रहती थी। जिससे बीमारी का खतरा रहता था। ऐसे में चलकर 4 किलोमीटर दूर दूसरे गांव जाने के बाद पानी मिल पाता था। दैनिक कार्यों में भी बहुत समस्या होती थी। गर्मी के दिनों में भू जल स्तर में गिरावट की समस्या के कारण हैण्डपंप के जल का स्तर नीचे चले जाने से पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिल पाता था। लेकिन अब जल जीवन मिशन के तहत नल कनेक्शन लग जाने से हमारी सारी समस्याएं खत्म हो गई हैं। ग्राम की 5 महिलाओं द्वार गठित जल वहिनियों का समूह समय- समय पर पानी की शुद्धता की जांच करते हैं। जिससे शुद्ध पेयजल ग्राम वासियों तक पहुंच पाता है। ग्रामीण जयंती देवी बताती हैं कि नल कनेक्शन मिलने से पहले हमें पेयजल के लिए हैण्डपंप पर निर्भर रहना पड़ता था और अपनी बारी के इंतजार में बहुत समय व्यतित हो जाता था। जिससे अपने घरेलू कार्य एवं कृषि कार्य करने में पिछड़ जाते थे और कई महत्वपूर्ण कार्य समय के कमी के कारण नहीं हो पाता था। उन्होंने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत अब घर पर ही टेप नल लगाए जाने से पानी भरने हेतु हैण्डपंप पर निर्भर नहीं होना पड़ता, अब सारा काम सही समय पर हो जाता है। जिससे महिलाओं को काफी राहत मिली है और दूसरे कार्यों में भी समय दे पा रहें हैं।

महतारी सदन भवन व शेड निर्माण का विधायक राजेश ने किया भूमिपूजन

लखनपुर/नवप्रदेश। अंबिकापुर विधानसभा क्षेत्र के ब्लाक लखनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत कोसगा चारपारा एवं ग्राम पंचायत पुहपुटरा में बनने वाले महतारी सदन भवन एवं शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल ने भूमि पूजन किया। जानकारी के मुताबिक अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल के अनुशंसा पर दोनों पंचायतों के लिए 30-30लाख रुपये लागत से महतारी सदन भवन बनाये जाने की स्वीकृति प्राप्त हुई है। वही ग्रामपुहपुटरा में 5 लाख रुपये लागत से शेड निर्माण कार्य की भी स्वीकृति मिली है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों के उपस्थिति में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधायक अग्रवाल ने महतारी सदन भवन और सेड निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किये । भूमि पूजन कार्यक्रम के भाजपा नेता दिनेश साहू विधायक प्रतिनिधि राकेश अग्रवाल ,भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी सीईओ वेदप्रकाश पाण्डेय,कोसगा सरपंच संगीता कवर, पुहपुटरा सरपंच प्रतिनिधि रामबीर सिंह सचिव लाल साय जयपाल साहू घरभरन राजवाड़े इंद्रजीत, रामदेव, केशव सिंह,रूप साय,तबरेज खान आयुष दिहुलिया सहित स्थानीय ग्रामीण काफी संख्या में मौजूद रहे। विधायक राजेश अग्रवाल ने इस दौरान लोगों की समस्याएं सुनी और त्वरित निराकरण करने का आश्वासन दिये।साथ ही उन्होंने कहा है कि हर संभव प्रयास किया जाएगा कि सभी गांव में महतारी सदन भवन का निर्माण हो जिससे गांव के माता बहनों को इसका लाभ मिल सके।

शाकम्भरी जयंती पर नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर बाबा डोंगरी करीडोंगरी में आयोजित हुआ

मुंगेली/नवप्रदेश। हरदिहा पटेल मरार महासभा मुंगेली राज छत्तीसगढ़ मां शाकम्भरी जयंती महोत्सव पर्व पर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर ग्राम बाबा डोंगरी करीडोंगरी में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव, अतिविशिष्ट अतिथि गो सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल, हरदिहा मरार पटेल समाज अध्यक्ष अनिल पटेल, विशिष्ट अतिथि प्रदेश कार्य समिति सदस्य कोमल गिरी गोस्वामी, धनी राम यादव, गुरुमीत सलूजा, विनय साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष वर्षा विक्रम सिंह, अंकिता शुक्ल, राजेन्द्र साहू, जीवन लाल पटेल, नागेंद्र पटेल, अनिता कोमल साहू, चिरंजीवी पटेल, परमेश्वर पटेल, सुमित्रा मुन्ना राम पटेल, रवि कुमार गन्धर्व, मोंगरा मरावी, वेद राम पटेल, बेदराम पटेल सहित मुंगेली राज और अतिथि के द्वारा मां शाकम्भरी का पूजा अर्चना के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभात चंद प्रभाकर एवं सिविल सर्जन डॉ. एमके राय, जिला कार्यक्रम प्रबन्धक गिरीश कुर्रे, डीबीसीएस डॉ. देवेश खांडे आदेशानुसार एवं खण्ड चिकित्सक अधिकारी डॉ. दाऊ, शैलेन्द्र पाण्डे के परामर्श में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर ग्राम बावा डोंगरी में किया गया। जिसमे सेवा कार्य उपस्थित चिकित्सक ग्रामीण चिकित्सा सहायक अधिकारी सत्यपाल कँवर, डीबीसीएस सहायक नोडल भक्त स्नेही पटेल, नेत्र सहायक अधिकारी राजेंद्र बंजारे, नेत्र सहायक अधिकारी शंकर राम सप्रे, नेत्र सहायक अधिकारी दिलेश्वर भास्कर, नेत्र सहायक अधिकारी नरेंद्र राजपूत, ओटी टेक्निशियन चंद्र केतु कोरी, लता दर्रो, साविता जगत, आरएचओ शैलेन्द्र धीवर, आरएचओ जागेश्वर प्रसाद, फार्मासिष्ट पूनम सिंग राजपूत, सुंदर लाल राजपूत, आरएचओ प्रमिला घृतलहरे, आरएचओ भक्त स्नेही पटेल, नागेश पटेल, श्यामू पटेल, भानू पटेल, मोहन पटेल, रिखी राम पटेल, बशांत पटेल, यशवंत पटेल, हृदय पटेल, विजय पटेल एवं मितानिनों एवं समाज के अधिकारी पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

अवैध शराब पर रोक लगाने की गई छापेमार कार्रवाई

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में अवैध शराब पर

रोक लगाने आबकारी विभाग द्वारा छापेमार कार्रवाई की जा रही है। सहायक आयुक्त आबकारी राजेश ने बताया कि विभागीय टीम द्वारा हरदी में छापेमार कार्रवाई कर 07 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त कर किया गया। इसी तरह ग्राम अमलीकापा में 6.5 लीटर कच्ची शराब और 105 किलोग्राम महुआ लाहन जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपियों के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।

अपर कलेक्टर ने अनुपस्थितों पर कारण बताओ नोटिस जारी किया

मुंगेली/नवप्रदेश। कृषि विभाग के कार्यालय में उप संचालक सहित 14 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। अपर कलेक्टर ने अनुपस्थितों पर नाराजगी जाहिर करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। कार्यालयीन समय में अधिकारी-कर्मचारियों के समय पर उपस्थित नही रहने की शिकायत लगातार आते रहती है। कलेक्टर राहुल देव के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर जीएल यादव एवं डिप्टी कलेक्टर अजय शतरंज ने सुबह 10 बजे उप संचालक कृषि, उद्यानिकी और रेशम कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वहां उपस्थिति पंजी का अवलोकन

किया। इस दौरान कृषि विभाग के कार्यालय में उप संचालक एमआर तिग्गा सहित 14 कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। अपर कलेक्टर ने अनुपस्थितों पर नाराजगी जाहिर करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। उन्होंने कहा कि शासन के नियमानुसार सभी अधिकारी-कर्मचारी कार्यालयीन समय पर कार्यालय में उपस्थित होकर अपने दायित्वों का निर्वहन करें। इस दौरान संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

भाजपा नगर मण्डल की प्रथम बैठक नगरीय निकाय चुनाव को लेकर कार्यालय में हुई

मुंगेली/नवप्रदेश। भाजपा नगर मण्डल की प्रथम बैठक नगरीय निकाय चुनाव को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में हुई। जिसमें नगरीय निकाय चुनाव के जिला प्रभारी प्रहलाद रजक व मुंगेली नगर पालिका चुनाव प्रभारी पवन गर्ग उपस्थित रहे। अटल परिसर जिला भाजपा कार्यालय में नगर मण्डल भाजपा कार्यसमिति की प्रथम बैठक हुई। जिसमें नगर पालिका चुनाव के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रदेश भाजपा कार्य समिति सदस्य गिरीश शुक्ला ने कहा कि विधानसभा व लोकसभा बड़े नेताओं का चुनाव होता है। किंतु यह कार्यकर्ताओं का चुनाव है। जिला

निकाय चुनाव प्रभारी प्रहलाद रजक ने कहा कि नीचे से ऊपर तक भाजपा की सरकार बने यह हम सबका दायित्व है। नगर पालिका मुंगेली चुनाव प्रभारी पवन गर्ग ने कहा कि किसी एक वार्ड में पार्षद पद के कई दावेदार हो सकते हैं परंतु एक को टिकट मिलने पर उसे जिताना अन्य सभी का दायित्व हो जाता है। जिलाध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी सभी कार्यकर्ताओं को नगरीय निकाय चुनाव एकजुटता से लड़ने की अपील की। पूर्व जिलाध्यक्ष शैलेश पाठक ने मुंगेली की ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करने की अपील कार्यकर्ताओं से की। इससे पूर्व नगर मण्डल अध्यक्ष सौरभ बाजपेयी ने स्वागत भाषण करते हुए सभी को नगरीय निकाय चुनाव में गंभीरता से कार्य कर भाजपा को विजयी बनाने की बात कही। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नगर मण्डल के कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। संचालन नगर मण्डल महामंत्री रामशरण यादव ने तथा आभार मुकेश रोहरा ने किया। इस अवसर पर नगर के 22 वार्डों के लिए पार्षद पद के तथा नगर पालिका के अध्यक्ष पद के लिए दावेदारों ने अपना आवेदन संगठन के नेताओं को सौंपा है। नगर के सभी 22 वार्डों में चुनाव के संदर्भ में बैठक एक ही दिन 18 जनवरी शनिवार को सभी वार्डों में होगी।

आयोजन

12वें वर्ष आयोजित यदुवंशी नृत्य कला महोत्सव राउत नाचा में पहुंचे विधायक पुन्नूलाल मोहले

यादव समाज आज भी अपनी कला संस्कृति एवं पहचान सुरक्षित रखा है

मुंगेली/नवप्रदेश। ग्राम सेतगंगा में 12वें वर्ष आयोजित यदुवंशी नृत्य कला महोत्सव राउत नाचा में मुख्य अतिथि की आसंदी संबोधित करते हुए वरिष्ठ विधायक एवं पूर्व मंत्री पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि छत्तीसगढ़ में यादव समाज आज भी अपनी कला संस्कृति एवं पहचान सुरक्षित रखा है। एक तरफजहां अधिकांश समाज की पहचान धीरे-धीरे खत्म होती जा रही है वहीं यादव समाज की कला संस्कृति पहचान एक नए रूप में और मजबूत होती जा रही है। कार्यक्रम में उपस्थित विशिष्ट अतिथि गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल ने शासन द्वारा गौ माता के संरक्षण और संवर्धन के संबंध में विचार व्यक्त किया। चित्रकूट धाम से पधारी साध्वी प्रज्ञा ने कहा कि मुझे यहां पर ऐसे लग रहा है जैसे मैं सेतगंगा में नहीं बल्कि ब्रजभूमि वृंदावन में उपस्थित हूं। जैसे द्वापर में यदुवंशियों ने अत्याचारियों का विनाश किया वैसे ही वर्तमान की आसुरी शक्तियों का विनाश करने में यादव समाज आगे आए। सर्व यादव समाज के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यदु ने कहां कि प्रदेश में बहुसंख्या में निवासरत पिछड़ा वर्ग को इस बार के स्थानीय निकाय के चुनाव में आरक्षण नहीं देकर छलने का काम किया गया है। जिसका पिछड़ा वर्ग द्वारा प्रदेश भर

में विरोध किया जाएगा। श्रीमती धनमती यादव ने कहा कि जब तक समाज की आधी आबादी बराबर भागीदारी नहीं होगी, तब तक समाज विकास अधूरा है। इस अवसर पर अमर सिंह राज राजमहल पंडरिया, जिला पंचायत सभापति रजनी मानिक सोनवानी, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष उर्मिला रमेश यादव, जिला पंचायत सदस्य किरण संतोष यादव, रघुनंदन पाठक, भाजपा मुंगेली महामंत्री रामशरण यादव, डां शिवकुमार बंजारा, महंत राधेश्याम दास, नारायण शर्मा, सुखचंद साहू, गेंदराम बनर्जी, कमल लोचन टोंडर, नरेश राम यादव, श्रीराम यादव सीरिया, संतोष कुमार यादव, भरत यादव, गौंटिया देवीशंकर यादव, अंतराम यादव, परदेशी यादव, सतीश यादव, फूलचंद यादव, मोतीराम यादव, इंदरमन यादव, पंडा यादव, नंदूराम यादव, मस्तानी यादव, चंदू यादव, घनश्याम यादव, संजय यादव कोहडिया, नंदयादव पंडरिया, रेवाराम यादव डिंडोल सहित सेतगंगा क्षेत्र के ग्रामीण एवं समाज के लोग बड़ी संख्या उपस्थित रहे।

अधिवक्ता संघ की बैठक में थाना जरहागांव के अपराध पर चर्चा हुई

मुंगेली/नवप्रदेश। नाबालिग विकलांग मूक बधिर बालिका के साथ हुये सामूहिक बलात्कार एवं अश्लील वीडियो बनाने की घटना के संबंध में हुए अपराध पर आरोपीगण के लिए कोई भी अधिवक्ता उपस्थित नहीं होने और ना ही उनकी ओर से पैरवी करने का निर्णय अधिवक्ता संघ ने लिया। बैठक में सभी अधिवक्ताओं ने सर्वसम्मती से निर्णय पारित किया है कि भविष्य में ऐसे दूषित कर्म करने वाले लोगों के लिए अधिवक्ता संघ के सदस्य पैरवी नहीं करेंगे। अधिवक्ता संघ की बैठक में थाना जरहागांव के अपराध पर चर्चा हुई। जिसमें एक नाबालिग विकलांग मूक बधिर बालिका के साथ हुये सामूहिक बलात्कार की घटना एवं अश्लील वीडियो बनाने की घटना के संबंध में अपराध कायम किया गया है। उक्त घटना के संबंध में जानकारी जिला अधिवक्ता संघ को प्राप्त होने पर जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष ठा. राजमन सिंह द्वारा संज्ञान लेते हुए आवश्यक बैठक आहूत कर सभी अधिवक्तागण उपस्थित होकर सर्वसम्मती से प्रस्ताव पारित किया गया है।

पुलिस, बैंक एवं प्रशासन की संयुक्त टीम ने साइबर फ्रॉड से बचाव की दी जानकारी

प्रभारी कलेक्टर ने रीता यादव ने महिलाओं को धोखाधड़ी से बचने किया जागरूक

■ साइबर क्राइम और वित्तीय साक्षरता पर कार्यशाला

गरियाबंद / नवप्रदेश । जिला पंचायत और पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान अंतर्गत स्वसहायता समूहों की दीदियों के लिए आज साइबर क्राइम और वित्तीय साक्षरता पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित कार्यशाला में साइबर अपराध के विभिन्न पहलुओं और उनसे बचने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव, एसडीओपी निशा सिन्हा, सहित बैंक एवं प्रशासन की टीम द्वारा समूह की महिलाओं को ऑनलाईन वित्तीय धोखाधड़ी से बचने के संबंध में जागरूक किया। कार्यशाला में मौजूद समूह की महिलाओं ने ऑनलाइन साइबर फ्राड से बचने के बताये गये उपायों को गंभीरतापूर्वक सुना। इस दौरान यादव ने कहा कि किसी भी अनजान व्यक्ति को अपने बैंक खाते की जानकारी एवं ओटीपी आदि को नहीं बताना चाहिए। मोबाईल पर आए अनजान लिंक एवं एप्लीकेशन को डाउनलोड नहीं करना चाहिए। इससे मोबाईल हैक होने एवं बैंक खाते से पैसे चोरी होने का खतरा रहता है। उन्होंने इस संबंध में समूह की महिलाओं को जागरूक करते हुए अपने बच्चों एवं आसपास के लोगों को भी जागरूक करने की अपील की। कार्यशाला में दीदियों को अभिव्यक्ति ऐप के बारे में जानकारी दी गई। बताया गया कि इस ऐप के जरिए वे सीधे पुलिस से संपर्क कर सकती हैं। एसओएस बटन दबाने पर घर के किसी सदस्य को तुरंत

अलर्ट संदेश पहुंच जाएगा। इसके अलावा, ट्रू-कॉलर एप्प के उपयोग के बारे में समझाया गया। रेड कलर से चिन्हित स्पैम कॉल्स को न उठाने और केवल ब्लू चिह्नित नंबरों पर भरोसा करने की सलाह दी गई।

वित्तीय सुरक्षा पर विशेष जोर - कार्यशाला में समूह की दीदियों को सतर्क रहने और कहीं भी अनियमित निवेश न करने की सलाह दी गई। साथ ही अनजान एपीके फॉर्मेट फाइल डाउनलोड करने से बचने को कहा गया, क्योंकि इससे फोन का पासवर्ड और अन्य निजी जानकारी चोरी होने का खतरा रहता है।

साइबर अपराध से बचने के टिप्स - हर 15 दिन या महीने में अपने कॉलिंग और मैसेजिंग ऐप्स का पासवर्ड बदलें। अनजान लिंक या संदेशों पर क्लिक न करें। निवेश करते समय प्रमाणित संस्थानों पर ही भरोसा करें। कार्यशाला के दौरान दीदियों ने साइबर अपराध और वित्तीय साक्षरता को लेकर जागरूकता बढ़ाने की पहल का स्वागत किया। कार्यक्रम में अधिकारियों ने उम्मीद जताई कि इस जानकारी से दीदियां खुद के साथ-साथ अपने समूह और समुदाय को भी सुरक्षित रखेंगी।

साइबर फ्राड से बचने किये जाने वाले उपाय - अपने मोबाईल को संबंधित बैंक में पंजीकृत करवायें। समय-समय पर खाता-पासबुक चेक करें। ओटीपी का उपयोग सावधानी पूर्वक करें। ओटीपी किसी से शेयर न करें। अपना पासवर्ड सुरक्षित रखें एवं समय-समय पर बदलते रहे। शंका होने पर बैंक से तथा बैंक के टोलफ्री नंबर पर संपर्क करें। कार्ड स्वेप मशीन का उपयोग स्वयं करें। पासवर्ड छुपाकर अकित करें। कार्ड उपयोग होने के उपरांत कार्ड को उल्टा कर पुनः स्वैप करें। एटीएम कार्ड खोने पर तत्काल बैंक को सूचित करें। एटीएम कार्ड नं., पिन नं. वैधता तिथि किसी से शेयर न करे। अपना पर्सनल जानकारी किसी को न करे, अति आवश्यक होने पर बैंक जाकर जानकारी चेक करे, फ्राड काल, ईनामी मैसेज से बचे, समय समय पर अपना एटीएम कार्ड पासवर्ड बदलते रहे, किसी भी साईट में सर्च करने से पहले अपनी गोपनीय दस्तावेज अपलोड न करें।

मिशन साइबर सुरक्षा- एटीएम और ओटीपी नम्बर किसी को भी न बतायें, डेबिट कार्ड फ्रॉड से इस तरह से आप बच सकते है। यह लोग डेबिट/केडिट कार्ड बंद होने की बात कह कर लोगों को भ्रम में डालते हैं। अपने आप को बैंक का अधिकारी बताते हैं।

न्यूज गैलरी

सिंचाई पंप कनेक्शन से आई किसानों के खेतों में हरियाली

गरियाबंद/नवप्रदेश । जिले के छुरा विकासखंड के ग्राम कनसिंघी के तीन किसान फसल सिंचाई की चिंता से मुक्त हुये। पहले उन किसानों के पास सिंचाई सुविधा नहीं होने से वे अपने फसल के सूखने या कम पैदावार की चिंता सताती रहती थी। लेकिन अब सिंचाई पंप में स्थाई विद्युत कनेक्शन लग जाने से सिंचाई की सुविधा में बढ़ोत्तरी हुई है। कनसिंघी के किसान गिरवर नागेश, ऐत राम भुंजिया एवं कल्याण सिंग गोंड़ द्वारा स्थाई सिंचाई पंप कनेक्शन के लिए विद्युत वितरण कंपनी में आवेदन किया गया था। जिस पर उनके आवेदनों का परीक्षण कर स्वीकृति पश्चात् कार्यादेश जारी किया गया। इसके उपरांत विद्युत वितरण कंपनी द्वारा लाईन विस्तार कार्य पूर्ण करते हुये उनके सिंचाई पंप के लिए विद्युत कनेक्शन प्रदान कर दिया गया।

इन उपभोक्ता किसानों को शासन कंपनी के नियमानुसार प्रति कृषक 1 लाख रूपये की छूट प्रदान करते हुये 3 लाख रूपये की छूट प्रदान की गई। जिस पर किसान श्री गिरवर नागेश ने बताया कि हम तीन किसानों ने मिलकर सिंचाई पंप विद्युत कनेक्शन हेतु आवेदन दिया था, जो कि पूर्ण हो चुका है। अब हम अपने खेतों में खरीफ एवं रबी दोनों सीजन में फसल ले सकते है। जिससे हमारी आर्थिक उन्नति और होगी। उन्होंने राज्य शासन और विद्युत वितरण कंपनी को साधुवाद दिया है।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने जिले का पहला महिला थाने का शुभारंभ किया

त्वरित समाधान का केंद्र बने नया महिला थाना: विजय शर्मा

कवधा/नवप्रदेश। उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने कबीरधाम जिले के प्रवास के अवसर पर गुरुवार को कबीरधाम जिले के प्रथम महिला थाना का विधिवत शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री के विशेष पहल से कबीरधाम जिले के कवर्धा में महिला थाना की शुरुआत की गई। यह थाना जिले का पहला महिला थाना होगा, जो न केवल महिलाओं के प्रति अपराधों की रोकथाम में सहायक होगा, बल्कि उनकी शिकायतों का त्वरित समाधान भी सुनिश्चित करेगा। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने थाना का शुभारंभ करने के बाद उप निरीक्षक शांता लकड़ा को थाना प्रभारी का विधिवत पदभार ग्रहण कराया और रोजनामचा में अपना नाम दर्ज कराया। इस थाने में थाना प्रभारी सहित 23 बलो की पदस्थापना की गई है। उपमुख्यमंत्री

शर्मा ने कहा कि यह महिला थाना महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देने वाली एक महत्वपूर्ण पहल है। महिला थाना से जिले की महिलाओं को एक सुरक्षित और निःसंदेह स्थान मिलेगा, जहां वे अपने विवादों को सुलझाने के लिए आगे आ सकती हैं। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ राज्य के सभी जिलों में महिला थाना खोला जाएगा। इसके तहत प्रदेश के पहले चरण में 5 जिला जशपुर, रायगढ़, कवर्धा, राजनांदगांव और जगदलपुर में महिला थाना की स्वीकृति दी गई है। आज कबीरधाम जिला में महिला थाना का विधिवत शुभारंभ किया गया। उद्घाटन समारोह में उपमुख्यमंत्री शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि इस महिला थाना का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि महिलाओं को अपने अधिकारों की रक्षा के लिए एक सुरक्षित स्थान मिल सके। उन्होंने कहा कि महिलाओं के मन में विश्वास और ताकत होना चाहिए ताकि वे किसी भी समय, चाहे दिन हो या रात, बिना किसी डर के बाहर जा सकें। यह स्थिति बनाना और इस प्रकार का माहौल निर्मित करना भी मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने कार्यक्रम के बाद महिला थाना भवन परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौध रोपण किया। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि अपराध के किसी भी प्रकार के बिंदु पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार की स्पष्ट मंशा का जिक्र करते हुए कहा कि नशे की सामग्री बेचने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसी भी गांव में नशे की सामग्री का परिवहन या बिक्री नहीं होनी चाहिए और इस कार्य को गंभीरता से, बिना किसी दबाव के, पूरी ताकत के साथ किया जाए।

50 हजार से अधिक बकाया वाले 25 उपभोक्ताओं के कनेक्शन काटे

भाटापारा/नवप्रदेश। विद्युत विभाग के संभागीय कार्यालय के अधीनस्थ विभिन्न स्थानों के 50 हजार से अधिक बकायादारो के विद्युत कनेक्शनो पर कार्यवाही करते हुए 25 उपभोक्ताओं के सीधे कनेक्शन काट दिए गए। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर की गई कार्यवाही से विद्युत उपभोक्ताओं में हड़कंप मच गया है। विभाग के कार्यपालन यंत्री वी के राठिया ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि विद्युत विभाग अब ऐसे प्रकरणों के निपटाने के लिए न्यायालय जाने की तैयारी कर रहा है। कार्यपालन अभियंता श्री राठिया ने बताया कि जिन उपभोक्ताओं की काटी गई लाईनों में जसमीन, रेनुका कुरै, नीरज चनेजा मेसर्स श्री सांई ब्रिक्स, ढाबाडीह, फेकन बाई, ढाबाडीह, गंगा राम यादव,सेमरिया,राम कुमार यदु, अमलीडीह, प्रताप सिंह टंडन, सेन्दरी, बेबी बाई सोनकर, सिमगा और श्रीमती चित्रा बाई घृतलहरे, चौरंगा प्रमुख है। बिजली बिल हाफ योजना के बावजूद विद्युत

उपभोक्ताओं द्वारा बकाया बिजली बिल का भुगतान नहीं किया जा रहा है जिसक कारण संभाग में बकाया राशि बढ़कर लगभग 67.61 करोड़ रूपये तक पहुंच गया है। विभाग के आला अधिकारियों से निर्देश मिलने के पश्चात सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता एवं फिल्ड स्टाफ द्वारा बकाया राशि वसूली एवं कनेक्शन काटने में जुट गए हैं। इसके लिए अलग टीम बनाकर कार्यवाही की जा रही है एवं आगे भी इस तरह की कार्यवाही चालू रहेगी। श्री राठिया ने आम बिजली बकायादारों से असुविधा से बचने अपने विद्युत बिलों का भुगतान नियमित रूप से करने की अपील की है।

खड़खड़िया जुआ खिलाने वाला आरोपी गिरफ्तार

नगरी/नवप्रदेश । पुलिस थाना दुगली में खड़खड़िया जुआ खिलाने वाले आरोपी तरूण कुमार निर्मलकर पिता संतोष निर्मलकर उम्र 25 वर्ष साकिन जामगांव थाना नरहरपुर जिला कांकेर को गिरफ्तार किया है। जप्ती-नगद 6000/रुपये एवं फड़ से 2250/ रूपये कुल 8250 रू0 एवं एक काला रंग का प्लास्टिक डब्बु एवं फड जिसमे झंडा, मुण्डा, चिडी, हुकुम, पान, एवं ईट, का चित्र बना हुआ,06 नग प्लास्टिक का गोटा जब्त किया।

एक व्यक्ति ग्राम केकराखोली कला मंच के बगल मे स्ट्रीट लाईट के नीचे आम जगह पर कुछ लोगो को रूपये पैसो का हार जीत का दाव लगाकर खड़खड़िया नामक जुआ खेला रहे है कि सूचना मुखबिर सूचना पंचनामा तैयार कर मौके पर मिले गवाह चमरू राम पोटाई सोमर सिंह नेताम को धारा 179 बी.एन.एस.एस.का नोटिस देकर मौके पर पहुचकर रेड कार्यवाही किया तो एक जुआडी घटनास्थल पर खड़खड़िया नामक जुआ खेलाते रंगे हाथ पकडा गया जिससे नाम पता पुछने पर उसने

अपना नाम तरूण कुमार निर्मलकर पिता संतोष निर्मलकर उम्र 25 वर्ष साकिन जामगांव थाना नरहरपुर जिला कांकेर बताया कुछ जुआरी पुलिस को देखकर भाग गये विधिवत तलाशी पंचनामा तैयार कर आरोपी का तलाशी लिया गया जिसके कब्जा से नगद 6000/रूपये एवं फड़ से 2250/ रूपये, एक काला रंग का प्लास्टिक डब्बु एवं एक नग प्लास्टिक का फड़ जिसमे झंडा, मुण्डा, चिडी, हुकुम, पान, एवं ईट, का चित्र बना हुआ,06 नग प्लास्टिक का गोटा मिलने पर आरोपी को जुआ खेलाने के वैध दस्तावेज पेश करने के संबंध मे धारा 94 बी.एन.एस.एस. का नोटिस दिया तो उसने कोई वैध दस्तावेज नही होना नोटिस पर लेख देने पर समक्ष गवाहन के जस कर कब्जा पुलिस वजह लिया गया है। आरोपी का कृत्य धारा 6 (क) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 का पाये जाने से आरोपी तरूण कुमार निर्मलकर पिता संतोष निर्मलकर उम्र 25 वर्ष साकिन जामगांव थाना नरहरपुर जिला कांकेर को दिनांक 16.01.2025 के 00.20 बजे गिरफ्तार किया गया है मामला अजमानतीय होने से आरोपी को गिरफ्तार कर गिरफ्तारी की सूचना परिजन विश्वनाथ कौशिक को दिया गया है, मौके पर देहाती नालसी अपराध कायम किया।

पॉलीटेक्निक में सेवानिवृति पर दी बिदाई और स्वागत

भाटापारा/नवप्रदेश। पालीटेक्निक कॉलेज में कार्यरत व्याख्याता कंप्यूटर साइंस अभिषेक देवांगन एवं सहायक ग्रेड 2 वीरेन्द्र कुमार चौधरी के विदाई समारोह का कार्यक्रम किया गया। उदय प्रसाद शासकीय पालीटेक्निक दुर्ग के प्रोग्रामर सुभाषचन्द्र सोनी का संस्था में स्वागत किया गया। उक्त कार्यक्रम में संस्था के प्राचार्य डॉ. आई.सी. भारती एवं सभी व्याख्याता कर्मचारी उपस्थित रहे।

हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर में स्वास्थ्य कर्मियों का कब्जा

स्वास्थ्य लाभ को सुलभ और सरल बनाने की मुहिम को दिखा रहे ठेंगा

कुरूद /नवप्रदेश । भखारा उप स्वास्थ्य केंद्र के हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर की बिल्डिंग में स्वास्थ्य कर्मियों के कब्जे के चलते मरीज हो रहे हैं परेशान और हलाकान है। शासन की महती योजना में स्वास्थ्य लाभ को सुलभ और सरल बनाने की मुहिम को ऐसे कर्मचारियों के मनमानी दिख रही है ठेंगा। भखारा के नवनिर्मित भवन जिसमें हैल्थ एंड वैलनेस सेंटर के अंतर्गत नीचे अस्पताल की सेवा जिसमें प्रसव कक्ष, टीकाकरण कक्ष, बाह्य रोगी कक्ष और प्रसव बाद भर्ती कक्ष आदि शामिल है। लेकिन भखारा में पदस्थ दो

स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा इस पर कब्जा किए जाने से मरीजों और उनके परिजनों को दूर दराज तक भटकना पड़ रहा है। और स्वास्थ्य विभाग आंखें बंद किए बैठा है।

कुरूद ब्लॉक क्षेत्र के भखारा में संचालित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का लाभ लोगों को नहीं मिल पा रहा है। यहां स्वास्थ्यकर्मी की तैनाती जरूर हुई है लेकिन वे इसे अपना घर बनाए बैठ गए हैं। बच्चों के टीकाकरण व गर्भवतियों की जांच के लिए भखारा स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बनाया गया है। इसमें एएनएम की तैनाती भी है। लेकिन उन्होंने इसे अपना घर बना लिया है। इससे भखारा और आस पास के गांव के बच्चों के टीकाकरण के साथ गर्भवतियों को जांच में परेशानी उठानी पड़ रही है। हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर को अपना मकान बनाए जाने से भखारा और आस पास के गांव वाले भी परेशान हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में चिकित्साधिकारी डॉ. यू एस नवरतन को कई बार शिकायत की गई है। लेकिन कार्रवाई नहीं हुई।

हमर स्वस्थ्य लइका अभियान कुपोषण मुक्त समाज की ओर एक कदम

साजा/नवप्रदेश । महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा हमर स्वस्थ्य लइका अभियान के अंतर्गत जिले में कुपोषण और एनीमिया की समस्या को समाप्त करने हेतु विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों, महिलाओं और बालिकाओं में पोषण संबंधी समस्याओं को दूर कर एक सुपोषित समाज का निर्माण करना हैं।

परियोजना साजा के अंतर्गत सेक्टर बोरतरा के ग्राम कोरवाय स्थित स्कूल परिसर में मास्टर ट्रेनर सीता चंद्रवंशी और परिवेक्षक लता दीक्षित ने कुपोषित बच्चों के घरों का दौरा कर पोषण जागरूकता के लिए सुपोषण भेंट आयोजित की। इसमें पंच, जनप्रतिनिधि, महिलाओं, बच्चों के पालकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिन, और स्वसहायता समूहों की महिलाओं ने भाग लिया।

सुपोषण के मुख्य बिंदु पोषण के पाँच सूत्र - पहले 1000 दिनों में बच्चे का शारीरिक एवं मानसिक विकास होता हैं, विटामिन सी से भरपूर भोजन, आयरन, कैल्शियम, आई.एफ.ए. सिरफ, एलबेंडाजोल गोली का नियमित डो? लेना, दस्त होने पर ओ.आर.एस. एवं जिंक की दवाई और व्यक्तिगत साफ-सफाई एवं आस पास के पर्यावरण की साफ् सफाई। परिवेक्षक लता दीक्षित ने मां के नाम पेड़ योजना के तहत मुनगा पौधे वितरित किए और उसके पोषण संबंधी लाभ बताए। साथ ही अलसी, रागी, और स्थानीय साग-भाजी जैसे मुनगा, पालक, चौलाई, मेथी आदि के सेवन पर जोर दिया गया। फल और मौसमी आहार जैसे केला, संतरा, आंवला, अमरूद, और बेर खाने की सलाह दी गई। ग्राम कोरवाय और पिपरिया के 12 कुपोषित बच्चों के घरों में भ्रमण कर उनके पालकों को पोषण संबंधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंत में 36 मुनगा और आंवला पौधे वितरित किए गए और उपस्थित लोगों ने सुपोषण शपथ ली। कार्यक्रम में यह पाया गया कि पालकों को पोषण संबंधी जानकारी की कमी हैं, विशेषकर बच्चों को विटामिन सी युक्त आहार नहीं दिया जा रहा हैं। क्रेस कार्यकर्ता पूर्णिमा वर्मा और द्रोपदी वर्मा का विशेष योगदान रहा। चंद्रबेश सिंह सिसोदिया जिला कार्यक्रम अधिकारी ने सभी पालकों से बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण के प्रति जागरूक रहने की अपील की। यह अभियान जिले को कुपोषण मुक्त बनाने की दिशा में एक प्रभावी कदम हैं।

अभियान

नवोदय प्रवेश परीक्षा के लिए नि:शुल्क कोचिंग

गरियाबंद विकासखंड के 42 छात्र-छात्राओं ने 15 दिनों तक की कोचिंग

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक अगवाल के निर्देशानुसार जिले में गौरव गरियाबंद अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत विकासखंड स्तरीय जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा 2025 के लिए नि:शुल्क कोचिंग का आयोजन किया गया। जिसमें गरियाबंद विकासखंड के 42 छात्र-छात्राओं ने 15 दिनों तक कोचिंग प्राप्त किया। विकासखंड गरियाबंद में शिक्षा के क्षेत्र मे एक नया प्रयोग करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ए.के. सारस्वत के मार्गदर्शन में विकासखंड शिक्षा अधिकारी गजेंद्र ध्रुव द्वारा नवाचार किया गया। साथ ही कक्षा 6वीं जवाहर नवोदय प्रवेश परीक्षा 2025 हेतु विकासखंड स्तरीय नि:शुल्क कोचिंग 1 जनवरी से प्रारम्भ किया गया था। जिसका आज समापन किया गया। इस दौरान संयुक्त कलेक्टर राकेश गोलछा ने नवोदय प्रवेश परीक्षा के लिए छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि इस नि:शुल्क कोचिंग से निश्चित ही आप लोगों को फायदा मिलेगा तथा यहां आप लोगों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अच्छा माहौल मिला है। उन्होंने नवोदय विद्यालय में चयन उपरांत मिलने वाली प?ाई, रहने, खेलकूद, सांस्कृतिक

गतिविधियां सहित अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इससे पूर्व 1 जनवरी 2025 को कोचिंग का शुभारंभ रायपुर के सहायक संचालक अजीत कुमार जाट ने करते हुए इस कोचिंग की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दीं। 15 दिवस तक चले इस नि:शुल्क कोचिंग में मार्गदर्शन देने जिला शिक्षा अधिकारी ए.के सारस्वत, जिला मिशन समन्वयक के. एस. नायक, जिला परिवहन अधिकारी रविन्द्र ठाकुर, जिला नोडल गौरव गरियाबंद श्याम चंद्राकर, सहायक नोडल मनोज केला, तहसीलदार मयंक अग्रवाल, स्त्रोत समन्वयक तेजेश शर्मा के साथ हो जवाहर नवोदय विद्यालय पाण्डुका से शिक्षकगण विशेष रूप से उपस्थित हुए। कोचिंग को सफल बनाने में कृष्ण कुमार बया, मनोज चंद्राकर एवं समस्त संकुल समन्वयक, पुनारद राम निषाद, डगेश्वर क्षत्री, मनोज साहू एवं शिक्षकगणों का विशेष सहयोग रहा।

अग्निवीर भर्ती के लिए 27 जनवरी तक आवेदन आमंत्रित

गरियाबंद /नवप्रदेश । भारतीय वायुसेना द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के अविवाहित पुरुष एवं महिला उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर वायु सैनिक के पदों पर भर्ती की जायेगी। इसके लिए उम्मीदवारों से ऑनलाईन आवेदन हेतु भारतीय वायुसेना के वेबसाईट में 27 जनवरी तक आवेदन कर सकते है। इसके लिए इच्छुक उम्मीदवार की शैक्षाणिक योग्यता कक्षा 12 वीं, इंजीनियरिंग डिप्लोमा में 50 प्रतिशत एवं अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक होना अनिवार्य है। उम्मीदवार की जन्मतिथि 01 जनवरी 2005 से 01 जुलाई 2008 के मध्य होना चाहिए। उम्मीदवार की ऊंचाई 152 से.मी. होना चाहिए। उम्मीदवार को चयन हेतु कम्प्यूटर आधारित ऑनलाईन लिखित परीक्षा, शारीरिक दक्षता परीक्षा, अनुकूलन दक्षता परीक्षण एवं चिकित्सा परीक्षण में उत्तीर्ण करना अनिवार्य है। ऑनलाईन परीक्षा के लिए 550 रूपये शुल्क निर्धारित है।

न्यूज़ गैलरी

इंफोसिस का बड़ा धमाका- भारत के कर्मचारियों की 6 से 8 फीसदी बढ़ेगी सैलरी

नई दिल्ली। इंफोसिस जनवरी 2025 से भारत में कर्मचारियों के लिए 6-8 फीसदी वार्षिक वेतन वृद्धि शुरू करेगी. मनीकंट्रोल की रिपोर्ट के अनुसार यह नियोजित वेतन संशोधन का पहला चरण है. दूसरा चरण अप्रैल में आएगा. जनवरी 2025 में लागू होने वाली वेतन वृद्धि एन आर नारायण मूर्ति की अगुवाई वाली कंपनी के नियोजित वेतन संशोधनों के पहले चरण को चिह्नित करती है, जिसका दूसरा चरण अप्रैल 2025 के लिए निर्धारित है. भारत से बाहर के कर्मचारियों को कम एकल अंकों की वेतन वृद्धि मिलने की संभावना है. रिपोर्ट में इंफोसिस के मुख्य वित्तीय अधिकारी जयेश संघराजका के हवाले से कहा गया है कि मोटे तौर पर, हम भारत में 6-8 फीसदी की वार्षिक वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं, और विदेशी वेतन वृद्धि पहले की वेतन समीक्षाओं के अनुरूप होगी. उन्होंने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए तीसरी तिमाही के नतीजे घोषित करने के बाद प्रेस को संबोधित किया. आईटी दिग्गज, जिसमें 3.23 लाख से अधिक पेशेवर कार्यरत हैं, ने आखिरी बार नवंबर 2023 में वेतन वृद्धि की थी. अभी तक ऐसा करने में देरी विवेकाधीन आईटी सेवाओं की वैश्विक मांग में व्यापक अनिश्चितता और कमजोर विवेकाधीन खर्च, विलंबित क्लाइंट बजट और व्यापक आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण आईटी कंपनियों पर पड़ने वाले दबाव के कारण हुई है।

मजबूत क्यू3 नतीजे के बाद रिलायंस के शेयरों में तेजी

नई दिल्ली। 2025 की तीसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा के बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के शेयरों में जोरदार खरीदारी देखने को मिली. एनएसई पर रिलायंस के शेयर की कीमत 1,322.25 रुपये पर खुली और ओपनिंग बेल के कुछ ही मिनटों के भीतर एनएसई पर 1,326 रुपये प्रति शेयर के इंट्राडे हाई को छू गई शेयर बाजार के विशेषज्ञों के अनुसार, सेंसेक्स के दिग्गज ने समेकित स्तर पर रिकॉर्ड ईबीआईटीडीए और पैट की सूचना दी, जिससे जल्द ही तेजी की भावना को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है. रिलायंस रिटेल ने सभी फॉर्मेट से उल्लेखनीय योगदान के साथ मजबूत प्रदर्शन किया.विशेषज्ञों ने रिलायंस के शेयरों में गिरावट पर खरीदारी की रणनीति का सुझाव दिया और आरआईएल के शेयर मूल्य के लिए 1400 रुपये के निकट अवधि के लक्ष्य की भविष्यवाणी की है.रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) ने गुरुवार को वित्त वर्ष 2025 की तीसरी तिमाही के नतीजे घोषित किए, जिसमें उसका मुनाफा 21,804 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही से 11.88 फीसदी ज्यादा है. परिचालन से तीसरी तिमाही का राजस्व 243,865 करोड़ रुपये रहा, जो वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही के 227,970 करोड़ रुपये के मुकाबले 6.97 फीसदी ज्यादा है.आरआईएल के खुदरा कारोबार ने समीक्षाधीन तिमाही में 90,333 करोड़ रुपये का राजस्व दर्ज किया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही से 8.8 फीसदी ज्यादा है।

वर्तमान में कुल टोल वसूली में निजी वाहनों की हिस्सेदारी केवल 26 फीसदी है

हाईवे पर कार के लिए बनेगा मंथली और एनुअल टोल पास!

मुंबई। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने घोषणा की कि सरकार राष्ट्रीय राजमार्गों पर निजी वाहनों के लिए टोल वसूली की जगह मासिक और वार्षिक पास शुरू करने पर विचार कर रही है।

इस कदम से सरकार को कोई नुकसान नहीं होगा. क्योंकि वर्तमान में कुल टोल वसूली में निजी वाहनों की हिस्सेदारी केवल 26 फीसदी है, जबकि 74 फीसदी राजस्व वाणिज्यिक वाहनों से आता है। मासिक और वार्षिक पास की व्यवस्था होने से निजी वाहनों को टोल बूथ पर बार-बार रुकने की जरूरत नहीं होगी, जिससे समय और पैसे दोनों की बचत होगी. यह कदम आम जनता के लिए राहत भरा साबित हो सकता है, जिससे टोल भुगतान की प्रक्रिया आसान और सुविधाजनक हो जाएगी. नितिन गडकरी ने कहा कि इस नए प्रस्ताव के तहत अब गांवों के बाहर टोल बूथ बनाए जाएंगे, ताकि ग्रामीणों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े. इसके साथ ही सरकारी अधिकारियों ने टोल वसूली के लिए ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (जीएनएसएस) पर आधारित एक नई व्यवस्था का भी प्रस्ताव रखा है, जिससे टोल वसूली की प्रक्रिया और अधिक पारदर्शी और सुचारू हो जाएगी। इसके अलाव, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर फास्टैग के साथ-साथ एक अतिरिक्त सुविधा के रूप में सहज जीएनएसएस आधारित टोल कलेक्शन सिस्टम को शुरू में लागू करने का निर्णय लिया है. उन्होंने कहा कि ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (जीएनएसएस) आधारित टोल संग्रह प्रणाली मौजूदा टोल संग्रह प्रणाली से बेहतर होगी।

वित्त वर्ष 2026 के दौरान प्रत्यक्ष कर संग्रह में 12 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया

बजट 2025 में आयकर पर छूट देने का ऐलान या कैपेक्स पर रहेगा जोर?

नई दिल्ली। आईसीआरए ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि आगामी बजट में सरकार व्यक्तिगत आयकरदाताओं को मामूली राहत तो दे सकती है, लेकिन इससे कर संग्रह पर असर पड़ने का खतरा नहीं है। वित्त वर्ष 2026 के दौरान प्रत्यक्ष कर संग्रह में 12 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। बजट 2025 की तारीख नजदीक है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 01 फरवरी 2025 को वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट संसद में पेश करेंगी। इस बार के बजट में व्यक्तिगत आयकरदाताओं को राहत मिलने की उम्मीद है। आईसीआरए (इनवेस्टमेंट इन्फॉर्मेशन और क्रेडिट रेटिंग एजेंसी) ने अपनी एक रिपोर्ट में भी यह दावा किया है। आईसीआरए ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि आगामी बजट में सरकार व्यक्तिगत आयकरदाताओं को मामूली राहत तो दे सकती है, लेकिन इससे कर संग्रह पर असर पड़ने का खतरा नहीं है। वित्त वर्ष 2026 के दौरान प्रत्यक्ष कर संग्रह में 12 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया गया है। इस अनुमान का आधार आय और कॉरपोरेट कर राजस्व में इजाफा होना है। अप्रत्यक्ष करों में 9 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान जताया गया है। जीएसटी संग्रह में 10.5 प्रतिशत की वृद्धि होने की उम्मीद है। सीमा शुल्क प्रवाह में मामूली 5 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अमेरिका की ओर से भारतीय उत्पादों पर अधिक टैरिफ लगाए जाने पर फिलहाल अनिश्चितता बनी हुई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि वित्त वर्ष 2026 में सकल कर राजस्व (जीटीआर) में समग्र वृद्धि 10 प्रतिशत के नॉमिनल जीडीपी वृद्धि दर के पूर्वानुमान से थोड़ा अधिक होने की उम्मीद है, जिसका मतलब है करों में बढ़ोतरी। रिपोर्ट में राजस्व घाटे पर भी बात कही गई है। वित्त वर्ष 2026 के दौरान राजकोषीय घाटे में 16 ट्रिलियन रुपये का इजाफा होने का अनुमान है। जबकि वित्त वर्ष 2025 में यह 15.4 ट्रिलियन रुपये था। हालांकि, जीडीपी के प्रतिशत के रूप में देखा जाए तो राजकोषीय घाटा वित्त वर्ष 2025 में 4.8 प्रतिशत से घटकर 4.5 प्रतिशत रह सकती है। रिपोर्ट में कहा गया है, ÷आईसीआरए राजकोषीय घाटे के लक्ष्यों या केंद्र सरकार के ऋण/जीडीपी पर किसी बड़े मार्गदर्शन का इंतजार कर रहा है।

रिपोर्ट के अनुसार आंकड़ों पर सरकार की ओर से आठवें वेतन आयोग के गठन के एलान का भी असर पड़ेगा। आईसीआरए को वित्त वर्ष 2026 में लगभग 11 ट्रिलियन रुपये के पूंजीगत व्यय की उम्मीद है, जो पिछले वर्ष की बजट घोषणाओं के अनुसार ही है। यह राशि वित्त वर्ष 2025 में 9.7 ट्रिलियन रुपये के अपेक्षित व्यय से 12-13 प्रतिशत अधिक है। पूंजीगत व्यय को बढ़ावा देकर सरकार विनिर्माण रोजगार सृजन और कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित करना चाहती है, ताकि वित्त वर्ष 2025 में शहरी खपत और निवेश गतिविधि में आई मंदी का मुकाबला किया जा सके।

अब गोवा में केस दर्ज

कूरियर कंपनी ने कोल्डप्ले कॉन्सर्ट के टिकट की कर दी गलत डिलीवरी

नई दिल्ली। गोवा पुलिस ने 3.86 लाख रुपये मूल्य के कोल्डप्ले कॉन्सर्ट टिकटों की गलत डिलीवरी के ममाले में कथित धोखाधड़ी के लिए एक प्रसिद्ध कूरियर कंपनी और एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गोवा पुलिस ने 3.86 लाख रुपये मूल्य के कोल्डप्ले कॉन्सर्ट टिकटों की गलत डिलीवरी के ममाले में कथित धोखाधड़ी के लिए एक प्रसिद्ध कूरियर कंपनी और एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। डॉ. एश्ले फर्नांडिस की ओर से गुरुवार को दक्षिण गोवा में कोल्वा पुलिस में दर्ज कराई गई शिकायत के अनुसार, कूरियर कंपनी के कर्मचारियों ने ब्रिटिश रॉक बैंड के मुंबई संगीत कार्यक्रम के लिए उनकी ओर से खरीदे गए चार टिकट किसी और व्यक्ति को दे दिए। शिकायतकर्ता ने बताया कि तुषार बंसल नामक व्यक्ति ने बिना किसी सत्यापन के 3,86,217 रुपये के टिकट स्वीकार कर लिए। कूरियर फर्म ने उन्हें ये टिकट डिलीवर किए। फर्नांडिस ने पुलिस को बताया कि उन्होंने ऑनलाइन पोर्टल के जरिए टिकट बुक किए थे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने कूरियर कंपनी और बंसल के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा के तहत धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर लिया। म्यूजिक ऑफ द स्फीयर्स वर्ल्ड टूर के हिस्से के रूप में, कोल्डप्ले के शो का आयोजन 18, 19 और 21 जनवरी को महाराष्ट्र के ठाणे जिले के नवी मुंबई में डीवाई पाटिल स्टेडियम में होना है। सेबी ने कथित वित्तीय कदाचार के लिए पचेली इंडस्ट्रियल फाइनेंस और 6 अन्य पर प्रतिबंध लगाया बाजार नियामक सेबी ने कथित वित्तीय अनियमितताओं और शेयर हेरफेर के लिए गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी पचेली इंडस्ट्रियल फाइनेंस और छह अन्य इकाइयों को अगले आदेश तक प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है। पचेली इंडस्ट्रियल फाइनेंस लिमिटेड के अलावा, अभिजीत ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड, कैलिक्स सिक्योरिटीज प्राइवेट लिमिटेड, हिबिस्कस होल्डिंग्स, एवेल फाइनेंशियल सर्विसेज, एडॉप्टिका रिटेल इंडिया और सल्फर सिक्योरिटीज, वे छह संस्थाएं हैं जिन्हें बाजार से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

फाइनेंशियल ईयर 2025-26 में भारत की आर्थिक बढ़ोत्तरी 6.7 फीसदी रहने का अनुमान

नई दिल्ली। अप्रैल 2025 से शुरू होने वाले अगले दो वित्त वर्षों के लिए भारत की आर्थिक बढ़ोतरी 6.7 फीसदी प्रति वर्ष पर स्थिर रहने की संभावना जताई गई है. बता दें, दक्षिण एशिया के लिए विश्व बैंक के नवीनतम विकास अनुमानों यह संभावना व्यक्त की गई है। विश्व बैंक ने कहा कि 2025-26 में दक्षिण एशिया में बढ़ोतरी बढ़कर 6.2 फीसदी होने की उम्मीद है, जबकि भारत में अनुमानित बढ़ोतरी मजबूत है. बैंक ने आगे कहा कि भारत में अप्रैल 2025 से शुरू होने वाले दो वित्तीय वर्षों के लिए बढ़ोतरी 6.7 फीसदी प्रति वर्ष पर स्थिर रहने का अनुमान है। विश्व बैंक ने अपनी प्रमुख वैश्विक आर्थिक संभावना रिपोर्ट में कहा कि सेवा क्षेत्र में निरंतर विस्तार होने की उम्मीद है, तथा विनिर्माण गतिविधि में मजबूती आने की उम्मीद है, जिसे लॉजिस्टिक्स अवसंरचना को बढ़ाने तथा कर सुधारों के माध्यम से कारोबारी माहौल में सुधार

लाने की सरकारी पहलों से समर्थन मिलेगा. वैश्विक अर्थव्यवस्था में 2025 और 2026 में 2.7 फीसदी की वृद्धि होने का अनुमान है, जो 2024 के समान ही है, क्योंकि महंगाई और ब्याज दरें धीरे-धीरे कम हो रही हैं. विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में भी अगले दो वर्षों में लगभग 4 फीसदी की वृद्धि स्थिर रहने की उम्मीद है।

ट्रंप ने चीन में बनी चीजों पर टैरिफ बढ़ाया तो भारत पर क्या असर पड़ेगा?

नई दिल्ली। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति की ओर से चीनी वस्तुओं पर प्रस्तावित भारी टैरिफ अमल में आने से चीन की अर्थव्यवस्था में मंदी आ सकती है। अगर ऐसा होता है तो इससे ड्रैगन भारत सहित अन्य एशियाई बाजारों में अपने निर्यात का रुख आक्रामक करेगा। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ओर से व्यापार प्रतिबंधों के कारण भारत सहित अन्य एशियाई बाजारों में चीन अपने निर्यात को और आक्रामक कर सकता है। क्रिसिल ने अपनी एक रिपोर्ट में यह दावा किया है। क्रिसिल के अनुसार, क्षेत्रीय और वैश्विक दोनों बाजारों में भारतीय निर्यातकों के लिए प्रतिस्पर्धा कड़ी हो सकती है। इससे भारत के निर्यात को बढ़ाने की

संभावनाओं पर असर पड़ सकता है। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति की ओर से चीनी वस्तुओं पर प्रस्तावित भारी टैरिफ अमल में आने से चीन की अर्थव्यवस्था में मंदी आ सकती है। अगर ऐसा होता है तो इससे ड्रैगन भारत सहित अन्य एशियाई बाजारों में अपने निर्यात का रुख आक्रामक करेगा।÷ अमेरिका और चीन के बीच का व्यापारिक तनाव वैश्विक व्यापार के लिए भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं का जोखिम पैदा करती रहती हैं। इस बीच, चालू वित्तीय वर्ष में भारत का व्यापार घाटा बढ़ गया है क्योंकि आयात लगातार निर्यात से आगे निकल रहा है। रिपोर्ट के अनुसार, चालू वित्त वर्ष के दौरान भारत का निर्यात प्रदर्शन अस्थिर रहा है। पहली तिमाही में जहां व्यापारिक निर्यात में स्थिर वृद्धि देखी गई, वहीं दूसरी तिमाही में इसमें गिरावट आई। अक्तूबर 2024 में थोड़ी रिकवरी हुई, लेकिन नवंबर और दिसंबर में निर्यात में फिर गिरावट आई। दिसंबर 2024 में, भारत का व्यापारिक निर्यात 4.8 प्रतिशत की गिरावट के बाद साल-दर-साल आधार पर 1 प्रतिशत घटकर 38.01 अरब डॉलर रह गया। यह गिरावट रत्न और आभूषण निर्यात (-26.5 प्रतिशत) और तेल निर्यात (-28.6 प्रतिशत) में महत्वपूर्ण कमी के कारण आई। हालांकि, कोर क्षेत्र में निर्यात का आंकड़ा 8.3 प्रतिशत बढ़ने से गिरावट को पाटने में मदद मिली। हालांकि इसमें भी नवंबर के 11.8 प्रतिशत से कम की वृद्धि दिखी। कोर सेक्टर के प्रमुख क्षेत्रों रेडीमेड गारमेंट्स, अयस्क और खनिज, हस्तशिल्प और कॉफी के निर्यात में मजबूत वृद्धि दिखी। क्रिसिल ने भारत के निर्यात से जुड़ा सकारात्मक पक्ष बताते हुए कहा कि भारत के सेवा व्यापार में अधिशेष और धन प्रेषण के मजबूत प्रवाह से थोड़ी राहत मिली है। उम्मीद है कि देश का चालू खाता सुरक्षित क्षेत्र में रहेगा।

स्वीयाटेक तीसरे राउंड में, राडुकानू से भिड़ेंगी

मेलबर्न। इगा स्वीयाटेक ने गुरुवार को स्लोवाकिया की रेबेका स्रामकोवा को 6-0, 6-2 से हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन के तीसरे दौर में प्रवेश किया। अपेक्षाकृत हल्की और हवादार परिस्थितियों में, स्वीयाटेक ने 16 विनर्स लगाए और 14 अनफोर्स्ड एरर किए और उन्हें ब्रेक पॉइंट का सामना नहीं करना पड़ा। उन्होंने कोर्ट पर दबदबा बनाया और 26 रैलियों में से 20 में जीत हासिल की, जो पांच शॉट या उससे अधिक समय तक चलीं।

स्वीयाटेक ने कहा, मैंने आज वास्तव में ठोस महसूस किया। यह वास्तव में एक कुशल खेल था। मुझे खुशी है कि मैंने अपना ध्यान बनाए रखा क्योंकि कभी-कभी आपको लगता है कि यह थोड़ा आसान लगता है और यह बाद में समस्या पैदा कर सकता है क्योंकि आपका ध्यान भटक सकता है, लेकिन मुझे खुशी है कि मैंने अपना ध्यान बनाए रखा और मैं ठोस थी।

स्वीयाटेक ने अब ग्रैंड स्लैम में पहले दो राउंड में अपने पिछले 40 मैच जीते हैं। स्रामकोवा के खिलाफ उनका पहला सेट 2020 की शुरुआत से ग्रैंड स्लैम में उनका 24वां 6-0 सेट है। डब्ल्यूटीए के आंकड़ों के अनुसार, आर्यना सबालेंका नौ सेट के साथ इस अवधि में अगली सर्वश्रेष्ठ हैं।तीसरे दौर में स्वीयाटेक 2021 यूएस ओपन चैंपियन एम्मा राडुकानू से भिड़ेंगी। राडुकानू अमांडा अनिसिमोवा के खिलाफ दूसरे दौर में एक कठिन ड्रॉ से गुज़रीं, दोनों सेटों में ब्रेक डाउन से वापस आकर 6-3, 7-5 से जीत दर्ज की और पहली बार मेलबर्न पार्क में तीसरे दौर में जगह बनाई।स्वीयाटेक 61वें नंबर की राडुकानू के खिलाफ़ अपराजित हैं, उन्होंने बिना कोई सेट गंवाए पिछले तीनों मुकाबलों में जीत हासिल की है। उनका आखिरी मुकाबला पिछले साल स्टटगार्ट में क्ले पर हुआ था। क्वार्टर फ़ाइनल में स्वीयाटेक ने 7-6(2), 6-3 से जीत हासिल की।स्वीयाटेक ने तीसरे राउंड तक पहुंचने के दौरान एक भी सेट नहीं गंवाया है, और मेलबर्न के बाद सबालेंका से डब्ल्यूटीए रैंकिंग नंबर 1 को फिर से हासिल करने की उनकी कोशिश पर उनकी प्रगति का महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है।मेलबर्न पार्क से शीर्ष स्थान के साथ जाने का मौका तीन खिलाड़ियों के पास था- सबालेंका, स्वीयाटेक और नंबर 3 कोको गॉफ। तीसरे राउंड में जगह बनाकर स्वीयाटेक ने गॉफ के नंबर 1 पर रहने के अवसरों को समाप्त कर दिया है और सबालेंका के लिए गणना बदल दी है, जिन्हें अब शीर्ष स्थान पर बने रहने के लिए सेमीफाइनल में जगह बनानी होगी।

महान कप्तान हैं रोहित शर्मा, आकाश दीप ने हिटमैन को लेकर दिया दिल जीतने वाला बयान

नईदिल्ली। महान कप्तान हैं रोहित शर्मा, आकाश दीप ने हिटमैन को लेकर दिया दिल जीतने वाला बयान नईदिल्ली, 16 जनवरी। रोहित शर्मा एक बेहतरीन कप्तान हैं और उनकी कप्तानी में टीम इंडिया ने टी-20 वर्ल्ड कप 2024 की ट्रॉफी उठाई और अब चैंपियंस ट्रॉफी में भी टीम की कमान संभालने वाले हैं. इस बीच उनके साथ खेलने वाले एक खिलाड़ी ने रोहित की कप्तानी की जमकर तारीफ की है. उसका कहना है की रोहित एक महान कप्तान हैं.

टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा अपकमिंग चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में कमान संभालने को तैयार हैं. भले ही अब तक टीम का ऐलान ना हुआ हो, लेकिन तय ही माना जा रहा है की हिटमैन ही अपकमिंग सीरीज में टीम इंडिया की कमान संभालेंगे. अब टेस्ट टीम का हिस्सा आकाशदीप ने रोहित शर्मा को लेकर एक बयान दिया है, जो इस वक्त क्रिकेट के गलियारों में काफी चर्चा में है. उन्होंने

हिटमैन को महानतम कप्तान करार दिया है.भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार तेज गेंदबाज आकाश दीप ने कहा, रोहित भाई महानतम कप्तान हैं. मैं रोहित भाई की कप्तानी में खेलने के लिए बहुत लकी समझता हूं. वह चीजों को बहुत ईजी रखते हैं और खिलाड़ियों की बहुत मदद करते हैं. रोहित शर्मा इस वक्त खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं. ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उन्होंने 3 मैच खेले, जिसमें वह सिर्फ 30 रन ही बना पाए. इसके बाद बीसीसीआई ने रोहित को घरेलू क्रिकेट खेलकर फॉर्म हासिल करने की सलाह दी और उन्होंने उस सलाह को मान लिया. 23 जनवरी से शुरू होने वाली रणजी ट्रॉफी में रोहित मुंबई की ओर से खेलते नजर आने वाले हैं. उन्होंने हाल ही में वानखेड़े स्टेडियम में प्रैक्टिस मैच भी खेला. हालांकि वहां भी उनका बल्ला खामोश रहा और वह सिर्फ 16 रन बनाकर ही आउट हो गए। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले भारतीय टीम को इंग्लैंड के साथ टी-20 सीरीज के बाद 3 मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है. इस सीरीज में टीम इंडिया की कमान रोहित शर्मा संभालते हुए नजर आ सकते हैं. हालांकि, अब तक स्क्वाड का ऐलान नहीं हुआ है।

गगनई जलाशय में नौकायन का भरपूर आनंद ले सकते हैं पर्यटक

गौरेला पेंड्रा मरवाही/नवप्रदेश। नवगठित जीपीएम जिला प्राकृतिक मनोरम दृश्यों से भरा-पूरा जिला है। ऐतिहासिक, धार्मिक एवं प्राकृतिक पर्यटन स्थलों से विद्यमान जिले में प्रकृति की गोद में स्थित गगनई जलाशय में पर्यटक नौकायन का भरपूर आनंद ले सकते हैं। जिला मुख्यालय गौरेला से लगभग 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित गंगनई जलाशय (नेचर कैंप) प्रकृति प्रेमियों के लिए खास जगहों में से एक है। यहां पर्यटकों के ठहरने और खाने-पीने के साथ ही मनोरंजन के लिए नौका विहार की सुविधा उपलब्ध है।

स्थानीय लोगों के साथ ही बड़ी संख्या में पर्यटक अपने परिवार के साथ पिकनिक मनाने यहां पहुंचते हैं। यहाँ स्थित सन्सेट पॉइंट से झील में डूबते सूरज और चारों ओर पहाड़ों का सुंदर दृश्य यहां आने वाले पर्यटकों का मन मोह लेता है। सूरज की लालिमा झील के पानी पर पड़ती है तो दृश्य देखते ही बनता है और एक अलौकिक आनंद मिलता है। यहाँ बने झील में बोटिंग की सुविधा है। साथ ही वन विभाग द्वारा बनाए गए सर्व सुविधायुक्त कमरे भी हैं, जहां पर्यटक परिवार के साथ ठहर सकते हैं। खाने-पीने के लिए कैंटिन सुविधा भी उपलब्ध है।

जिला प्रशासन द्वारा गठित स्थानीय पर्यटन समिति द्वारा यहां नाइट कैम्पिंग, ट्रेकिंग, पक्षीदर्शन जैसी अनेक मनोरंजक गतिविधियां संचालित की जाती है। गगनई नेचर कैंप भालूओं के रहवास वाले जंगल के पास बना है। यहाँ पर वन विभाग द्वारा पर्यावरण चेतना केंद्र स्थापित किया गया है, जो भालुओं के संरक्षण के लिए जागरूकता फैलाने का काम करता है। यहाँ आते-जाते भालू के दर्शन भी हो जाते हैं। यहाँ पर स्थित सेल्फ़ी पॉइंट स्थानीय लोगों के बीच बहुत प्रसिद्ध है। यहाँ पर स्कूल-कॉलेज के बच्चों के लिए दिन भर के लिए नवाचार कैम्प भी विशेष मांग पर आयोजित किए जाते हैं।

न्यूज़ गैलरी

तैयारी में जुटे समिति के सदस्य

उतई/नवप्रदेश। नगर उतई के दशहरा मैदान में जय माँ बंजारी जस गायन व झांकी मंडली द्वारा आयोजित भव्य दो दिवसीय लोक कला महोत्सव का आयोजन 18 व 19 जनवरी को सुबह 11 बजे से शुभारंभ होगी।समिति के अध्यक्ष द्वारिका साहू और भूपेंद्र गुरूपरख ने बताया इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में झांकी फाग रामधुनी सुआ नृत्य और राउत नाचा महोत्सव होगा।जिसमें प्रतेयक मंडलियों को नगद राशि व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया जायेगा।जिसकी तैयारी में समिति के अश्वनी यादव दानी राम साहू उमाशंकर कोसरिया थानसिंग गुरूपरख डिकेश साहू द्रोण साहू भानुप्रताप रिगरी रमेश साहू उमेश गुरूपरख लोकेश साहू कुलेश्वर साहू सहित आयोजक समिति तैयारी में जुटे हुए है।

चुनावी माहौल का चढने लगा रंग, भाजपा-कांग्रेस के नेता सक्रिय

टेड़ेसरा /नवप्रदेश। राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के ग्राम टेड़ेसरा क्षेत्र अंतर्गत भाजपा एवं कांग्रेस के दावेदार सक्रिय इसी प्रकार बघेरा क्षेत्र क्रमांक 12 कांग्रेस के युवा नेता मोहनिश धनकर के द्वारा दूसरी बार मैदान में अपनी जोर

आजमाइश के लिए रणनीति तैयार करने उतर रहे हैं। क्षेत्र में कांग्रेस से अपनी प्रबल दावेदारी नजर आ रहे हैं। पूर्व में भी बघेरा क्षेत्र से अच्छी-खासी मतदान से जीत हासिल कर चुके हैं। धनकर अपनी कुशल अनुभव एवं स्वभाव के चलते क्षेत्र में अपना अलग ही पहचान हुए हैं । और तो और अपने क्षेत्र में भी अच्छी-खासी गांव में लाखों के कार्य कर चुके हैं। जिनका इन्हें पूरा-पूरा जनता का सहयोग मिल सकता है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत अंजोरा के अंतर्गत क्षेत्र क्रमांक 24 से कांग्रेस के शैलेष साहू जनपद में अपना पहली बार अपनी दावेदारी आजमा रहे हैं। ग्राम पंचायत अंजोरा में भी लगातार दुसरी बार सरपंच रह चुके हैं। जिसका पूरा-पूरा फायदा इनको जनपद चुनाव में मिल सकता है। जिसके चलते अपनी जनपद की दावेदारी कर रहे हैं। शैलेष साहू लगातार जनता से रूबरू हो रहे हैं।

आरक्षक अनिल रत्नाकर आत्महत्या मामला- पुलिस भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी करने का लगा आरोप

राजनांदगांव /नवप्रदेश। लालबाग राजनांदगांव के मर्ग क्र.-117/2024 धारा 194 बीएनएसएस की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को देखते हुए मर्ग की समुचित जांच हेतु देवचरण पटेल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी के नेतृत्व में 04 सदस्यीय विशेष जांच टीम का गठन 22 दिसंबर 2024 को किया गया था। विशेष जांच टीम द्वारा अंतरिम जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत किया

गया है। विशेष जांच टीम द्वारा जांच के दौरान 42 गवाहों का कथनों, तकनीकी साक्ष्यों, सीसीटीवी फुटेज, सीडीआर, बैंक स्टेटमेंट का विस्तृत विश्लेषण किया गया है। अंतरिम जांच में मृतक आरक्षक अनिल रत्नाकर की मृत्यु फांसी लगाकर आत्महत्या करना प्रतीत होना पाया गया है। अंतरिम जांच पर यह भी पाया गया है कि मृतक अनिल रत्नाकर द्वारा आरक्षक भर्ती प्रक्रिया में आने वाले अभ्यार्थियों से अन्य लोगों के साथ मिलकर रूपयों के बदले अभ्यार्थियों के नंबर में हेर-फेर किया गया है।अब तक की जांच में उपलब्ध तकनीकी साक्ष्य, सीसीटीवी फूटेज, सीडीआर, बैंक स्टेटमेंट, गवाहों के कथनों से किसी भी वरिष्ठ अधिकारी का भर्ती प्रक्रिया की गड़बड़ी में शामिल होने के साक्ष्य नहीं पाया गया हैं।मृतक की फोन डेटा रिकवरी के संबंध में तकनीकी रिपोर्ट, मृतक के बांये हाथ के गदेली में लिखे नोट के संबंध में हस्तलिपि विशेषज्ञ का रिपोर्ट एवं मृतक का विसरा परीक्षण रिपोर्ट अप्राप्त है। उक्त परीक्षण रिपोर्ट के प्राप्ति उपरांत अंतिम प्रतिवेदन दिया जाना संभव होगा, लेख किया गया है।

धमतरी जिले की जीआईएस-आधारित जल संरक्षण योजना क़ो मिलेगा प्रधानमंत्री पुरस्कार

धमतरी/नवप्रदेश। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मार्गदर्शन में जिले में पिछले वर्षो के दौरान विभिन्न विभागों, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, वन , सिचाई, क़ृषि, पी एच ई, उद्योग, शहरी विकास सहित ग्राउंड वाटर बोर्ड, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी, जिले के एनजीओ, प्रदान, खोज, प्रथम और चेम्बर ऑफ़ कॉमर्स, मिलर्स एसोसिएशन, जैन सनंगठना, साथीसहित अन्य सहयोगी संस्थाओ और जिले वासियों द्वारा जल संरक्षण हेतु किये जा रहे कार्यों की सराहना अब राष्ट्र स्तर पर होने लगी है।

अवैध शराब का कारोबार किसका संरक्षण तस्करों और अफसरों को किसका आशीर्वाद?

■ आबकारी विभाग ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह की चेतावनी को भी किया दरकिनार ?

रमेश निवल बालु

राजनांदगांव/नवप्रदेश। एक तरफ पूर्ववर्ती सरकार के द्वारा दिए गए शराब घोटाले की जांच वर्तमान सरकार द्वारा की जा रही है एवं लोगों को पूछताछ कर गिरफ्तार किया जा रहा है वहीं दूसरी ओर शराब के खिलाफ लड़ाई लड़ कर सत्ता हासिल करने वाली भाजपा की सरकार में आते ही गली-गली मोहल्ले-मोहल्ले शराब तस्करी करवाने का एक सूत्रीय कार्यक्रम शुरू हो गया।

भाजपा जब विपक्ष में थी तो उस वक्त कांग्रेस की सरकार को शराब के मुद्दे को लेकर घेरने में कोई कोताही नहीं करती थी और कांग्रेस पर आरोप लगाती थी कि वह गली-गली मोहल्ले-मोहल्ले अवैध शराब बिकवा रही है कांग्रेस की सरकार को कोसने के बाद भाजपा की सरकार जब से आई है तब से पूरे प्रदेश के अलावा राजनांदगांव जिले की हालत बद से बदत्तर हो गई है सत्ता पक्ष ने तो धर्मनगरी डोंगरगढ़ को भी नहीं बख्शा । अभी हालत यह है कि हर गली मोहल्ले कूचे में होटल, ढाबा, पान ठेलों, कबाड़ की आड़ में आसानी से आपको आपकी पसंदीदा शराब उपलब्ध हो जाएगी । यही हालत नेशनल हाईवे में पड़ने वाले समस्त ढाबों में देखा जा सकता है । खुलेआम बड़ी आसानी से शराब की बिक्री हो रही है । पूरे जिले के हर गांव हर गली हर मोहल्ले में शराब कोचिए सक्रिय हो गए हैं ।

कुछ पदाधिकारी अवैध शराब कारोबार में संलिप्त : आगामी कुछ दिनों बाद निगम चुनाव जिला पंचायत चुनाव होने हैं, क्या भाजपा के पदाधिकारी या भाजपा के प्रत्याशी अवैध शराब के खिलाफ आंदोलन शुरू करके लोगों से वोट मांगेंगे । भाजपा के कुछ पदाधिकारी के द्वारा अवैध शराब कारोबार संलिप्त होने से पार्टी के साथ आगामी निकाय चुनाव में खड़े होने वाले महापौर-पार्षद प्रत्याशियों को नुकसान का सामना करना पड़ सकता है।

त्रिदेव की शक्तियों के बाद भी दारूदानव हावी

राजनांदगांव जिले के सांसद संतोष पांडे राजनांदगांव के विधायक एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह एवं राजनांदगांव जिले के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा तीनों कवर्धा से ही आते हैं । तालमेल में किसी प्रकार की कोई कमी नही, फिर भी अवैध शराब की तस्करी पर रोक नहीं लग पा रहे हैं एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के द्वारा दी गई चेतावनी को भी आबकारी विभाग ने पूरी तरह नजरअंदाज किया और उनके आदेश के पालन की अवहेलना की जा रही है।

कांग्रेस के नक्शे कदम पर भाजपा

जानकारी के अनुसार दूसरे राज्य की भी शराब आसानी से राजनांदगांव जिले में मिल रही है दूसरे राज्य की शराब के साथ-साथ आबकारी विभाग के कुछ चुनिंदा लोग यहां लोगों को आसानी से शराब उपलब्ध करा देते हैं, हां आसानी से शराब उपलब्ध करवाने की एवज में उनका कमीशन फिक्स रहता है । यहां सबसे आश्चर्य और अचरज की बात यह है कि जो प्रथा कांग्रेस ने सरकार में आते ही शुरू की थी इस प्रथा को अब भाजपा सरकार में आते ही आगे बढ़ा रही है और देख कर तो यही प्रतीत होता है कि आबकारी अधिकारियों की निगरानी एवं देखरेख में ही यह सब चल रहा है । धर्मनगर डोंगरगढ़ में जहां शराब पूर्ण रूप से प्रतिबंध है वहां सबसे ज्यादा अवैध शराब का कारोबार बदस्तूर जारी है।

कारोबार का जिम्मा भाजपा से जुड़े लोगों ने संभाला ?

पैसा सबको प्यारा होता है, उस पैसे को कमाने के लिए फिर चाहे नारा कोई भी हो।अवैध शराब की कमाई मैं सत्ता पक्ष के लोग अपने आदमियों को काम में लगा रहे हैं फिट कर रहे हैं सूत्र से यह जानकारी मिल रही है कि भाजपा के कुछ लोग इस काम में पूरी सिदत से जुड़ गए हैं भाजपा के नेता तो शराब के इस अवैध काम के क्षेत्र का बटवारा कर रहे हैं पूरे जिले में चर्चा आम हो गई है कि आखिर इन अवैध शराब कारोबार करने वालों को भाजपा के किसी बड़े-बड़े नेताओं का संरक्षण प्राप्त है । इस अवैध कारोबार में पैसा तो बहुत है किंतु इस पैसे के चक्कर में पार्टी का हश्र बुरा ना हो जाए।

आबकारी विभाग मूकदर्शक

पूरे जिले में जितने भी थाने मौजूद हैं रोजाना उन सभी थानों में पुलिस वाले रोज अवैध शराब का जखीरा पकड़ रहे हैं और आबकारी विभाग मूकदर्शक बन पुलिस विभाग द्वारा पकड़ी गई शराब की खबर सुनकर तिलमिला उठती है

भावना बोहरा ने छात्राओं को दी बड़ी सौगात

■ 8 मार्च से शुरू होगी 4 अतिरिक्त निशुल्क बस सेवा

■ निःशुल्क कोचिंग का शुभारंभ

कवर्धा /नवप्रदेश। बेटियों और युवाओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा लगातार सार्थक प्रयास किये जा रहें हैं। बेहतर शिक्षा के साथ ही उनकी सुविधाओं के लिए भावना बोहरा द्वारा पंडरिया विधानसभा में विगत वर्षों में कई प्रयास किये गए हैं जिनसे सैकड़ों छात्र-छात्राओं व उनके परिजनों को इसका लाभ मिल रहा है। इसी क्रम में भावना बोहरा द्वारा16 जनवरी को पंडरिया में पहले लक्ष्य निशुल्क कोचिंग सेंटर का शुभारम्भ किया गया जहाँ पंडरिया विधानसभा के युवाओं को आईआईटी, जीईई, नीट एवं सीजीपीएससी जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की अनुभवी शिक्षकों द्वारा निशुल्क कोचिंग का लाभ मिलेगा । इससे क्षेत्र के प्रतिभावान युवाओं को एक बेहतर स्थान मिलेगा जहाँ सुविधाओं तथा संसाधनों के आभाव में जो युवा इन प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग करने में असमर्थ थे अब उन्हें उनके घर के नजदीक ही निशुल्क कोचिंग मिलेगी जिससे उन्हें अपने सपनों को पूरा करने के लिए एक बेहतर मंच व उनके परिवारजनों को आर्थिक संबल मिलेगा ।

इस अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने पंडरिया विधानसभा की बेटियों की शिक्षा, सुविधा और उनके सुरक्षित आवागमन की सुविधा के लिए बड़ी घोषणा की है। भावना बोहरा ने पंडरिया विधानसभा की महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं को घर से महाविद्यालय एवं महाविद्यालय से घर आने-जाने के लिए 4 अतिरिक्त निशुल्क बस सेवा संचालन करने की सौगात दी है। इस निःशुल्क बस सुविधा का लाभ लेने के लिए फ़रवरी 2025 से पंजीयन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी और 8 मार्च 2025 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इन चारों बसों का शुभारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया की प्रथम चरण में इन चार बसों का संचालन पंडरिया, पांडातराई एवं इंदौरी के आसपास में रहने वाली छात्राओं को महाविद्यालय आने-जाने हेतु सुगम आवागमन की सुविधा का लाभ मिलेगा। इन बसों का संचालन प्रमुखता विधानसभा के उन क्षेत्रों में किया जाएगा जहाँ सार्वजानिक परिवहन सुविधा का आभाव है ताकि वहां निवासरत छात्राएं निर्बाध रूप से अपनी आगे की पढ़ाई जारी रख सकें।

ग्रीन स्कूल के छात्रों ने तैयार किया किचन गार्डन

कुरूद/नवप्रदेश। केंद्रीय विद्यालय कुरुद में ग्रीन स्कूल प्रोग्राम के अंतर्गत छात्रों ने विद्यालय परिसर में किचन गार्डन तैयार किया। इस गार्डन में उगाई गई सब्जियों और पौधों को छात्रों ने न केवल विद्यालय में प्रस्तुत किया, बल्कि उनकी वैज्ञानिक जानकारी भी साझा की।

विद्यालय के छात्रों ने इन उत्पादों को बिक्री के लिए प्रस्तुत किया, जिसे शिक्षकों, अभिभावकों और छात्रों ने उत्साहपूर्वक खरीदा। इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों ने न केवल जैविक खेती के महत्व को समझा, बल्कि स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का भी संदेश दिया।

छात्रों ने इन पौधों और सब्जियों के 'वैज्ञानिक नामों, उनके उपयोग और पोषण संबंधी लाभों के बारे में जानकारी देकर जागरूकता बढ़ाई। यह गतिविधि बच्चों में आत्मनिर्भरता, रचनात्मकता और प्रकृति के प्रति प्रेम को प्रोत्साहित करने का एक उत्कृष्ट प्रयास था।

इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्या ग्लोरिया मिंज ने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा, ग्रीन स्कूल प्रोग्राम के अंतर्गत किचन गार्डन तैयार करना न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि इससे छात्रों में रचनात्मकता और आत्मनिर्भरता की भावना भी विकसित होती है।

व्यक्ति की आत्मा को ध्यान एकाग्र करने का मार्ग दिखाता हैं : चंद्रकला साहेब

■ सत्पथ पर अग्रसर होने में भरपूर सहायता मिलती है : रंजना साहू

धमतरी/नवप्रदेश। ग्राम बिरेतरा में चंद्रकला साहेब जी के मुखार विन्द से कबीर साहेब के सत्संग श्रवण का सौभाग्य लेने भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू पहुंची। इस अवसर में सर्वप्रथम साध्वी जी का सम्मान कर आशीर्वाद लिए। चंद्रकला साहेब जी ने सत्संग में कहा कि कबीर के अनुसार, गुरु का महत्व जीवन में अत्यधिक है, क्योंकि व्यक्ति की आत्मा को उजागर करके उसे ध्यान में एकाग्र करने का मार्ग दिखाते हैं। गुरु के प्रेरणास्त्रोत से व्यक्ति मानसिक और आध्यात्मिक विकास की दिशा में आगे बढ़ सकता है। पूर्व विधायक रंजना डीपेंद्र साहू ने ग्रामवासियों को धर्म के प्रचार प्रसार के लिए लगातार किये जा रहे धार्मिक आयोजन के किये बधाई देते हुए कहा कि संत कबीर साहेब जी ने सभी धर्मों का आदर करते हुए सर्वोच्च ईश्वर में विश्वास रखते थे।

मिलन समारोह... *जिला प्रेस क्लब की पहल सराहनीयः कलेक्टर चंद्रवाल*

प्रशासन और पत्रकारों के बीच सार्थक संवाद

बालोद/नवप्रदेश। जिला प्रेस क्लब द्वारा 2025 का नव वर्ष मिलन समारोह बड़े उत्साह और गीत संगीत के साथ अन्नपूर्णा पैलेस में आयोजित किया गया। यह आयोजन पत्रकारिता के प्रति समर्पण, सत्य और जनहित को समर्पित रहा। बड़ी संख्या में पत्रकारों की उपस्थिति इस कार्यक्रम की सफलता का प्रमाण बनी। नव वर्ष मिलन समारोह का शुभारंभ से पहले जिला प्रेस क्लब की बैठक हुई जिसमें बीजापुर के पत्रकार साथी मुकेश चंद्रकार को भावभीनी श्रद्धांजली दी गई । बैठक में पत्रकार सुरक्षा कानून और अन्य कार्य योजना की विस्तृत चर्चा किया गया।उसके बाद नव वर्ष मिलन समारोह गीत संगीत के अलावा दल्लीराजहरा से आए कलाकार श्रीनिवास राव, प्रकाश साहू,रुकया बेगम ने राजकीय गीत अरपा पैरी के धार और सत्यम शिवम सुंदरम की गीत के साथ शुभारंभ किया।इस अवसर पर जिला प्रेस क्लब द्वारा जिले के प्रशासनिक अधिकारियों को स्मृति चिन्ह देकर आभार व्यक्त किया जाए ।इसके साथ ही जिला प्रशासन द्वारा भी जिला प्रेस क्लब के पत्रकारों को भी सम्मान देकर सम्मानित किया गया। कलेक्टर इंद्रजीत चंद्रवाल ने इस अवसर पर कहा कि जिला प्रशासन

और जिला प्रेस क्लब का इससे अच्छा संबंध नहीं हो सकता है की आप लोग बिना माइक और कैमरे के अच्छे लग रहे है। वही कलेक्टर ने मजाकिया लहजे में कहा कि जब भी ऑफिस में बैठा रहता हूं तो आप लोग माइक और कैमरा लेकर आते है तो मेरी हालत वैसी हो जाती है जब कोई विद्यार्थी क्लास में आता है तो टीचर बोलते है कहा थे तो उसकी हवाइयां उड़ जाती है वैसी ही हालत आप लोग कैमरे लेकर आते है हो जाती है। आप लोगो से कुछ सीखने का मौका मिलता है। वही इस दौरान कलेक्टर ने जिला प्रेस क्लब के ऐसे आयोजन की तारीफ करते हुए कहा की पहली बार ऐसा देखने को मिला कि पत्रकारों ने जिला प्रशासन को डिनर पर बुलाया है अब चुनाव के बाद सभी लोग फिर से जिले के अभी पत्रकारों के साथ बैठेंगे और अगला आयोजन प्रशासन की ओर से होगा।

सरगुजिया गीत गाकर एसपी ने खूब बटोरे ताली

समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक एस आर भगत का एक अलग अंदाज देखने को मिला अमूमन सार्वजनिक जगहों पर बहुत कम बोलने तथा अपने सहजता और सरलता का पर्याय बन चुके बालोद एसपी एस आर भगत ने सरगुजा भाषा में गीत प्रस्तुत किया जिसका न केवल अधिकारियो ने बल्कि इस कार्यक्रम में बैठे सभी पत्रकारों ने जमकर सराहना किया।एसपी भगत ने कहा कि पत्रकार और प्रशासन के बीच में अच्छा संबंध होना चाहिए।वही एसपी भगत ने कहा उनका सर्विस काल के 27 साल के बाद मीडिया वाले के साथ इस तरह बैठने का मौका मिला है और जिला प्रेस के द्वारा किए गए इस पहल से एक अच्छा माहौल देखने को मिला है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654